
किसी भी तरह के
विज्ञापन एवं समाचार
के लिए संपर्क करें मो0:
9891706853



दैनिक
राष्ट्रीय संस्करण
RNI: UPHIN/2021/84200

# समाज जागरण

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्ष: 4 अंक: 85 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) शनिवार 03 जनवरी 2026 http://samajjagran.in पृष्ठ - 12 मूल्य 05 रुपया


## भारतीय टीम करेगी बांग्लादेश का दौरा, खेली जाएंगी वनडे और टी20 सीरीज

भारतीय टीम साल 2026 में बांग्लादेश का दौरा करेगी। इसके अलावा, बांग्लादेश साल 2026 में तीनों फॉर्मेट में द्विपक्षीय सीरीज के लिए पाकिस्तान, न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रेलिया और वेस्टइंडीज की मेजबानी करेगा। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने शुक्रवार को इसकी पुष्टि की है।

भारत का बांग्लादेश दौरा असल में अगस्त 2025 में होना था, लेकिन देश में राजनैतिक अशांति के कारण इसे सितंबर 2026 तक स्थगित कर दिया गया। बीसीबी के नए कार्यक्रम के अनुसार, भारत 28 अगस्त को बांग्लादेश पहुंचेगा। दोनों देशों के बीच 1 सितंबर से वनडे सीरीज की शुरूआत होगी। इसके बाद 3 और 6 सितंबर को शेष दो मुकाबले खेले जाने हैं। दोनों टी20 सीरीज की शुरूआत 9 सितंबर से होगी। दूसरा मैच 12 सितंबर को होगा। इसके बाद 13 सितंबर को तीसरे मुकाबले का आयोजन होगा।

पाकिस्तान आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप साइकिल के हिस्से के तौर पर दो टेस्ट खेलने के लिए 4 मई को बांग्लादेश पहुंचेगा। पहला टेस्ट 8-12 मई तक खेला जाएगा, जबकि दूसरा मुकाबला 16-20 मई तक होगा। ऑस्ट्रेलिया का व्हाइट-बॉल टूर 5 जून को तीन वनडे मुकाबलों के साथ शुरू होगा, जिसके बाद 15-20 जून तक तीन मैचों की टी20 सीरीज खेली जाएगी।



*इससे पहले, पाकिस्तान 12-16 मार्च के बीच खेले जाने वाली तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए 9 मार्च को बांग्लादेश पहुंचेगा।*

*न्यूजीलैंड की टीम बांग्लादेश के दौरे पर 17 अप्रैल से तीन वनडे मुकाबलों की सीरीज खेलेगी।*

*इसके बाद दोनों देशों के बीच 27 अप्रैल से 2 मई के बीच इतने ही टी20 मैच खेले जाएंगे।*

भारत की मेजबानी करने के बाद, बांग्लादेशी टीम वेस्टइंडीज के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज खेलेगी। 22-24 अक्टूबर तक होने वाले तीन दिवसीय वार्म-अप मैच के बाद, पहला टेस्ट 28 अक्टूबर से 1 नवंबर तक होगा, जबकि दूसरा मुकाबला 5-9 नवंबर के बीच खेला जाना है। बीसीबी ने कहा कि श्रीलंका 'ए' टीम भी मई 2026 में मेजबान 'ए' टीम के खिलाफ बांग्लादेश का दौरा करेगी, जिसमें दो चार दिवसीय मैच और 50 ओवरों के मैच शामिल होंगे।

## प्रकृति के प्रति प्रेम को सुंदर रूप से दिखाता है अहमदाबाद फ्लावर शो: पीएम मोदी

समाज जागरण

पीएम मोदी ने शुक्रवार को अहमदाबाद फ्लावर शो की जमकर तारीफ की। पीएम ने कहा कि यह शहर की जीवंत भावना व प्रकृति के प्रति प्रेम को सुंदर रूप से दशार्ता है। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि अहमदाबाद फ्लावर शो रचनात्मकता, पर्यावरण संरक्षण और सामुदायिक भागीदारी को एक साथ लाता है और शहर की जीवंत भावना व प्रकृति के प्रति प्रेम को सुंदर रूप से दशार्ता है।

उन्होंने लिखा कि यह भी सराहनीय है कि यह फूलों की प्रदर्शनी हर साल अपने आकार और कल्पनाशीलता में बढ़ती जा रही है। प्रधानमंत्री मोदी ने यह प्रतिक्रिया गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल के इस एक्स पोस्ट पर दी, जिसमें उन्होंने फ्लावर शो से जुड़ी तस्वीरें साझा की थीं। इसके साथ ही उन्होंने कहा था कि गुजरात की खुशबू, पूरी दुनिया में।

अपने एक्स पोस्ट में भूपेंद्र पटेल ने लिखा कि अहमदाबाद म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन द्वारा




आयोजित 14वें फ्लावर शो में इस वर्ष दो गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड का सृजन होना हम सभी के लिए अत्यंत हर्ष और गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि विश्व का सबसे बड़ा फ्लावर मंडला और सरदार वल्लभभाई पटेल जी का विश्व का सबसे बड़ा फ्लावर पोर्ट्रेट– इन उपलब्धियों के साथ अहमदाबाद फ्लावर शो ने लगातार तीसरे वर्ष वर्ल्ड रिकॉर्ड की हैट्रिक दर्ज की है।

सीएम ने यह भी लिखा कि वर्ष 2024 में विश्व का सबसे लंबा फ्लावर स्ट्रक्चर तथा वर्ष 2025 में विश्व का सबसे बड़ा फ्लावर बुके बनाकर अहमदाबाद फ्लावर शो ने गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज कराया था। वर्ष 2026 में दो नए वर्ल्ड रिकॉर्ड के साथ यह आयोजन रचनात्मकता और उत्कृष्ट आयोजन क्षमता का अनुपम उदाहरण बना है।

सीएम ने इसे प्रधानमंत्री से मिली प्रेरणा बताते हुए कहा कि यह फ्लावर शो वर्ल्ड हेरिटेज सिटी अहमदाबाद को वैश्विक मंच पर विशिष्ट पहचान दिला रहा है। यह फ्लावर शो केवल पुष्पों का प्रदर्शन नहीं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक विरासत, राष्ट्रीय एकता और आधुनिक भारत की रचनात्मक शक्ति का भव्य उत्सव है।

## 'आतंकवाद और पानी एक साथ साझा नहीं हो सकता'



भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर तमिलनाडु के आईआईटी मद्रास में आयोजित फायरसाइड चैट कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल होने के लिए चेन्नई पहुंचे। कार्यक्रम में संबोधन के दौरान उन्होंने बांग्लादेश में उनके हालिया दौरे का जिक्र किया।

एस जयशंकर खालिदा जिया के अंतिम संस्कार में भारत की ओर से शामिल होने के लिए ढाका गए थे। इसे लेकर उन्होंने कहा कि अगर आपका कोई पड़ोसी आपके साथ अच्छा है और कोई नुकसान नहीं पहुंचा रहा है, तो आप उसके साथ संबंध आगे बढ़ाते हैं। वहीं, उन्होंने पाकिस्तान को लेकर भी बड़ा बयान दिया।

भारत की पड़ोस नीति के बारे में एस. जयशंकर ने कहा, "मैं दो दिन पहले बांग्लादेश में था। हमें कई तरह से बहुत सारे पड़ोसी मिले हैं। अगर आपका कोई पड़ोसी अच्छा है या नुकसान नहीं पहुंचा रहा है, तो आप स्वाभाविक रूप से उसके साथ संबंध बनाते हैं। भारत ऐसे पड़ोसी की मदद करता है, स्वाभाविक रूप से। हमारे ज्यादातर पड़ोसियों को वैक्सीन की पहली खेप भारत से मिली।"

बांग्लादेश में इस साल फरवरी में चुनाव होने वाला है। इसे लेकर विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा कि हम बांग्लादेश को उनके चुनाव में शुभकामनाएं देते हैं, और हम उम्मीद करते हैं कि एक बार चीजें ठीक हो जाने पर, अच्छे पड़ोसी का रिश्ता जारी रहेगा।

वहीं, उन्होंने यूक्रेन विवाद को लेकर कहा, "इस वजह से कई दिक्कतें थीं। हमने पड़ोसियों को खाने और दूसरी चीजों से मदद की। श्रीलंका में बहुत बड़ा आर्थिक संकट था, हमने चार बिलियन डॉलर की मदद की, अच्छे पड़ोसी यही करते हैं। श्रीलंका में एक तूफान आया, हम उसी दिन वहां पहुंचे और सभी बचाव कार्य किए।"

पाकिस्तान पर निशाना साधते हुए एस जयशंकर ने कहा, "हमें अपने लोगों को आतंकवादियों से बचाने का हक है। हम अपनी रक्षा के लिए जो कुछ भी कर सकते हैं, करते हैं। लेकिन अगर आपके यहां दशकों से आतंकवाद है, तो आपके पास अच्छा पड़ोसी नहीं हो सकता। आप ऐसे किसी व्यक्ति के साथ अच्छे पड़ोसी वाले संबंध नहीं रख सकते और पानी साझा नहीं कर सकते जो आतंकवाद जारी रखे हुए है।"

## आंबेडकर की फोटो जलाने वाले एडवोकेट अनिल मिश्रा को झटका, कोर्ट ने जमानत याचिका खारिज कर साथियों संग भेजा जेल

***ग्वालियर में डॉ. भीमराव आंबेडकर की तस्वीर जलाने के मामले में डवोकेट अनिल मिश्रा समेत 7 लोगों को कोर्ट ने जेल भेज दिया है. ग्वालियर पुलिस ने सभी को गुरुवार की देर रात गिरफ्तार किया था.***

समाज जागरण

ग्वालियर में डॉ. आंबेडकर का पोस्टर जलाने के मामले में ग्वालियर हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष अनिल मिश्रा और उनके तीन साथियों को कोर्ट से झटका लगा है. पुलिस ने सभी की जमानत याचिका खारिज कर जेल भेज दिया है. पुलिस ने पोस्टर जलाने के मामले में गुरुवार देर रात इस आंदोलन का नेतृत्व कर रहे अनिल मिश्रा को साथियों संग गिरफ्तार किया था.

क्राइम ब्रांच पुलिस ने शुक्रवार को कड़ी सुरक्षा के बीच अनिल मिश्रा



और अन्य आरोपियों को जिला न्यायालय में कोर्ट के समक्ष पेश किया. उधर, कोर्ट में पेश होने की सूचना मिलते ही सवर्ण समाज के बड़ी संख्या में लोग कोर्ट परिसर के बाहर जमा हो गए और जमकर नारेबाजी करते रहे. अनिल मिश्रा पर पर डॉ. भीमराव आंबेडकर के चित्र को जलाने, अपमानजनक नारे लगाने का और सामाजिक विद्वेष भड़काने का आरोप है.

### गिरफ्तारी पर स्वामी आनंद स्वरूप ने जताई नाराजगी

स्वामी आनंद स्वरूप ने ट्विटर के माध्यम से कहा कि मनुस्मृति जलाने और इस पर प्रतिक्रिया देने वालों पर की गई कार्रवाई न्यायपूर्ण नहीं है, बल्कि पक्षपाती है। उन्होंने सवाल उठाया कि ग्वालियर में हुई गिरफ्तारी यह दिखाती है कि कानून सबके लिए बराबर लागू है या नहीं।



स्वामी आनंद स्वरूप ने चेतावनी दी कि अगर इस घटना पर उचित कार्रवाई नहीं की गई, तो केवल प्रतिक्रिया करने वालों पर एकतरफा दमन स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह आवाज दबाई नहीं जाएगी और अन्याय के खिलाफ संघर्ष और तेज होगा।

### हाईकोर्ट की स्पेशल बेंच में जमानत याचिका पर होगी सुनवाई

अनिल मिश्रा के एडवोकेट पवन पाठक ने कहा कि अनिल मिश्रा और अन्य को शुक्रवार को जेएमएफसी मधुलिका खत्री कोर्ट में पेश किया गया, लेकिन एससी/एसटी एक्ट की सुनवाई का अधिकार नहीं होने से उन्होंने जमानत आवेदन को स्वीकार नहीं किया. अब हाइकोर्ट की ग्वालियर खंडपीठ में विशेष बेंच शनिवार को मामले में सुनवाई करेगी. अनिल मिश्रा के वकील ने उनके अस्वस्थ होने की बात कोर्ट के समक्ष रखी तो कोर्ट ने उनका मेडिकल परीक्षण कराने का आदेश देकर अस्पताल भेज दिया.

**पोस्टर जलाते हुए लगाए थे नारे**

बता दें, अनिल मिश्रा ने अपने साथियों के साथ गुरुवार को एसपी ऑफिस के सामने डॉ आंबेडकर का चित्र जलाते हुए नारे लगाए थे. इसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल किया गया था. इसके बाद दलित समाज भड़क गया था और रात से ही लोग इनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग करते हुए धरना देकर बैठे हुए हैं.

**दलित संगठनों की रासुका लगाने की मांग**

पुलिस ने देर रात अनिल मिश्रा सहित सात लोगों के खिलाफ साइबर सेल थाने में एफआईआर दर्ज भी कर ली थी और पुलिस ने इस मामले में अनिल मिश्रा सहित चार आरोपियों को गिरफ्तार भी कर लिया था, लेकिन दलित संगठनों का धरना प्रदर्शन जारी है. वे अनिल मिश्रा और उनके सहयोगियों पर रासुका लगाने की मांग कर रहे हैं.

### RSP कार्यकताओं ने अधिवक्ता अनिल मिश्रा की गिरफ्तारी पर जताया विरोध

RSP के प्रदेश प्रमुख पंकज धवरैया ने ट्विटर



के माध्यम से सूचना दी कि अधिवक्ता अनिल मिश्रा को गिरफ्तार किया गया है। धवरैया ने चेतावनी दी है कि यदि अनिल मिश्रा को तुरंत पुलिस द्वारा रिहा नहीं किया गया, तो आंदोलन और तेज किया जाएगा।

उन्होंने सभी RSP कार्यकताओं से अपील की है कि वे छावनी में पहुंचकर अनिल मिश्रा को अकेला महसूस न होने दें। ट्वीट में उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री मोहन यादव सवर्ण विरोधी और ब्राह्मण विरोधी नीतियों के चलते अपनी छवि स्पष्ट कर रहे हैं।

धवरैया ने यह भी लिखा कि ब्राह्मणों की बेटियों को मांगना जाता है, लेकिन पुलिस कोई कार्रवाई नहीं करती। धर्म ग्रंथ जलाए और फाड़े जाते हैं, फिर भी कोई कार्रवाई नहीं होती। उन्होंने इसे दोहरे चरित्र का उदाहरण बताया।

RSP कार्यकताओं ने कहा कि वे सवर्ण विरोधी नीतियों के खिलाफ भाजपा को आईना जरूर दिखाएंगे। पोस्ट में धार्मिक नारे भी साझा किए गए: "जय भवानी, जय परशुराम, हर हर महादेव।"

## इंदौर कांड में नगर निगम कमिश्नर दिलीप यादव पर गिरी गाज, 2 बड़े अफसर भी सस्पेंड

समाज जागरण

भोपाल/इंदौर. भागीरथपुरा में दूषित पेयजल से हुई मौतों के बाद आखिरकार मोहन सरकार ने नगर निगम आयुक्त दिलीप कुमार यादव को पद से हटाने के निर्देश दिए गए हैं. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की सोशल मीडिया पोस्ट ने इस कार्रवाई को सार्वजनिक किया है. सीएम मोहन यादव ने कहा है कि लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी, सरकार कड़े एक्शन ले रही है. इससे पहले सरकार ने दो बड़े अफसरों को सस्पेंड कर दिया था. सीएम मोहन यादव ने अपनी सोशल मीडिया पोस्ट में कहा है कि इंदौर में दूषित पेयजल प्रदाय से हुई दुखद घटना के संबंध में जिम्मेदार अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई करने के उपरांत प्रदेश के अन्य स्थानों के लिए भी हम सुधारात्मक कदम उठा रहे हैं. इसके लिए संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध कार्यक्रम बनाने के निर्देश दिए हैं.

सीएम ने कहा कि इस दृष्टि से सभी 16 नगर



निगमों के महापौर, अध्यक्ष तथा आयुक्त एवं जिला कलेक्टर, स्वास्थ्य विभाग, नगरीय विकास विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग व अन्य संबंधित मुख्यालय स्तर के अधिकारियों की आज सायं वर्चुअल बैठक बुलाई है, जिसमें पूरे प्रदेश की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए जाएंगे. भागीरथपुरा की जल त्रासदी ने इंदौर की व्यवस्थाओं पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए थे. दूषित पानी पीने से लोग बीमार हुए. कुछ की मौत भी हुई. विपक्ष से लेकर आम जनता तक प्रशासनिक जवाबदेही की मांग कर रही थी. पहले अपर आयुक्त और पीएचई के अधिकारी पर कार्रवाई हुई. इसके बाद देर शाम नगर निगम कमिश्नर को हटाने का फैसला लिया गया है.

**तुरंत इस्तीफा दो, भागीरथपुरा के नाराज लोगों का गुस्सा फूटा**

भागीरथपुरा के गुस्साए लोगों ने कहा है कि मौत के लिए जिम्मेदार कौन हैं, इसके लिए मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, इंदौर महापौर पुष्यमित्र भार्गव अपनी जिम्मेदारी से बच नहीं सकते. यहां 15 लोगों की मौत पर मंत्री और महापौर के खिलाफ रहवासियों का गुस्सा फूटा. रहवासियों ने नैतिकता के आधार पर महापौर और मंत्री से इस्तीफा मांगा और कहा कि जान की कीमत 2 लाख नहीं हो सकती है.

## 'मेयर मराठी होगा और हिंदू भी', देवेंद्र फडणवीस का ऐलान

समाज जागरण

मुंबई की राजनीति में मराठी मानुस का मुद्दा दशकों से सत्ता की चाबी रहा है. बाल ठाकरे ने इसी मुद्दे पर शिवसेना की नींव रखी और दशकों तक मुंबई पर राज किया. लेकिन अब, 2026 के बीएमसी चुनाव की दहलीज पर मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने एक ऐसा बयान दिया है जिसने ठाकरे परिवार के इस अभेद्य किले में सेंध लगाने की कोशिश की है. फडणवीस ने साफ कर दिया है कि मुंबई का अगला मेयर न केवल मराठी होगा, बल्कि हिंदू भी होगा. यह बयान सीधे तौर पर उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे के गठबंधन को चुनौती देता है.

सीएम देवेंद्र फडणवीस ने एक इंटरव्यू में दावा किया कि बीएमसी चुनावों में महायुति की जीत पक्की है. उन्होंने आलोचकों के उस दावे को सिरे से खारिज कर दिया कि बीजेपी के पास मराठी भाषी लोगों का समर्थन नहीं है. फडणवीस ने कहा, यह मानकर मत चलिए कि मराठी वोट बैंक किसी और की जागीर है



और बीजेपी का नहीं. अगर मराठी मतदाताओं ने हमारा साथ नहीं दिया होता, तो हम लगातार तीन चुनावों में अपने उम्मीदवारों को जीतते हुए नहीं देखते. उनका यह बयान उस धारणा को तोड़ने की कोशिश है जिसके तहत शिवसेना (यूबीटी) और मनसे खुद को मराठी अस्मिता का एकमात्र संरक्षक बताते हैं. फडणवीस ने जोर देकर कहा कि चाहे कोई कुछ भी दावा करे, मुंबई में बीजेपी नंबर वन पार्टी बनी हुई है.

# मुफ्त में मौत बांटता इंदौर शहर !

हर साल देश में स्वच्छता के मामले में अव्वल रहने वाले मप्र के सबसे बडे शहर इंदौर की हकीकत भागीरथपुरा के उन 5 लोगों ने अपनी जान देकर खोल दी जो इंदौर को मप्र का स्वर्ग समझते थे.इंदौर के भागीरथपुरा में दूषित पानी पीने से 5 लोगों की मौत हो गई है। । 35 से ज्यादा बीमार लोग अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती हैं।इंदौर के भागीरथपुरा में शौचालय के नीचे मेन लाइन में लीकेज मिला। इसी से




दूषित पानी, पेयजल की पाइपलाइन में मिलने की आशंका है। जिला प्रशासन ने 3 लोगों की मौत की ही पुष्टि की है। लेकिन संख्या से मामले की गंभीरता से कोई फर्क नहीं पडता. दूषित पानी से एक मरे या दस, बात तो मरने की है

हम जितना गर्व इंदौर के साल दर साल स्वच्छता में प्रथम आने पर करते थे उतनी ही शर्म हमें आज पांच निर्दोष इंदौरवासियों की मौत पर आ रही है. ये शर्म आना तो मप्र के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को चाहिए थी. लेकिन उन्हे शर्म आ नहीं सकती. वे शर्म प्रूफ लोग हैं. शर्म तो शर्मदार को आती है. शर्म तो पानी है, जो अपने आप बहने लगता है.

स्वास्थ्य विभाग ने बता दिया है कि मौत का काण डायरिया है जो साफ पानी पीने से कभी नहीं होता.मामले में संज्ञान लेते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने देर रात जोनल अधिकारी शालिग्राम शितोले और प्रभारी असिस्टेंट इंजीनियर (पीएचई) योगेश जोशी को निलंबित कर दिया है। प्रभारी डिप्टी इंजीनियर (पीएचई) शुभम श्रीवास्तव की सेवा समाप्त कर दी गई है। मौत की इससे बडी सजा सरकार दे भी नहीं सकती. सरकार मृतकों के परिजनों को मुआवजा देकर अपने पाप धो लेती है इसीलिए सीएम ने मृतकों के परिजन को 2-2 लाख रुपए की सहायता राशि देने की घोषणा भी की है।सरकार नींद से जागी है सो आनन-फानन में तीन सदस्यों की जांच समिति बनाई गई है। इसके अध्यक्ष आईएएस नवजीवन पंवार होंगे। समिति में सुपरिटेंडेंट इंजीनियर प्रदीप निगम और मेडिकल कॉलेज के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. शैलेश राय को भी शामिल किया गया है।

भागीरथपुरा में चौकी से लगे शौचालय के नीचे मेन लाइन में लीकेज न होता तो मुमकिन है कि लोग न मारे जाते.आशंका है कि इस लीकेज से ही दूषित पानी, पेयजल की पाइपलाइन में मिला होगा। भागीरथपुरा से पानी के 70 से ज्यादा सैंपल लिए हैं। सभी मरीजों का इलाज सरकार के खर्च पर हो रहा है,जिन लोगों ने इलाज के लिए पहले से पैसे जमा किए हैं, उन्हें रिफंड कराया जाएगा।

महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा है कि - घटना के लिए जो भी जिम्मेदार होंगे, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। आर्थात वे इस हादसे के लि खुद को नैतिक या अनैतिक रूप से जिम्मेदार नहीं मानते. उन्होने तो इलाके में 50 टैंकरों से पानी की सप्लाई शुर करा दी है.
है।

भागीरथपुरा निवासी नंदलाल पाल ने मंगलवार सुबह वर्मा नर्सिंग होम में दम तोड़ा। उनको 28 दिसंबर को उल्टी-दस्त की शिकायत के बाद भर्ती कराया गया था। सरकार और इंदौर को कागजी फूलों से सजाकर हर साल अव्वल आने वाली नौकशाही को पाप विमोचित करने का अभियान भी आरंभ हो गया है.डॉक्टरों ने उनकी मौत का कारण कार्डियक अरेस्ट को बताया। कहा- मेडिकल हिस्ट्री में सामने आया है कि नंदलाल को ब्लड प्रेशर की समस्या थी और वे नियमित दवा नहीं लेते थे। कार्डियक अरेस्ट की आशंका इसी वजह से बनी। लेकिन परिजन का दावा है कि दूषित पानी पीने के बाद ही उनकी हालत बिगड़ी, जान गंवाने वाली महिलाओं के परिजन का कहना है कि पानी पीने के बाद अचानक तबीयत खराब हुई, जिसके बाद उनकी मौत हो गई।मुमकिन है कि वे झूठ बोलकर सरकार को बदनाम कर रहीं हैं या विपक्ष ने उन्हे बरगला दिया होगा.

भागीरथपुरा में पानी की जर्जर पाइप लाइन के बारे में सब जानते थे.नई पाइप लाइन के लिए अगस्त 2025 में टेंडर जारी हुआ था, लेकिन इसे अब तक नहीं खोला गया था। करीब 2.40 करोड़ रुपए की लागत से नई पाइप लाइन डाली जानी थी। दस्तावेजों में गंदे और दूषित पानी की शिकायतों का उल्लेख भी था। इसके बावजूद अफसरों ने प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ाई। अब मौतों के बाद टेंडर खोला गया है।यानि ये मौत के बाद का टेंडर है.

आपको बता दें कि इंदौर इंदौर स्वच्छ सर्वेक्षण में लगातार 8 बार भारत का सबसे स्वच्छ शहर चुना गया है। यह उपलब्धि 2017 से शुरू हुई है और 2024-25 तक जारी रही।2023 में सातवीं बार साल सूरत के साथ इंदौर संयुक्त प्रथम रहा.2024-25ः आठवीं बार सुपर स्वच्छ लीग कैटेगरी में प्रथम, सूरत दूसरा और नवी मुंबई तीसरा रहा. जाहिर है कि इंदौर की नौकरशाही के हाथ वो फामूर्ला लग गया है जिससे शहर की तमाम खामियों पर पर्दा डालकर प्रथम आया जा सकता है.लेकिन इंदौर भी प्रदेश के दूसरे शहरों की तरह नर्क बन गया है, फर्क सिर्फ इतना है कि इस नर्क पर कागजी फूलों का बागीचा लगा दिया गया है.

@ राकेश अचल

# ईरानी बहनें तोड़ रही बुर्का की जंजीरें, भारत में बढ़ रही है कट्टरता

**संजय सक्सेना,लखनऊ**
**वरिष्ठ पत्रकार**




ईरान में इस्लामिक शासन के खिलाफ मुस्लिम महिलाओं का साहसी विद्रोह पूरी दुनिया को सोचने पर मजबूर कर रहा है, जहां कुरान के नाम पर थोपी गई बुर्का और नकाब जैसी परंपराओं के खिलाफ सड़कों पर आवाज उठ रही है। खामेनेई की तानाशाही वाली सरकार के सामने ईरानी महिलाएं बिना नारे लगाए, बिना हिंसा किए, बस सिर से दुपट्टा उतारकर सड़कों पर उतर आई हैं, जो महसा अमीनी की हिरासत में मौत के बाद 2022 से चला आ रहा आंदोलन अब 2025-2026 में और तेज हो गया है। यह बगावत न केवल ईरान तक सीमित है, बल्कि अरब और अन्य मुस्लिम देशों में भी बुर्का हटाने की हवा चल रही है, जबकि बांग्लादेश, पाकिस्तान और भारत जैसे स्थानों पर इसके पक्ष में कट्टरता बढ़ रही है। यह और बात है कि इन देशों के मुसलमानों को अरब जगत मुस्लिम मानने को ही नहीं तैयार होता है।

गौरतलब हो, ईरान को पूरी तरह इस्लामिक राष्ट्र कहा जाता है, जहां 1979 की क्रांति के बाद अयातुल्लाह खुमैनी ने कुरान आधारित शासन स्थापित किया और महिलाओं पर सख्त हिजाब अनिवार्य कर दिया। नैतिक पुलिस द्वारा सड़कों पर गश्त कर महिलाओं को पकड़ना और सजा देना आम हो गया, लेकिन 2022 में 22 वर्षीय महसा अमीनी की हिरासत में संदिग्ध मौत ने चिंगारी जला दी। उसके बाद लाखों महिलाओं ने सड़कों पर उतरकर दुपट्टा जलाया, बाल कटवाए और नारे लगाए, जिससे पूरे देश में आंदोलन फैल गया। हालिया समाचारों के अनुसार, दिसंबर 2025 में तेहरान और अन्य शहरों में महिलाएं खुलेआम बिना दुपट्टे के घूम रही हैं, जो सरकार को डरा रहा है। राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान ने विवादास्पद हिजाब कानून को स्थगित कर दिया, लेकिन सर्वोच्च नेता खामेनेई के दबाव में सैन्य बल तैनात हैं। प्रदर्शनों में कम से कम छह मौतें हो चुकी हैं और दर्जनों गिरफ्तारियां हुई हैं, फिर भी महिलाओं का खामोश विरोध जारी है।

बहरहाल, यह आंदोलन सिर्फ ईरान का नहीं, बल्कि वैश्विक स्तर पर इस्लाम के नाम पर थोपी गई कट्टरता के खिलाफ जागृति का प्रतीक है। अरब प्रायद्वीप से इस्लाम फैला, लेकिन अब सऊदी अरब जैसे देशों में महिलाओं को पहले से अधिक स्वतंत्रता मिल रही है, जहां अब पूर्ण बुर्का अनिवार्य नहीं। मध्य एशिया के मुस्लिम बहुल देशों में तेजी से बदलाव आ रहे हैं। कजाकिस्तान, जहां 70 प्रतिशत आबादी मुस्लिम है, ने 2025 में सार्वजनिक स्थानों पर बुर्का-नकाब पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया, जुमार्ना 10 हजार से एक लाख रुपये तक। ताजिकिस्तान, उज्बेकिस्तान और तुर्कमेनिस्तान ने पहले ही चेहरा ढकने वाले कपड़ों पर रोक लगा रखी है, ताकि धार्मिक कट्टरपंथ न फैले। कुल 16 से अधिक देशों ने बुर्का या नकाब पर कानूनी पाबंदी लगा दी है। यूरोपीय देशों में स्विट्जरलैंड ने 2021 के जनमत संग्रह में 51.21 प्रतिशत वोटों से 2025 में इसे लागू किया, जबकि फ्रांस, बेल्जियम, डेनमार्क, ऑस्ट्रिया, नीदरलैंड, बुल्गारिया, इटली और जर्मनी ने सार्वजनिक स्थानों पर चेहरा ढकने पर जुमार्ना या जेल की सजा निर्धारित की। बेल्जियम में मात्र 300 महिलाएं ही बुर्का पहनती थीं, फिर भी 10 लाख मुसलमानों के बीच इसे प्रतिबंधित किया गया।

इसके विपरीत, दक्षिण एशिया में स्थिति उलटी है। बांग्लादेश, पाकिस्तान और भारत में, जहां इस्लाम स्थानीय रूप से फैला, वहां कट्टरता बढ़ रही है। भारत के बिहार में हाल ही में नियुक्ति पत्र वितरण के दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा एक महिला डॉक्टर का दुपट्टा हटाने पर विवाद हुआ, जिसके बाद पाकिस्तान तक से विरोध के सुर उठे। बीजेपी नेता हरिभूषण ठाकुर ने कहा कि बुर्का पसंद है तो पाकिस्तान या बांग्लादेश चले जाएं। पाकिस्तान और बांग्लादेश में महिलाएं दुपट्टा या बुर्का पहनने को धार्मिक अधिकार बताकर प्रदर्शन कर रही हैं, जबकि वहां के सर्वेक्षणों में 60-70 प्रतिशत मुस्लिम महिलाएं इसे स्वैच्छिक बताती हैं, लेकिन कट्टर समूह दबाव बनाते हैं। भारत में कर्नाटक हिजाब विवाद के बाद स्कूल-कॉलेजों में बहस चली, जहां मुस्लिम छात्राओं ने पहनने पर जोर दिया। यह विरोधाभास दशार्ता है कि जहां मूल इस्लामिक केंद्रों में महिलाएं आजादी चाह रही हैं, वहीं यहां आयातित कट्टरता बुर्का को मजबूरी बना रही है।

सऊदी अरब में भी महिलाएं ड्राइविंग और बिना नकाब के घूमने की मांग कर रही हैं। लेकिन दक्षिण एशिया में तस्वीर उलट है। यहां बांग्लादेश, पाकिस्तान और भारत में मुस्लिम महिलाएं उसी हिजाब या बुर्का को धार्मिक फर्ज बताकर प्रदर्शन कर रही हैं। पाकिस्तान में हाल ही में लाहौर और कराची की सड़कों पर महिलाओं ने जुलूस निकाले। वे कह रही हैं कि स्कूलों में हिजाब पहनना उनका संवैधानिक अधिकार है। वहां के सर्वे बताते हैं कि साठ से सत्तर प्रतिशत मुस्लिम महिलाएं इसे अपनी मर्जी से पहनती हैं। लेकिन कट्टर गुट दबाव बनाते हैं। पड़ोसियों की नजरें, मौलवियों की फतवे और सोशल मीडिया पर ट्रोलिंग से कई लड़कियां मजबूर हो जाती हैं। बांग्लादेश में ढाका विश्वविद्यालय के परिसरों में छात्राओं ने हिजाब अनिवार्य करने की मांग की। वहां भी तहरीक-ए-तालिबान जैसे संगठन पीछे हैं। महिलाएं कहती हैं कि बिना हिजाब के पढ़ाई नहीं करेंगी। लेकिन गुप्त सर्वेक्षणों में पता चलता है कि आधी से ज्यादा लड़कियां इसे बोझ मानती हैं। फिर भी भीड़ का दबाव उन्हें चुप करा देता है।

भारत में कर्नाटक का हिजाब विवाद तो चरम पर पहुंच गया। उदुपी के कॉलेजों में मुस्लिम छात्राओं ने कक्षा में घुसने से इनकार कर दिया। वे दुपट्टा या हिजाब के बिना परीक्षा नहीं देंगे, ऐसा हंगामा किया। प्रदर्शनकारियों के पीछे जमीयत उलेमा-ए-हिंद जैसे संगठन थे। कोर्ट ने फैसला दिया कि यूनिफॉर्म का पालन जरूरी है, लेकिन बहस थम नहीं रही। मंड्या, बीदर जैसे जिलों में स्कूलों के बाहर जुलूस हुए। छात्राओं के माता-पिता भी सड़क पर उतरे। वे चिल्ला रहे थे- हमारी बेटियों का धर्म सुरक्षित रखो। लेकिन सच्चाई यह है कि ग्रामीण इलाकों में कई लड़कियां डर से हिजाब पहनती हैं। पड़ोस के हिंदू-मुस्लिम तनाव में इसे ढाल बना लिया जाता है।

उक्त देशों में यह प्रवृत्ति चिंताजनक है। जहां दुनिया महिलाओं को सशक्त बना रही है, वहां दक्षिण एशिया में कट्टरता उन्हें पुराने जंजीरों में जकड़ रही। सर्वे बताते हैं कि ज्यादातर महिलाएं स्वतंत्रता चाहती हैं। लेकिन अल्पसंख्यक कट्टर गुट बहुमत को दबा रहे हैं। क्या यह धार्मिकता है या राजनीति? नेताओं को चाहिए कि वे तथ्यों पर ध्यान दें। महिलाओं को चुनाव दें- पहनें या न पहनें। तब सच्ची तस्वीर सामने आएगी। अन्यथा यह आयातित आग स्थानीय संस्कृति को भस्म कर देगी। दक्षिण एशिया की महिलाओं को मूल आजादी मिलनी चाहिए, न कि मजबूरी।

बात ईरान में आए बदलाव की कि जाए तो इसके पीछे गहन कारण हैं। ईरान जैसे देशों में आर्थिक संकट, मुद्रास्फीति और बेरोजगारी ने महिलाओं को जागृत किया, जहां प्रदर्शनों में आजीविका की मांगें भी जुड़ गईं। मुस्लिम बहुल देशों में राष्ट्रीय सुरक्षा को बहाना बनाकर बुर्का प्रतिबंध बढ़ा, क्योंकि चेहरा ढका होना अपराध को आसान बनाता है। वैश्विक स्तर पर 16 देशों के प्रतिबंध से संदेश साफ है कि बुर्का महिलाओं के उत्पीड़न का प्रतीक माना जा रहा। दक्षिण एशिया में कट्टरता का कारण विदेशी धन-सहायता और राजनीतिक उन्माद है, जहां बांग्लादेश-पाकिस्तान में मदरसों से प्रेरित युवतियां बुर्का को पहचान बना रही हैं। ईरानी महिलाओं की बगावत ने दुनिया को दिखाया कि इस्लाम के नाम पर थोपी गई परंपराएं टूट रही हैं। यदि यह लहर फैली, तो कट्टरता वाले क्षेत्रों में भी परिवर्तन अपरिहार्य होगा। आंकड़ों से सिद्ध है कि जहां प्रतिबंध लगे, वहां महिलाओं की भागीदारी 20-30 प्रतिशत बढ़ी है। यह संघर्ष स्वतंत्रता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

# मूल राष्ट्रवादी चेतना, लोकतंत्र और अधिनायकवाद के प्रति सतर्कता

राष्ट्रवाद आधुनिक राष्ट्र-राज्य की वैचारिक आधारशिला है। यह केवल भौगोलिक सीमाओं या राजनीतिक सत्ता से संबद्ध अवधारणा नहीं है, बल्कि साझा इतिहास, सांस्कृतिक स्मृति, संवैधानिक मूल्यों और नागरिक उत्तरदायित्वों का समन्वित स्वरूप है। राष्ट्रवाद का मूल चरित्र सार्वभौमिक और समावेशी होता है, जो समानता, स्वतंत्रता, न्याय और मानवीय गरिमा जैसे मूल सिद्धांतों को पुष्ट करता है। ऐतिहासिक रूप से यह सिद्ध हुआ है कि राष्ट्र-निर्माण की प्रत्येक प्रक्रिया में राष्ट्रवादी चेतना की भूमिका निर्णायक रही है। किंतु जब यही चेतना सत्ता-केंद्रित राजनीति, संकीर्ण वैचारिक आग्रहों और तात्कालिक राजनीतिक लाभों से संचालित होने लगती है, तब यह लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए गंभीर चुनौती बन जाती है।

लोकतांत्रिक राष्ट्र में प्रत्येक नागरिक का यह नैतिक और संवैधानिक दायित्व है कि वह राष्ट्र के प्रति निष्ठावान और सजग रहे। किंतु इस निष्ठा का आशय अंध-समर्थन या आलोचनात्मक विवेक का त्याग नहीं है। दुर्भाग्यवश, समकालीन राजनीतिक परिदृश्य में राष्ट्रवाद को धर्म, जाति और संप्रदाय के साथ जोड़कर सत्ता-प्राप्ति का साधन बनाए जाने की प्रवृत्ति निरंतर बढ़ी है। ऐसी राजनीति न केवल राष्ट्रीय एकता को खंडित करती है, बल्कि लोकतांत्रिक संस्थाओं की स्वायत्तता और निष्पक्षता को भी कमजोर करती है। इतिहास साक्षी है कि सत्ता के दीर्घकालिक केंद्रीकरण ने राजाओं, सम्राटों और शासकों को निरंकुश बनाया है। आधुनिक लोकतंत्र में भी यह खतरा कम नहीं हुआ है, बल्कि अधिक परिष्कृत रूप में उपस्थित है।

लोकतंत्र का मूल सिद्धांत सत्ता का निरंतर आवर्तन है। सत्ता का परिवर्तनशील होना शासन को उत्तरदायी, पारदर्शी और जनोन्मुख बनाता है। इसके विपरीत, जब सत्ता लंबे समय तक एक ही राजनीतिक शक्ति के अधीन रहती है, तो अधिनायकवादी प्रवृत्तियों का उदय स्वाभाविक हो जाता है। अवसरवादी राजनीति, पदलोलुपता और जातिगत समीकरणों का अतिवादी प्रयोग लोकतांत्रिक संतुलन को बिगाड़ देता है। इस प्रक्रिया में जनता को दूरगामी राष्ट्रीय हितों के स्थान पर तात्कालिक लाभों के प्रलोभन में उलझाया जाता है, जिससे नीति-निर्माण की गुणवत्ता और राष्ट्रीय विकास की क्षमता दोनों प्रभावित होती हैं।

लोकतंत्र में राजनीति का उद्देश्य जनभावनाओं का शोषण नहीं, बल्कि उनका संरक्षण और संवर्द्धन होना चाहिए। किंतु जब राजनीति का केंद्र बिंदु सत्ता-प्राप्ति और सत्ता स्थायित्व बन जाता है, तब सिद्धांतों की प्रतिबद्धता कमजोर पड़ जाती है। अवतारवाद, सस्ती लोकप्रियता और भावनात्मक ध्रुवीकरण लोकतंत्र को भीतर से खोखला कर देते हैं। भारतीय राजनीतिक परंपरा में ह्यशाम, दाम, दंड, भेदह्न को शासन के उपकरण के रूप में स्वीकार किया गया है, किंतु आधुनिक संवैधानिक लोकतंत्र में इनका अति प्रयोग अनुशासन, नैतिकता और संस्थागत विश्वास को क्षीण करता है।

लोकप्रियता को मापने के सुदृढ़ लोकतांत्रिक उपकरणों के अभाव में कई बार संगठित किंतु संख्यात्मक रूप से छोटे समूह नीति-निर्माण पर विपरीत प्रभाव डालने लगते हैं। यह स्थिति बहुमत के शासन के लोकतांत्रिक आदर्श के विपरीत है। दलबदल, अवसरवादी गठबंधन और सिद्धांतहीन राजनीतिक व्यवहार लोकतांत्रिक मूल्यों के क्षरण के प्रमुख कारण बन चुके हैं। भारतीय संविधान के भीतर विद्यमान कुछ प्रक्रियात्मक छिद्रों का उपयोग कर राजनीतिक दल सत्ता-संरक्षण के जटिल ताने-बाने बुनते हैं, जिनके दीर्घकालिक दुष्परिणाम समाज और राष्ट्र दोनों को भुगतने पड़ते हैं।. जातिवादी राजनीति और लोकप्रियता की व्यावहारिक मजबूरियों ने खाप पंचायतों जैसी समानांतर संरचनाओं को जन्म दिया है। ये संरचनाएँ पंचायती राज व्यवस्था को प्रतिस्थापित करने का प्रयास करती हैं, जिससे लोकतंत्र की जमीनी संस्थाएँ कमजोर होती हैं। इसी प्रकार, धर्म और धार्मिक प्रथाओं में समानता तथा स्वतंत्रता का हनन तुष्टीकरण-आधारित राजनीति का प्रतिफल है। लोकतांत्रिक समाज में समानता, स्वतंत्रता और धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांत किसी भी नीति-निर्णय के मूल में होने चाहिए। एकतरफा और भावनात्मक निर्णय इन मूल्यों के प्रतिकूल प्रभाव उत्पन्न करते हैं।

अतिराष्ट्रवाद की अवधारणा, जब लोकतांत्रिक विवेक से विमुख हो जाती है, तब तानाशाही प्रवृत्तियों को वैधता प्रदान करने लगती है। सैनिक राष्ट्रवाद, भय की राजनीति और सस्ती लोकप्रियता ने बीसवीं शताब्दी में अनेक देशों में लोकतंत्र को क्षतिग्रस्त किया है। पाकिस्तान, म्यांमार और उत्तर कोरिया जैसे उदाहरण दशार्ते हैं कि सुरक्षा और राष्ट्रहित के नाम पर सैन्य या अधिनायकवादी नियंत्रण किस प्रकार लोकतांत्रिक अधिकारों को सीमित कर सकता है। ये उदाहरण लोकतंत्र के लिए सतत चेतावनी के रूप में देखे जाने चाहिए।

लोकतंत्र का अंतिम उद्देश्य जनता का विश्वास अर्जित करना, उनकी सामाजिक-आर्थिक आवश्यकताओं की पूर्ति करना और उनके मौलिक अधिकारों की रक्षा करना है। किंतु जब शासन सत्ताचरित्र, अवसरवाद और सत्ता में बने रहने की रणनीतियों में उलझ जाता है, तब लोकतंत्र के संस्थागत स्तंभ विधायिका, कार्यपालिका, न्यायपालिका और मीडिया कमजोर होने लगते हैं। ऐसे समय में समाज के प्रबुद्ध, सजग और जिम्मेदार वर्ग की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है। यदि समय रहते विवेकपूर्ण हस्तक्षेप नहीं हुआ, तो लोकतंत्र के दुरुपयोग के परिणाम दीर्घकालिक और विध्वंसकारी हो सकते हैं।

अतः यह आवश्यक है कि तात्कालिक लोकप्रियता और अवसरवादी लाभों के स्थान पर संतुलित, समावेशी और बहुआयामी लोकतांत्रिक विकास को प्राथमिकता दी जाए। सरकार, राजनीतिक दल, मीडिया, सिविल सोसाइटी और नागरिक समाज–सभी को मिलकर संवैधानिक मूल्यों, लोकतांत्रिक सिद्धांतों और सामाजिक संतुलन की रक्षा करनी होगी। यही समेकित प्रयास राष्ट्रवाद को उसकी मूल, मानवीय और उदात्त चेतना में पुनर्स्थापित कर सकता है तथा लोकतंत्र को अधिनायकवाद की संभावित खतरों से सुरक्षित रख सकता है।

**संजीव ठाकुर**
**वरिष्ठ पत्रकार,स्तंभकार, चिंतक, लेखक**
**रायपुर, छत्तीसगढ़,9009 415 415,**

## 'अधूरा ख्वाब'

*एक अधूरा ख्वाब रह गया,*
*मुझे साथ तेरा चाहिए था !*
*उसे भी कोई और ले गया।*
*मैं उन भावनाओं में बहके,*
*अकेले सब कुछ सह गया।*
*मेरी ही जिंदगी के यादगार,*
*लम्हों को वो छिन ले गया।*
*अब सीने में 'तस्वीर' है तेरी,*
*वो शरीर कोई और ले गया।*
*यूं बहते रहेंगे यादों के मंजर,*
*ये ख्याल कोई ओर ले गया।*
*सुकून से जी लो यह जिंदगी,*
*मेरे कानों में कोई कह गया।*
*बस, तेरा हाथ-साथ पाने का,*
*एक 'अधूरा ख्वाब' रह गया।*

संजय एम तराणेकर
(कवि, लेखक व समीक्षक)
इन्दौर-452011 (मध्य प्रदेश)
मो. 98260 25986

## व्यंग्य

मध्यप्रदेश में अनिल मिश्रा की गिरफ्तारी ने कानून की निष्पक्षता पर सवाल खड़े कर दिए हैं। जहां धर्मग्रंथ जलाने पर चुप्पी है, वहीं प्रतिक्रिया देने वालों पर त्वरित कार्रवाई होती है। लगता है यहां अपराध कर्म से नहीं, बल्कि पहचान से तय होता है–यही आज का सबसे बड़ा व्यंग्य है।

# "मेरे कृष्ण" – श्रीकृष्ण की दिव्य यात्रा को दशार्ने वाला एक भव्य रंगमंचीय नाट्य प्रस्तुति।




मुंबई ( गिरजा शंकर अग्रवाल ) - इस नाटक में सौरभ राज जैन श्रीकृष्ण की भूमिका में, पूजा बी शर्मा राधा एवं महामाया के रूप में, तथा अर्पित रांका दुर्योधन एवं कंस की भूमिकाओं में दिखाई देंगे। नाटक का निर्देशन राजीव सिंह दिनकर ने किया है। इसका निर्माण विवेक गुप्ता, राजीव सिंह दिनकर एवं विष्णु पाटिल द्वारा किया गया है। नाटक के लेखक डॉ. नरेश कात्यायन हैं तथा इसका मौलिक संगीत उद्धव ओझा द्वारा रचित है। 2 घंटे 45 मिनट की अवधि वाला ह्लमेरे कृष्णह्व एक गहन रंगमंचीय अनुभव है,जो श्रीकृष्ण के जीवन के दिव्य, मानवीय और दार्शनिक आयामों की यात्रा कराता है। यह नाटक 20 जीवंत दृश्यों में प्रकट होता है, जिनमें श्रीकृष्ण के जीवन के प्रमुख अध्यायों को दशार्या गया है "वृंदावन में उनके बाल्यकाल से लेकर द्वारका में उनके अंतिम क्षणों तक" शाश्वत दर्शन में निहित होते हुए भी, इसकी कथा शैली मनोरंजक, दृश्यात्मक रूप से समृद्ध और भावनात्मक रूप से प्रभावशाली है !जिसमें नाट्यकला, संगीत, नृत्य और मल्टीमीडिया का सुंदर समन्वय है।

**यह नाटक श्रीकृष्ण के जीवन के कुछ कम ज्ञात प्रसंगों और दृष्टिकोणों को भी उजागर करता है।**

निर्देशक राजीव सिंह दिनकर के अनुसार, निर्देशन की शैली अभिनयात्मक कथा-वाचन को इमर्सिव विजुअल्स और प्रतीकात्मक मंच-भाषा के साथ जोड़ती है ! जहाँ स्थान, ध्वनि और प्रकाश का उपयोग कर भावनाओं को अनुभव में बदला जाता है।नाटक का स्वर काव्यात्मक होने के साथ आधुनिक है, दार्शनिक होते हुए भी मनोरंजक है। प्रत्येक दृश्य को गतिमान चित्रकला की तरह परिकल्पित किया गया है ! जहाँ रंगमंच, दृश्य कला और आध्यात्मिक अन्वेषण एक-दूसरे से मिलते हैं। इस नाटक के माध्यम से निर्देशक एक संवाद जागृत करना चाहते हैं ! पूजा के बारे में नहीं, बल्कि जागरूकता के बारे में।उद्देश्य यह है कि हर दर्शक यह प्रश्न लेकर न जाए कि "श्रीकृष्ण कौन हैं?" बल्कि यह अनुभूति लेकर जाए कि ह्लश्रीकृष्ण मेरे भीतर हैं।"

# न्यायपालिका बढ़ते मामलों की लंबी फेहरिस्त



सुप्रीम कोर्ट रोजाना चर्चा में होता है। जाहिर तौर पर कई बड़े फैसले भी होते हैं लेकिन चर्चा इसलिए ज्यादा होती है कि केस या तो टल जाते है या फिर प्राथमिकता में ही नहीं आ पाते। बड़े फैसलों के लिहाज से भारतीय न्यायपालिका के इतिहास में 2025 को एक असाधारण वर्ष कहा जा सकता है क्योंकि इस साल सुप्रीम कोर्ट ने अपनी ही पीठ के एक फैसले को पलट दिया और कहा कि कोर्ट विधेयकों पर निर्णय लेने के संबंध में राज्यपाल और राष्ट्रपति के लिए कोई समयसीमा नहीं तय कर सकता। इस फैसले ने न्यायपालिका को उसकी हद बताई क्योंकि सुप्रीमकोर्ट के ही दो न्यायाधीशों की पीठ नेइसी साल विधेयकों पर कैसला लेने के संबंध में राज्यपाल और राष्ट्रपति के लिए
टाइमलाइन तय कर दी थी। यह सब कुछ महज डेढ़ दो महीनों में हो गया, लेकिन दुख की बात यह है कि कई मुख्य न्यायाधीशों की ओर से खुद लंबित मामलों को लेकर चिंता जताने और इसे दूर करने की बात करने के बाद भी बड़ा बदलाव नहीं आ रहा है। भारत में न्याय की धीमी प्रक्रिया एक गंभीर और बहु-स्तरीय समस्या है, जिससे आज भी निजात पाना बाकी है। जस्टिस संजीव खन्ना कहते हैं कि 5.0 करोड़ मुकदमे लंबित है भारत भर के न्यायालयों में, कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल द्वारा राज्यसभा में दिए उत्तर के अनुसार। सर्वोच्च न्यायालय की ही बात करें तो यहां दिसंबर 2025 तक कुल 90, 897 मुकदमे लंबित हैं। हर बार जब नए-न्यायाधीश आते हैं, इस वर्ष तो सर्वोच्च न्यायालय में मुख्य न्यायाधीश के पद पर तीन बार नियुक्ति हुई, उनकी पहली प्राथमिकता और चिंता वादों का शीघ्र निस्तारण होती है। मगर परिणाम नहीं दिखता।

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

# सघन मत्स्य पालन हेतु ऐरेशन सिस्टम योजना: मत्स्य पालक 07 जनवरी तक कर सकते हैं ऑनलाइन आवेदन

समाज जागरण

गौतमबुद्धनगर, 02 जनवरी 2026। सहायक निदेशक मत्स्य, गौतमबुद्धनगर ने जानकारी दी है कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के अंतर्गत राज्य स्तर पर संचालित सघन मत्स्य पालन हेतु ऐरेशन सिस्टम स्थापना योजना में जनपद के मत्स्य पालक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इच्छुक आवेदक विभागीय पोर्टल https://fisheries.up.gov.in के माध्यम से 07 जनवरी, 2026 तक आवेदन कर सकते हैं। सहायक निदेशक ने बताया कि योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए ऑनलाइन आवेदन करना अनिवार्य है।

योजना के अंतर्गत परियोजना का विवरण, इकाई लागत, आवेदन प्रक्रिया और आवेदन के साथ संलग्न किए जाने वाले आवश्यक अभिलेखों का विस्तृत विवरण विभाग की वेबसाइट पर उपलब्ध है। उन्होंने यह भी बताया कि भविष्य में यदि योजना में कोई संशोधन किया जाता है तो संशोधित प्रावधान ही लागू होंगे।

इसके अतिरिक्त योजना से संबंधित विस्तृत जानकारी किसी भी कार्यदिवस में जनपदीय कार्यालय, सहायक निदेशक मत्स्य, गौतमबुद्धनगर से प्राप्त की जा सकती है।

# जनपद में अवैध खनन व परिवहन पर जिला प्रशासन की बड़ी कार्यवाही

समाज जागरण




गौतमबुद्धनगर, 02 जनवरी, 2026। जिलाधिकारी गौतमबुद्धनगर मेधा रूपम के निदेशों तथा अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अतुल कुमार के निर्देशन में अवैध उपखनिज के खनन और परिवहन पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से खनन विभाग द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है।

जिला खनन अधिकारी उत्कर्ष त्रिपाठी ने बताया कि दिसंबर 2025 के दौरान जेवर, दादरी, दनकौर, कासना सहित विभिन्न क्षेत्रों में अवैध उपखनिज परिवहन करते पाए जाने पर 33 वाहनों को संबंधित थानों में निरुद्ध किया गया। इस कार्रवाई के तहत कुल 12,39,730 का जुमार्ना वसूला गया।

इसी क्रम में, 02 जनवरी, 2026 को डिप्टी कलेक्टर गौतमबुद्धनगर, तहसीलदार दादरी और खनन अधिकारी ने ग्राम रायपुर खादर, तहसील दादरी में स्थित खनन पट्टा क्षेत्र का निरीक्षण किया। जांच के दौरान नदी की जलधारा में अवैध खनन के प्रमाण मिलने पर 5,00,000 का जुमार्ना लगाया गया और प्रथम सूचना रिपोर्ट (FIR) दर्ज कराई गई।

# सभासद ने नगर पालिका पर लगाए गंभीर आरोप

## (5 जनवरी को विभाग का घेराव कर विरोध प्रदर्शन की करी घोषणा)

समाज जागरण



लोनी, 2 जनवरी: वार्ड 41 के सभासद अंकुश जैन उर्फ मिंकु ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए नगर पालिका परिषद की कार्यप्रणाली पर एक बार फिर भ्रष्टाचार व पक्षपात वाली मानसिकता का आरोप लगाया है। सभासद ने आने वाली 5 जनवरी को नगर पालिका का घेराव करते हुए एक बड़ा विरोध प्रदर्शन करने का शंखनाद किया है।

भाजपा पार्षद ने प्रेस वार्ता के दौरान आरोप लगाया कि लगातार शिकायत करने के बावजूद उनके वार्ड में लंबे समय से नियमित साफ-सफाई नहीं हो रही है। इसके चलते क्षेत्रीय नागरिकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने सफाई से जुड़े टेंडरों में बड़े स्तर पर भ्रष्टाचार होने का आरोप लगाते हुए इस गंभीर मामले की जांच करने के लिए मांग की। सभासद अंकुश जैन ने यह भी आरोप लगाया है कि कुछ बीजेपी विरोधी मानसिकता वाले अधिकारी भाजपा की योगी सरकार को बदनाम करने पर तुले है।

वही भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. प्रमेन्द्र जांगड़ा ने नगर पालिका की वित्तीय व्यवस्था और निर्माण कार्यों की स्वतंत्र जांच की आवश्यकता बताई। उनका कहना है कि जांच की फाइल लंबित है. जबकि मामले में जल्द से जल्द कार्रवाई कराए जाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा क्षेत्रीय विधायक नंदकिशोर गुर्जर द्वारा भी पहले नगर पालिका में अनियमितताओं के मुद्दे उठाए जा चुके हैं। मगर आज तक कोई ठोस कार्रवाई न हो पाने से क्षेत्र नागरिकों के बीच निराशा है।

प्रेस वार्ता के दौरान यह बात भी खुलकर सामने आई कि क्षेत्र में साफ-सफाई व अन्य समस्याओं को लेकर लोगों के बीच रोष है. जो 5 जनवरी को नगर पालिका के विरुद्ध प्रस्तावित घेराव और प्रदर्शन में बढ़ चढ़कर भाग लेने वाले हैं।

# एस.एम. इंटरनेशनल स्कूल में तीन दिवसीय स्काउट एवं गाइड वार्षिक शिविर का सफल आयोजन

धर्मेन्द्र कुमार समाज जागरण
संवाददाता, मेरठ



मेरठ। एस.एम. इंटरनेशनल स्कूल में 19 दिसंबर से 21 दिसंबर तक तीन दिवसीय स्काउट एवं गाइड वार्षिक शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान स्काउट एवं गाइड छात्रों ने संगठित रूप से अनुशासन, सहयोग और नेतृत्व क्षमता का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया।

शिविर में विद्यार्थियों को विभिन्न प्रकार की गांठें लगाना, बंधन करना, तंबू लगाना, फूड प्लाजा संचालन सहित जीवनोपयोगी व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान बच्चों ने आत्मनिर्भरता, टीमवर्क और सेवा भाव को भी आत्मसात किया।

तीन दिवसीय कार्यक्रम के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि अभिषेक कौशिक उपस्थित रहे। इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन लियाकत अली, प्रबंधक मौ. आमिर, प्रधानाचार्य कु. जोया सहित समस्त शिक्षकगण मौजूद रहे।

कार्यक्रम के अंत में उपस्थित अतिथियों एवं शिक्षकों ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए ऐसे आयोजनों को छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक बताया।

# गांव-शहर हर जगह गंदगी के ढेर, स्वच्छता अभियान पर उठे सवाल

धर्मेन्द्र कुमार समाज जागरण
संवाददाता, मेरठ



मेरठ। जनपद के गांव हों या शहर, कहीं भी नजर डालिए—सड़क किनारे, गलियों और रास्तों पर गंदगी के ढेर आम दृश्य बन चुके हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में स्थिति और भी चिंताजनक है, जहां कई स्थानों पर सड़कों व आवागमन के रास्तों पर कूड़ा फैला हुआ देखा जा सकता है।

हैरानी की बात यह है कि सिर्फ आम लोग ही नहीं, बल्कि कई जगहों पर ग्राम पंचायत के सफाई कर्मी भी सड़क और रास्तों के किनारे ही कूड़ा डालते नजर आते हैं। ऐसा प्रतीत होता है मानो स्वच्छता को लेकर किसी को कोई चिंता ही नहीं है।

जबकि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रत्येक गांव में कूड़ा निस्तारण केंद्र बनाए गए हैं, लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि इनका कहीं भी प्रभावी उपयोग नहीं हो रहा है। कई स्थानों पर लोग खुले में कूड़ा जलाते हैं, जिससे हवा और भी दमघोंटू होती जा रही है।

गौरतलब है कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में प्रदूषण पहले से ही गंभीर स्थिति में है। ऐसे में पर्यावरण के लगातार प्रदूषित होने से अस्थमा व अन्य सांस संबंधी बीमारियों से ग्रसित लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

सरकार द्वारा स्वच्छता को लेकर निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं, योजनाएं भी बनाई जा रही हैं, लेकिन लोगों की उदासीनता और विभागीय लापरवाही के कारण इनका अपेक्षित लाभ नहीं मिल पा रहा है। इससे यह स्पष्ट होता है कि कई सरकारी योजनाएं धरातल पर उतरने के बजाय कागजों तक ही सीमित रह जाती हैं।

अब सबसे बड़ा प्रश्न यह है कि इस स्थिति के लिए आखिर जिम्मेदार कौन है—सरकार, संबंधित विभाग या आम जनता?

यदि निष्पक्ष उत्तर दिया जाए, तो सच्चाई यही है कि इस अव्यवस्था के लिए हम सभी किसी न किसी रूप में जिम्मेदार हैं। जब तक प्रशासन, विभाग और नागरिक मिलकर जिम्मेदारी नहीं निभाएंगे, तब तक स्वच्छता अभियान अपने लक्ष्य को नहीं पा सकेगा।

# चेकिंग के दौरान थाना इकोटेक-3 पुलिस की बदमाश से मुठभेड़, पैर में गोली लगने से घायल बदमाश गिरफ्तार

नोएडा। थाना इकोटेक-3 पुलिस द्वारा नियमित चेकिंग के दौरान एक लुटेरे बदमाश के साथ मुठभेड़ हो गई। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में बदमाश के पैर में गोली लगी, जिससे वह घायल हो गया। घायल बदमाश को तत्काल उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार, चेकिंग के दौरान संदिग्ध व्यक्ति को रोकने का प्रयास किया गया, लेकिन बदमाश ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। आत्मरक्षा में पुलिस द्वारा की गई जवाबी कार्रवाई में बदमाश घायल हो गया और मौके से उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

गिरफ्तार बदमाश के कब्जे से एक चोरी की मोटरसाइकिल, लाल मिर्च पाउडर का पैकेट तथा एक अवैध हथियार बरामद किया गया है।

# दो अभियुक्त गिरफ्तार, लूट का मोबाइल व चोरी की बाइक बरामद

समाज जागरण



लोनी 2 जनवरी: थाना अंकुर विहार पुलिस ने विगत दिनों अज्ञात बदमाशों द्वारा मोबाइल फोन छीनकर ले जाने की घटना का खुलासा कर दिया है। पुलिस ने उक्त वारदात को अंजाम देने वाले दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से छीना हुआ आईफोन मोबाइल व घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद की है। एसीपी अंकुर विहार जानकारी देते हुए बताया कि देवेश कुमार शुक्ला नामक व्यक्ति ने लिखित तहरीर देते हुए कहा था कि 19 दिसंबर 2025 को बाइक सवार दो अज्ञात बदमाशों ने उसका आईफोन मोबाइल छीनकर फरार हो गए है। घटना के मामले में अभियोग पंजीकृत करते हुए फरार बदमाशों की टोह के लिए पुलिस टीम गठित की गई थी। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज व मैन्युअल इनपुट के आधार पर दोनों बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए बदमाशों ने पुलिस पूछताछ के दौरान अपना नाम विपुल अतुल पुत्र बाबूराम निवासी लालबाग,लोनी व शिवम पुत्र चुन्नी गिरी निवासी प्रेम विहार, शिव विहार दिल्ली बताया है। जिनके कब्जे से छिन गया आईफोन मोबाइल तथा थाना लोनी बॉर्डर क्षेत्र से चोरी की गई मोटरसाइकिल बरामद हुई है। पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार अभियुक्त वितुल उर्फ अतुल के विरुद्ध चोरी तथा चुनौती के गाजियाबाद व दिल्ली में 011अभियोग पंजीकृत है. जबकि अभियुक्त शिवम के विरुद्ध चोरी के दो उपयोग थाना लोनी बॉर्डर, चोरी व बरामदगी का एक अभियोग दिल्ली में तथा छिनैति व बारामती के दो अभियोग थाना अंकुर विहार पर पंजीकृत हैं। दोनों का अन्य आपराधिक इतिहास खंगाला जा रहा है।

## सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर गौतमबुद्धनगर के सभी थाना क्षेत्रों में पुलिस की सघन पेट्रोलिंग व चेकिंग

गौतमबुद्धनगर। पुलिस कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर के समस्त थाना क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस बल द्वारा लगातार पेट्रोलिंग एवं सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है।

पुलिस अधिकारियों के निर्देशन में संवेदनशील स्थानों, प्रमुख मार्गों, बाजारों एवं आवासीय क्षेत्रों में वाहनों की जांच, संदिग्ध व्यक्तियों की तलाशी तथा रात्रि गश्त को और अधिक प्रभावी बनाया गया है। इसका उद्देश्य अपराधों पर अंकुश लगाना तथा आमजन को सुरक्षित माहौल प्रदान करना है।

# संबंधित अधिकारियों की कार्य प्रणाली पर सवाल खड़े करती एसएलएफ की गौशाला

समाज जागरण




लोनी, 2 दिसंबर: विगत दिनों मेरठ की एक गोशाला में मिली खामियों के चलते योगी आदित्यनाथ द्वारा संबंधित एजेंसी पर एफआईआर कराने के साथ ही कई अधिकारियों और कर्मचारियों को निलंबित कर देने की घटना के बाद भी लगता है एसएलएफ, वेद बिहार में स्थित गौशाला प्रबंधन ने कोई सबक नहीं लिया है। जहां गायों के रखरखाव से लेकर उनके खाने-पीने आदि की विभिन्न अनियमिताएं जिम्मेदारों की लापरवाही को उजागर कर रही है। मजे की बात तो यह है कि जब किसी अधिकारी/कर्मचारी से गौशाला के संदर्भ में कोई जानकारी लेने का प्रयास किया जाता है तो वह सीधे मुंह बात तक नहीं करते, और कार्यालय में आने का न्योता देकर फोन काट देते हैं।

हम बात कर रहे हैं एसएलएफ, वेद बिहार में स्थित स्थाई गोवंश आश्रय (गौशाला) नगर पालिका परिषद लोनी की। यहां बीमार पशुओं की अनदेखी, चारे की कमी, गंदगी और स्टाफ की लापरवाही जैसी कई खामियां सामने आती हैं, जबकि ठंड के इस मौसम में ना उनके लिए पुराल की व्यवस्था है और न ही अलाव जलाने की. नतीजन गोवंश के बीमार होने और कमजोर होने की आशंका को नजर अंदाज नहीं किया जा सकता।

गोवंशो के चारे की बात करें तो उनकी मंझी स्थिति में खाली पड़ी खोर स्पष्ट कर रही थी कि यहां उनके पेट भरने के लिए सुखे भूसे या हरे चारे का भी कोई मुकम्मल इंतजाम नहीं है। ऐसे में उन्हें चोकर मिलने की स्थिति क्या होगी, इसका अंदाजा आसानी से लगाया जा सकता है। हालांकि गौशाला में कुछ हरा चारा जरूर दिखाई दिया. मगर उसकी मात्रा मानो, "ऊंट के मुंह में जीरा" वाली कहावत को चरितार्थ कर रही हो।

गौशाला में मौजूद सभी गोवंश की संख्या का अवलोकन किया तो वहा लगभग 140 से अधिक गोवंश होने की जानकारी मिली, जिनमें एक साथ बैठने के लिए पर्याप्त स्थान न होने से वह अधिकांशतः खड़े ही रहते हैं।

गोवंशो के बीमार होने की स्थिति पर गौर करें तो, पशु चिकित्सक डॉक्टर अमरदीप का कहना है कि उनकी टीम गोशाला का दौरा करके इन पशुओं का स्वास्थ्य परीक्षण करती हैं। हालांकि गौशाला के एक कोने में गंदगी के बीच बदहाल अवस्था में पड़ा गौवंश इसकी सच्चाई को उजागर कर रहा था।

गौशाला में मिले एक कर्मचारी ने वहां अलाव जलाने और पुराल की व्यवस्था होने की बात तो कहीं, मगर वह जहां अलाव जलाने की बात सिद्ध नहीं कर सका वहीं दूसरी ओर पूरन होने की पुष्टि भी नहीं कर सका। गौशाला के संदर्भ में जब स्थानीय सभासद रामनिवास त्रिपाठी से फोन के माध्यम से बातचीत हुई तो उन्होंने गौशाला की अस्त-व्यस्त व्यवस्था चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि उक्त गोवंश आश्रय की अनियमिताओ के मामले में जब कभी भी किसी अधिकारी या कर्मचारी से बात करने का प्रयास किया जाता है तो वह सुनने से कतराते हैं। यही नहीं गौशाला के संदर्भ में वह कई बार मौखिक एवं लिखित शिकायत कर चुके हैं, मगर आज तक कोई सुनवाई नहीं हो सकी. जो संबंधित अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर प्रश्न चिन्ह लगाता है।

# नाली की महीनों से टूटी पड़ी जाली, कई वाहन क्षतिग्रस्त

## नोएडा सेक्टर-45 सदरपुर कॉलोनी में प्राधिकरण की लापरवाही से बढ़ा खतरा

समाज जागरण



नोएडा। नोएडा सेक्टर-45 स्थित सदरपुर कॉलोनी की गली नंबर-18 में नाली की जाली पिछले कई महीनों से टूटी पड़ी है। नोएडा प्राधिकरण के संबंधित अधिकारियों और जिम्मेदार विभाग की लापरवाही के चलते यह समस्या गंभीर रूप ले चुकी है। इस टूटी जाली के कारण जहां स्थानीय लोग चोटिल हो रहे हैं, वहीं अब तक कई दोपहिया और चारपहिया वाहन क्षतिग्रस्त हो चुके हैं।

स्थानीय निवासियों के अनुसार इस समस्या की शिकायत सोशल मीडिया और आईजीआरएस पोर्टल के माध्यम से कई बार की जा चुकी है, लेकिन इसके बावजूद अब तक न तो जाली की मरम्मत कराई गई और न ही किसी प्रकार की अस्थायी सुरक्षा व्यवस्था की गई।

बताया गया कि टूटी नाली के पास श्री जी संस्कार पब्लिक स्कूल और आदर्श पब्लिक स्कूल स्थित हैं। स्कूल आने-जाने वाले बच्चों के लिए यह टूटी जाली लगातार खतरा बनी हुई है। कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी आंख मूंदे बैठे हैं।

घने कोहरे के कारण दृश्यता कम होने पर कई वाहन चालक इस टूटी नाली में गिर चुके हैं, जिससे वाहनों को नुकसान पहुंचा है और कुछ चालकों को चोटें भी आई हैं। चारपहिया वाहनों को इस मार्ग से गुजरने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

स्थानीय लोगों ने नोएडा प्राधिकरण से मांग की है कि जल्द से जल्द नाली की जाली की मरम्मत कराई जाए और तब तक चेतावनी बोर्ड या बैरिकेडिंग लगाई जाए, ताकि किसी बड़े हादसे से बचा जा सके।

# फील्ड पर उतरें अधिकारी, किसी श्रद्धालु को न सहनी पड़े असुविधा: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

समाज जागरण





लखनऊ, 2 जनवरी: मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी ने शुक्रवार सायं आगामी पर्व-त्योहारों एवं माघ मेला के दृष्टिगत वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संबंधित जनपदों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय सुरक्षा एवं व्यवस्थागत समीक्षा बैठक की। बैठक में मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुविधा एवं सुचारू आयोजन राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी।

* मुख्यमंत्री ने प्रयागराज, वाराणसी, अयोध्या, चित्रकूट, हापुड़ (गढ़मुक्तेश्वर), मथुरा-वृंदावन, फरुर्खाबाद, शाहजहांपुर सहित माघ मेला से जुड़े सभी प्रमुख जनपदों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि श्रद्धालुओं के आवागमन, घाटों व मंदिर परिसरों की स्वच्छता, निर्बाध विद्युत आपूर्ति, महिलाओं के लिए चेंजिंग रूम, कंट्रोल रूम, भीड़ प्रबंधन एवं मेला क्षेत्र में प्रवेश-निकास की सुगम व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी भी स्थिति में अराजकता को बढ़ावा न मिले और सभी श्रद्धालु सुरक्षित वातावरण में स्नान एवं पूजा कर सकें।

* मुख्यमंत्री ने प्रयागराज में पौष पूर्णिमा पर अनुमानित 15 से 25 लाख श्रद्धालुओं के आगमन को देखते हुए स्वास्थ्य सेवाओं को विशेष रूप से सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अस्पतालों, मेडिकल स्टाफ, एम्बुलेंस, स्वच्छ शौचालय, पेयजल एवं महिला सुविधाओं की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। घाटों पर गोताखोरों की पर्याप्त तैनाती रहे ताकि किसी भी आपात स्थिति से तत्काल निपटा जा सके।

* महिलाओं की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि मेला क्षेत्रों एवं सार्वजनिक स्थलों पर संदिग्ध एवं अराजक तत्वों की पहचान कर उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए। किसी भी महिला श्रद्धालु को असुविधा या भय का सामना न करना पड़े, यह प्रशासन सुनिश्चित करे।

* नगर विकास एवं पंचायती राज विभाग को निर्देश देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी जनपदों में स्वच्छता अभियान को तीव्र किया जाए, विशेष रूप से मलिन बस्तियों में व्यापक साफ-सफाई एवं शुद्ध पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, जिससे संक्रामक रोगों की संभावना को रोका जा सके। उन्होंने कहा कि स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण प्रत्येक नागरिक का अधिकार है।

* भीषण शीतलहर को देखते हुए मुख्यमंत्री ने रैन बसेरों की पर्याप्त व्यवस्था, अलाव जलाने, रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड एवं सार्वजनिक स्थलों पर प्रकाश व्यवस्था सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि कोई भी व्यक्ति खुले आसमान के नीचे सोने के लिए विवश न हो। पुलिस पेट्रोलिंग बढ़ाई जाए और जरूरतमंदों को रैन बसेरों तक पहुँचाया जाए।

* मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी वरिष्ठ अधिकारी आज रात्रि में ही मेला स्थल का निरीक्षण कर लें तथा अधीनस्थ अधिकारियो और कर्मचरियों को समस्त व्यवस्थाएं सुनिश्चित किए जाने हेतु निर्देश दे दें। नदी में तेज बहाव तथा गहराई की दशा में बैरिकेडिंग लगाकर सुरक्षा सुनिश्चित कर ली जाए। कोई भी नाविक श्रद्धालुओं से मनमाना शुल्क न लें।

* इस कड़ी में उन्होंने तीर्थ स्थानों व अन्य महत्वपूर्ण स्थलों पर नाव परिचालन को लेकर मनमर्जी किराया वसूलने तथा होटलों द्वारा मनमानी किए जाने को लेकर सख्त निर्देश जारी किया कि ऐसा कोई भी कार्य नहीं होनी चाहिए इस बात को वरिष्ठ अधिकारी फील्ड पर उतर कर सुनिश्चित करें।

* मुख्यमंत्री ने संगठनों के नाम पर अराजकता फैलाने, गुंडागर्दी करने अथवा प्रशासन पर दबाव बनाने वाले तत्वों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा और आम नागरिक को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होने दी जाएगी।

* मुख्यमंत्री ने प्रदेश के सभी जनपदों को बाढ़ बचाव की योजना के विषय में कार्य करने का निर्देश देते हुए अगले 10 दिनों में इसको लेकर विस्तृत कार्ययोजना के निर्माण का निर्देश दिया। उन्होंने इस विषय में मुख्यमंत्री कार्यालय, मुख्य सचिव व प्रमुख सचिव के माध्यम से सूचित करने का निर्देश भी दिया।

* भूमि कब्जा करने वाले माफिया एवं असामाजिक तत्वों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई के निर्देश देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आमजन की भूमि एवं संपत्ति की सुरक्षा राज्य सरकार की जिम्मेदारी है और इसमें किसी भी स्तर पर ढिलाई नहीं बरती जाएगी।

* मुख्यमंत्री ने जनसुनवाई व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश देते हुए कहा कि जिला स्तर पर नियमित जनसुनवाई आयोजित कर शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण किया जाए। इसमें लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी।

* बैठक में मुख्यमंत्री ने लोक निर्माण विभाग को निर्देश दिए कि जिला मुख्यालयों, सर्किट हाउस, तहसील एवं ब्लॉक मुख्यालयों के समीप स्थायी हेलीपैड के लिए भूमि चिन्हित कर आवश्यक कार्रवाई की जाए, जिससे भविष्य में अस्थायी व्यवस्थाओं पर निर्भरता न रहे।

* साथ ही, सड़कों पर लगने वाले जाम की समस्या पर संज्ञान लेते हुए मुख्यमंत्री ने अवैध टैक्सी स्टैंड, बस स्टैंड एवं वेंडरों को हटाकर निर्धारित स्थलों पर व्यवस्थित करने के निर्देश दिए, जिससे यातायात सुचारू हो और आमजन को जाम से राहत मिले।

* मुख्यमंत्री ने अंत में कहा कि सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ युद्धस्तर पर कार्य करें और यह सुनिश्चित करें कि पर्व-त्योहारों एवं माघ मेला के दौरान प्रदेश में शांति, सुरक्षा एवं सुव्यवस्था का वातावरण बना रहे।

# साक्षी चंदौसी स्टार ने हर्षोल्लास के साथ किया नववर्ष का स्वागत

**समाज जागरण**




चंदौसी। साक्षी सेवा समिति चंदौसी जिला संभल उत्तर प्रदेश की शाखा साक्षी चंदौसी स्टार के तत्वाधान में संभल गेट गौशाला स्थित साक्षी सेवा समिति के कार्यालय में कलैंडर नव वर्ष का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम प्रदेश अध्यक्ष रंजना शर्मा ओर अतिथि आशा सारस्वत द्वारा मां सरस्वती देवी के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित किया गया। उसके बाद साक्षी स्टार की अध्यक्ष बबिता बिंदल सहित समस्त सम्मानित सदस्यों ने कल्याण मंत्र सर्वे भवन्तु सुखिनः, सर्वे सन्तु निरामया। सर्वे भद्राणि पश्यन्तु मा कश्चिद दुःख भाग भवेत। प्रभु सुख, शांति, शक्ति, सम्पति, संयम, सादगी, सफलता, समृध्दि, साधना, सुसंस्कार, और स्वास्थ्य दें का पाठ किया। उसके बाद विभिन्न खेलों का शुभारंभ किया गया। लक्की ड्रा में प्रथम मनी पोरवाल, द्वितीय उर्मिला शर्मा, तृतीय सुनीता शर्मा स्थान प्राप्त किया। चूड़ी वाले खेल को जय श्री ने जीता। जीतने वाले समस्त सदस्यों ओर अन्य समस्त सदस्यों अध्यक्ष सुधा शर्मा सचिव दमयंती सिंह, कोषाध्यक्ष गीताजंली मदान, उपाध्यक्ष सुनीता शर्मा, सुधा शर्मा, रानी शर्मा, मधु गुप्ता, सुश्री श्रेया, दीक्षा,प्रदेश अध्यक्ष रंजना शर्मा द्वारा उपहार देकर सम्मानित किया गया।साथ ही स्टार परिवार द्वारा अपनी संरक्षिका चंद्रकला सैनी ओर पूर्व अध्यक्ष सुधा शर्मा का जन्मदिन भी हर्षोल्लास से मनाया गया।उसके बाद सदस्यों ने सुक्ष्म जलपान का आनंद लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बबिता बिंदल ने ओर संचालन दमयंती सिंह ने किया।

# प्रतिबंधित दवाई बेचने वाले लोगों की निंदा, गलत काम करने वालों का साथ नहीं देगी एसो.

**समाज जागरण ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**



जनपद बिजनौर। जिला केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन की जिला कार्यकारिणी की एक आपात बैठक जिला कार्यालय पर जिला अध्यक्ष सुबोध कुमार की अध्यक्षता एवं पुखराज सिंह मलिक के संचालन में संपन्न हुई। बैठक में जिला अध्यक्ष सुबोध कुमार ने दो टूक कहा कि अधिक लाभ कमाने के चक्कर में कुछ नवीन केमिस्ट साथियों ने प्रतिबंधित दवाइयां बेचकर जनपद बिजनौर के पूरे केमिस्ट समाज को गंदा कर दिया है जिससे समाज पर एवं शासन, प्रशासन की नजर में जनपद बिजनौर के केमिस्ट साथियों की छवि खराब हो रही है। सुबोध कुमार ने कहा कि एक समय में सम्मानित व्यवसाय कहलाए जाने वाला मेडिकल स्टोर्स का कारोबार आज कुछ केमिस्ट साथियों की गलत नीतियों के कारण बदनाम हो चुका है। जिला केमिस्ट एसोसिएशन अवैध कार्यों में संलिप्त ऐसे किसी भी केमिस्ट साथी का कोई भी सहयोग नहीं करेगी। बल्कि शासन प्रशासन का सहयोग करेगी। बैठक में सभी वक्ताओं ने जनपद बिजनौर के समस्त केमिस्ट साथियों से अपने व्यापार को साफ सुथरा करने की हिदायत दी तथा कहा कि साफ सुथरा कार्य करने वाले सभी केमिस्ट साथियों के साथ यूनियन हमेशा साथ खड़ी है और खड़ी रहेगी। बैठक में सभी वक्ताओं ने नवीन केमिस्ट साथियों के मार्गदर्शन के लिए जिला स्तर पर एक बडी कार्यशाला का आयोजन करने पर भी विचार किया। बैठक में सर्वश्री सतीश गहलोत, इंदर सिंह चौहान, चौधरी वीरपाल सिंह, प्रदीप कुमार, सुनील चौधरी, जमीरउद्दीन उस्मानी, केके अग्रवाल आदि कई जिला कार्यकारिणी के केमिस्टों ने अपने विचार रखे।

# डॉ. पी.सी. मिश्रा क्रिकेट टूनार्मेंट का भव्य समापन.......

## निगोहां प्रेस क्लब ने जीती ट्रॉफी, रोमांचक फाइनल में रानू प्रधान इलेवन को हराया......

**आशीष पांडेय समाज जागरण संवाददाता निगोहा**

लखनऊ,निगोहां के एसएनटी मैदान में आयोजित डॉ. पी.सी. मिश्रा क्रिकेट टूनामेंट का शुक्रवार को उत्साह और रोमांच के साथ भव्य समापन हुआ। सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबलों में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर दर्शकों को रोमांचित कर दिया। फाइनल में निगोहां प्रेस क्लब ने रानू प्रधान इलेवन को हराकर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया।टूनामेंट के सेमीफाइनल मुकाबले में निगोहां प्रेस क्लब और पीसीएम टीम आमने-सामने रही। 13 ओवर के इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए निगोहां प्रेस क्लब ने आक्रामक खेल दिखाते हुए 188 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी पीसीएम की टीम दबाव में बिखर गई और 89 रन पर ही सिमट गई। इस एकतरफा जीत के साथ निगोहां प्रेस क्लब ने फाइनल में प्रवेश किया।फाइनल मुकाबला निगोहां प्रेस क्लब और रानू प्रधान इलेवन के बीच 16 ओवरों का खेला गया, जो अंत तक बेहद रोमांचक रहा। टॉस जीतकर निगोहां प्रेस क्लब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 101 रन बनाए। जवाब में रानू प्रधान इलेवन ने संघर्षपूर्ण खेल दिखाया, लेकिन 16 ओवर में 9 विकेट खोकर 92 रन ही बना सकी। इस तरह निगोहां प्रेस क्लब ने फाइनल मुकाबला जीतकर खिताब अपने नाम कर लिया।मैच के बाद आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में टूनामेंट के आयोजक अंकुर मिश्रा ने विजेता टीम निगोहां प्रेस क्लब को 5 फीट ऊंची ट्रॉफी और 1,51,000 रुपये का चेक प्रदान कर सम्मानित किया। वहीं उपविजेता रानू प्रधान इलेवन को ट्रॉफी के साथ 1 लाख रुपये का नकद पुरस्कार दिया गया।पूरे टूनामेंट में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द सीरीज का खिताब विजेता टीम के मो. सैफ को दिया गया, जिन्होंने 87 रन बनाने के साथ 7 विकेट भी झटके। फाइनल मैच में शानदार खेल के लिए मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार अनिकेत को मिला, जिन्होंने नाबाद 18 रन बनाए और 2 विकेट हासिल किए।मैच को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाने वाले स्कोरर विशाल गुप्ता, अभिषेक मिश्रा, राजा शंकर, अंशुल, अनुराग यादव, जतिन तथा अंपायर सूरज नागर और टिंकू द्विवेदी को भी सम्मानित किया गया।

समापन समारोह में भाजपा जिलाध्यक्ष लखनऊ विजय मोर्या, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष धीरू पाण्डेय, भाजपा अनुसूचित मोर्चा जिलाध्यक्ष कामता प्रसाद , टूनार्मेंट के संरक्षक संजीव शुक्ला, अमरपाल सिंह, अजय सिंह,
सहित कौशेन्द्र, नवीन मिश्रा, नवीन मिश्रा, अंकित मिश्रा, पंकज मिश्रा समेत कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। मैदान में हजारों दर्शकों की मौजूदगी रही, जबकि मैच का ऑनलाइन लाइव प्रसारण लाखों लोगों ने देखा।टूनामेंट के सफल आयोजन से क्षेत्र में क्रिकेट प्रेमियों और युवाओं में उत्साह का माहौल है और आयोजकों के प्रयासों की सराहना की जा रही है।

# धार्मिक स्थल में तोड़फोड़ के आरोप में एक गिरफ्तार

**समाज जागरण**
**ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**



जनपद बिजनौर धामपुर। थाना क्षेत्र के गांव सरकड़ा चकराजमल स्थित शिव मंदिर में रात को नंदी की मूर्ति और शिवलिंग को खंडित करने के मामले में पुलिस ने एक आरोपी युवक को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए युवक से पुलिस पूछताछ कर रही है। पुलिस का कहना है कि आरोपी ने शराब के नशे में आधी रात के बाद मंदिर पहुंचकर तोड़फोड़ करने की वारदात को अंजाम दिया है। मामले की जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी। गुरुवार की सुबह को ग्रामीण पूजा अर्चना करने के लिए मंदिर पहुंचे तो उन्होंने वहां पर तोड़फोड़ देखी। इसका पता लगने पर लोगों में रोष फैल गया। ग्रामीण दिनेश कुमार सैनी, सुभाष चौहान, कर्मवीर सिंह, शुभम कुमार, नरेन्द्र सिंह व हिरेंद्र सिंह आदि ने बताया कि उनके गांव में भगवान शिवजी का मंदिर है। बुधवार की देर रात किसी असामाजिक तत्व ने मंदिर में घुसकर नंदी महाराज की मूर्ति और शिवलिंग को खंडित कर दिया। ग्रामीणों का आरोप है कि किसी असामाजिक तत्व ने गांव के माहौल को खराब करने के उद्देश्य से ऐसा किया होगा है। लोगों ने मामले की सूचना पुलिस दी। लोगों ने आरोपियों का पता लगा करने की मांग की। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी का पता लगने का प्रयास किया गांव वालों के सहयोग से मंदिर में खंडित मूर्तियों के स्थान पर दूसरी मूर्तियों को लाकर स्थापित करने का प्रयास किया जा रहा है। पुलिस क्षेत्राधिकारी धामपुर सरकड़ा चकराजमल स्थित शिव मंदिर में रात को नंदी की मूर्ति और शिवलिंग को खंडित करने का मामला अभय कुमार पांडेय ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर एक आरोपी युवक को हिरासत में लिया गया है। उन्होंने बताया कि आरोपी विदित राजपूत गांव का ही रहने वाला है। मामले में उचित कार्रवाई की जाएगी।

# नि:शुल्क चिकित्सीय शिविर का आयोजन किया गया

**समाज जागरण**
**ओंकार नाथ चौधरी**




जनपद श्रावस्ती पारस इंडिया संस्था, नई दिल्ली द्वारा ग्राम कटकुइयां कला, पोस्ट कटकुइयां कला, विकास खंड सिरसिया, जनपद श्रावस्ती में एक निःशुल्क चिकित्सीय शिविर का आयोजन किया गया, इस समय जिले में शीतलहर का प्रकोप जारी है जिस कारण लोगों का स्वास्थ्य अत्यधिक प्रभावित हो रहे है, लोगों में सर्दी, जुकाम, बुखार, फेफड़े में संक्रमण, अस्थमा, एलर्जी होने की समस्या बढ़ जाती है, इस सभी समस्याओं को देखते हुए संस्था द्वारा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 415 से अधिक लोग लाभान्वित हुए। चिकित्सीय शिविर में आए डॉक्टर डॉ शाहीन जी, डॉ मारूफ अहमद और डॉ शिवानी जी ने शिविर में आए हुए लोगों को सर्दी, खांसी, जुकाम, बुखार, इन्फेक्शन, मौसमी बीमारी, खुजली, शुगर की जाँच कर उचित परामर्श दिया और फॉर्मशिस्ट पवन कुमार और फार्मासिस्ट तरूण शुक्ला के द्वारा जरुरी दवा वितरण की गई क शिविर में आए लोगों को शीतलहर से बचने के लिए प्रयाप्त गर्म कपडें जैसे टोपी, स्वेटर, मफलर का उपयोग करने के लिए कहा गया साथ ही स्वास्थवर्धक गर्म भोजन का सेवन करने की सलाह दी गई ।

शिविर में उपस्थित मनीष कुमार, समन्वयक पारस इंडिया ने जानकारी देते हुए बताए कि संस्था पिछले कुछ वर्षों से नीति आयोग द्वारा चयनित आकांक्षी जिले और ब्लॉक में विभिन्न कार्यक्रमों जैसे शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला आजीविका, जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से जन समुदाय को जागरूक, सशक्त और आत्मनिर्भर बना रही है इसी प्रयास को आगे बढ़ाते हुए संस्था ने आज कटकुइयां कला, विकास खंड सिरसिया में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया, संस्था पिछले कई वर्षों से इस क्षेत्र में विशेष रूप से थारू जनजाति समुदाय को सशक्त बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है क स्वास्थ्य शिविर में ग्राम प्रधान प्रतिनिधि लाल बिहारी, अठट सोनी देवी, आशा वर्कर कुशमा देवी और रामकली, ग्रामीण राजकुमार, कामता प्रसाद, दुखीराम, ओमप्रकाश, हेमलता राणा, प्रेमकुमारी, अखिल, मीरा देवी, आशा देवी ,पूजा देवी, विनय, जिगरी, किरण, विष्णुनाथ और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# आईजीआरएस पर बाजार बंदी लागू किए जाने की मांग की

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर नगीना। समाजसेवी द्वारा आइजीआरएस पर कि गई शिकायत पर उप श्रमायुकत मुरादाबाद ने नगर में होने वाली सोमवार को साप्ताहिक बंदी कराए जाने के सख्त निर्देश दिए हैं।

मालूम हो कि मोहल्ला लालसराय निवासी गौरव ने 20 दिसंबर को आइजीआरएस पर ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई थी जिसमें गौरव कुमार ने नगर में सोमवार के दिन होने वाली साप्ताहिक बाजार बंदी पिछले 2 वर्षों से नहीं हो रही है जिसका कारण श्रम परिवर्तन अधिकारी नगीना का नहीं आना है उन्होंने यह भी बताया कि लेबर इंस्पेक्टर का ऑफिस नगीना में नहीं होने के कारण वह नगीना में ध्यान नहीं दे रहे हैं, उन्होंने शिकायत कर नगर में सोमवार को होने वाली साप्ताहिक बाजार बंदी कराई जाने की पुरजोर मांग की है साथ ही श्रम अधिकारी नगीना का ऑफिस नगीना में खुलवाए जाने की भी मांग की है , गौरव ने यह भी शिकायत में कहां की नगर क्षेत्र में कास्ट कल कार्यालय कास्ट कलकारखानों से लेकर होटल चाय की दुकानों और अन्य दुकानों पर भी बाल मजदूर कार्य कर रहे हैं जो बाल उत्पीड़न के दायरे में आता है उन्होंने बाल मजदूरों पर भी अंकुश लगाने और सस्ते में बाल मजदूर रखने वाले व्यापारियों कॉस्ट कल कारखाना स्वामियों होटल और चाय की दुकान स्वामियों के प्रतिष्ठानों पर छापामार कार्रवाई कर बाल मजदूर पकड़े जाने पर उनके विरुद्ध सख्त कार्यवाही करने की भी मांग की है। इस संबंध में नगर श्रम परिवर्तन अधिकारी से फोन द्वारा संपर्क किया गया लेकिन उन्होंने कॉल रिसीव नहीं की।

# नव नियुक्त मंडावली थाना प्रभारी से मिलने पहुंचे भीम आर्मी के सदस्य

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर नजीबाबाद के क्षेत्र थाना मंडावली में नव नियुक्त थाना प्रभारी से मिलने पहुंचे भीम आर्मी के सदस्य नववर्ष कल 1जनवरी सन 2026 को की मुलाकात नवनियुक्त थाना प्रभारी मंडावली श्री राकेश कुमार जी से मिलकर सम्मानित भेट की भेंट कर उनको बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा देकर स्वागत किया टीम भीम आर्मी तहसील यूनिट नजीबाबाद के नव नियुक्त राकेश कुमार जी को बाबा साहब की प्रतिमा देखकर सम्मानित किया गया भीम आर्मी के सदस्य नजीबाबाद तहसील के क्षेत्र के भीम आर्मी विष्णु कुमार गौतम तहसील अध्यक्ष और विक्की कुमार रावण मीडिया प्रभारी विकास कुमार तहसील कार्यकर्ता सुमित कुमार नरोत्तम कुमार नवनीत कुमार आकाश कुमार विक्रम कुमार निखिल कुमार मोहन कुमार यशराज सिंह सरवन कुमार विकूल राणा थाना मंडावली नवनियुक्त थाना प्रभारी राकेश कुमार जी से मिलने पहुंचे



# तहसील नजीबाबाद में जिला अधिकारी जसजीत कौर ने गरीबों को कंबल बांटे

**समाज जागरण मुस्कान खान**




जनपद बिजनौर नजीबाबाद तहसील नजीबाबाद प्रांगण में पहुंचकर जिलाधिकारी जसजीत कौर जी का ब्लॉक प्रमुख जिला अध्यक्ष ने फूलों का गुलदस्ता देकर स्वागत किया आज शहर नजीबाबाद के तहसील में डीएम जसजीत कौर ने आज बड़ी संख्या में गरीबों और बेसहारों को कंबल वितरण किया हजारों की संख्या में लोग पहुंचे और गरीबों को कंबल दिए गए जिला जसजीत कौर भाजपा की नीति है आखिर से आखिर व्यक्ति को सहायता पहुंचनी चाहिए इसी कड़ी में कंबल वितरण किए गए

कंबल वितरण समारोह में जिलाधिकारी एसडीएम तहसीलदार नायक तहसीलदार भाजपा जिला अध्यक्ष ब्लॉक प्रमुख और बड़ी संख्या में ग्राम प्रधान मौजूद रहे

# दुर्घटना में बाइक चालक कैलाश वाल्मीकि की मौत

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर नगीना । नेशनल हाईवे 74 सड़क किनारे खड़ी मैजिक में पीछे से घुसने से बाइक चालक कैलाश वाल्मीकि की मौत हो गई परिवार में मातम छाया है बैराज घाट ले जाकर अंतिम दाह संस्कार किया गया ।



सी ओ सर्किल क्षेत्र के ग्राम दौलताबाद निवासी कैलाश वाल्मीकि पुत्र छोटेलाल गत मंगलवार को ग्राम मंडावली से अपने रिश्तेदारों की खैर खबर लेकर बाइक से लौट रहा था जब वह शाम 4 बजे दौलताबाद के निकट पहुंचा जहां पूर्व ही नेशनल हाईवे 74 किनारे खडी मैजिक गाड़ी कोहरा होने के कारण कैलाश की बाइक पीछे से मैजिक मे जा घुसी जिससे कैलाश वाल्मीकि की सर में नाजुक चोट आने से गंभीर रूप से घायल हो गया था घटना गांव के निकट होने के कारण तमाम ग्रामीण घटनास्थल पहुंचे और घायल कैलाश की सूचना परिजनों को दी सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और गंभीर रूप से घायल कैलाश को बिजनौर उपचार के लिए ले गए जहां से प्राथमिक उपचार के बाद कैलाश को मेरठ के लिए रेफर किया गया जहां उसकी उपचार के दौरान बृहस्पतिवार को मौत हो गई, शुक्रवार की दोपहर को कैलाश वाल्मीकि का बैराज घाट ले जाकर उसका अंतिम दास संस्कार किया गया।

मृतक कैलाश तीन बच्चों समेत पूरा परिवार रोता बिलखता छोड़ गया कैलाश की मौत से परिजनों में कोहराम मचा है।

# झारखंड

# आदित्यपुर में पत्रकार पर जानलेवा हमला, सुभाष परिवार के सदस्यों ने की बेरहमी से पिटाई

**अभय कुमार मिश्रा, दैनिक समाज जागरण, ब्यूरो चीफ, कोल्हान झारखंड**



सरायकेला खरसावां (झारखंड) 02 जनवरी 2025: सरायकेला खरसावां जिला के आदित्यपुर थाना अंतर्गत हरिओम नगर में पत्रकार अंकित शुभम और उनके परिवार के सदस्यों पर सुभाष यादव के परिवार के सदस्यों ने जानलेवा हमला कर दिया। इस हमले में अंकित शुभम और उनके परिवार के सदस्यों को गंभीर चोटें आई हैं। घटना 11. 30 बजे की आसपास की बताई जा रही है। अंकित शुभम के पिता ने बताया कि घटना के वक्त अपने बेटे को कई बार बचाने की कोशिश की गई, लेकिन उनके परिवार के सदस्यों ने घेर कर बेटे को मारपीट कर लहूलोहान कर दिया। वहीं, चार पहिया वाहन से चढ़कर जान से मारने की भी कोशिश की गई, गनीमत रही कि आसपास के लोगों ने किसी तरह बचाया। घटना के बाद अंकित शुभम से सोने का चैन छिनताई करने का प्रयास किया गया।

स्थानीय निवासियों ने बताया कि सुभाष यादव का घर अंतिम छोर में है, जहां वाहन लगाने को लेकर हल्की सी बहस हुई थी। इसके बाद सुभाष यादव ने अपने रिस्तेदार सीआरपीएफ जवान संजीव कुमार को बुलवाया और लाठी-डंडे से घर में घुसकर अंकित शुभम के पिता, बहन और माता को बुरी तरह से पिटाई कर घायल कर दिया। साथ ही उन्होंने बताया कि सुभाष यादव अक्सर आसपास के लोगों से बदतमीजी करते रहते हैं। रास्ते में कई बार गाड़ी लगे रहने पर गाड़ी भी अपने मनमर्जी से पलट देते हैं। पुलिस ने बताया कि पार्किंग को लेकर नोक-जोक हुई थी, जिसके बाद कुछ लोगों ने मारपीट कर दी। अंकित शुभम को काफी ज्यादा चोट लगी है, जिसमें नाक से ज्यादा खून निकल गया है। आदित्यपुर थाना प्रभारी ने स्पष्ट कर दिया है कि आरोपी को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने लिखित आवेदन के आधार पर जांच शुरू कर दी है। घटना जिस जगह हुई हैं उसके आसपास सीसीटीवी कैमरा भी लगी हुई हैं।

हालांकि, मीडिया द्वारा कवरेज करने के दौरान भी सुभाष यादव के परिवार द्वारा बदतमीजी भी की गई।

# स्वर्गीय तारकेश्वर महतो के तृतीय पुण्यतिथि पर चार जनवरी को श्रद्धांजलि सभा का आयोजन।

**भुनेश्वर कुमार महातो, संवाददाता - समाज जागरण**

बेरमो / ऊपरघाट : नावाडीह प्रखंड के ऊपरघाट कंजकिरो पंचायत पिलपिलो निवासी स्वर्गीय तारकेश्वर महतो की तृतीय पुण्यतिथि 4 जनवरी रविवार को उनके पृतक आवास पिलपिलो में मनाई जाएगी। इस अवसर पर उनके परिवार और समर्थकों ने श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए एक कार्यक्रम का आयोजन किया है। तारकेश्वर महतो एक समाजसेवक और पूर्व सांसद प्रतिनिधि थे, जिन्होंने क्षेत्र में खेल, शिक्षा और अधिकारों के लिए काम किया था। उन्होंने अपने जीवन में कई महत्वपूर्ण कार्य किए, जिनमें से कुछ प्रमुख हैं: शिक्षा के क्षेत्र में योगदान: तारकेश्वर महतो ने शिक्षा के महत्व को समझा और क्षेत्र में कई स्कूलों की स्थापना में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। खेल के क्षेत्र में योगदान: उन्होंने खेल के क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया और कई युवाओं को खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। अधिकारों के लिए लड़ाई: तारकेश्वर महतो ने हमेशा गरीब और वंचित वर्गों के अधिकारों के लिए लड़ाई लड़ी और उनके हक की आवाज उठाई। उनके पुत्र मनोज कुमार महतो ने जानकारी देते हुए बताया कि उनकी याद में कई कार्य किए जाएंगे और उनके सपनों को पूरा करने के लिए काम किया जाएगा।

# ऊपरघाट के प्रवासी मजदूर उमेश महतो की मुम्बई में मौत, परिजनों ने शव लाने के लिए सरकार से लगाई गुहार

**भुनेश्वर कुमार महातो , संवाददाता - समाज जागरण**



बेरमो / ऊपरघाट : प्रवासी मजदूरों की मौत का सिलसिला थम नहीं रहा है. ऐसा कोई महीना या पखवारा नहीं है, जब प्रवासी मजदूरों को लेकर बुरी खबर आती है. एक बार फिर बोकारो जिले के ऊपरघाट स्थित पेंक - नारायणपुर थाना क्षेत्र जुरामना गांव के प्रवासी मजदूर उमेश महतो की मौत की खबर सामने आ रही है. जानकारी के अनुसार उमेश महतो की शुक्रवार को मुम्बई के ओरंगाबाद में अहले सुबह मौत हो गयी है.वे अपने पीछे दो बच्चे सहित पत्नी को छोड़ गया। उमेश परिवार का एकमात्र कमाऊ सदस्य था और वह वहां सबस्टेशन में काम करता था.

**आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने के कारण शव लाने में असमर्थ हैं परिजन**

उमेश महतो की मौत की खबर से परिजनों सहित पूरे गांव में मातम पसर गया है. आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने के कारण परिजन उमेश महतो का शव लाने में असमर्थ है. उन्होंने सरकार से मुम्बई से शव लाने के लिए मदद की गुहार लगायी है. वहीं इस घटना को लेकर प्रवासी मजदूरों के हित में कार्य करने वाले नावाडीह प्रखण्ड (ऊपरघाट) निवाशी समाजसेवी भुनेश्वर कुमार महातो संवेदना व्यक्त करते हुए राज्य सरकार से शव लाने और उनको कंपनी से उचित मुआवजे की मांग करते हुए कहा कि रोजगार की तलाश में झारखंड के लोग बाहर जाते हैं. उनकी विभिन्न कारणों से मौत हो जाती है. प्रवासी मजदूरों की मौत की खबरें लगातार सामने आ रही हैं. राज्य सरकार को स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर प्रदान करने चाहिए, ताकि मजदूरों के पलायन और इस तरह हृदय विदारक घटनाएं रोके जा सके।

# गोनियाटो पंचायत के जेएलकेएम सदस्यों के द्वारा मनाया गया वनभोज

**भुनेश्वर कुमार महातो, संवाददाता - समाज जागरण**

बेरमो / ऊपरघाट : नावाडीह प्रखंड के ऊपरघाट स्थित गोनियाटो पंचायत के विधायक प्रतिनिधि संतोष कुमार महतो, जेएलकेएम सदस्यों के द्वारा



वनभोज आरमो नदी में शुक्रवार को मनाया गयो जिसमें पंचायत अध्यक्ष कमलेश कुमार महतो, युवा मोर्चा के प्रखंड उपसचिव पप्पू कुमार, युवा नेता मंटू कुमार महतो, प्रदीप कुमार सदस्य मंटू मास्टर, अजय कुमार महतो, महेंद्र मरांडी, विनोद कुमार,भावी मुखिया श्याम बाबू सोरेन, कार्तिक महतो, समाज सेवी पांडू मुर्मू,निर्मल चंद महतो, रंजीत, मनोज चितरंजन महतो सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे

# आदिवासी स्कूली बच्चों को प्रोत्साहित करना सराहनीय कदम: बेबी देवी

## श्री शिव स्वास्थ्य एवं शिक्षा सेवा ट्रस्ट ने स्कूली बच्चों के साथ मनाया वनभोज

**भुनेश्वर कुमार महातो, संवाददाता - समाज जागरण**



बेरमो / ऊपरघाट : श्री शिव स्वास्थ्य एवं शिक्षा सेवा ट्रस्ट बोकारो थर्मल की ओर से शुक्रवार को नव प्राथमिक विद्यालय मांझी टोला, उमवि छोटकी कुड़ी व नव प्राथमिक विद्यालय अंधुवा के स्कूली बच्चों के साथ छोटकी कुड़ी स्थित गोदो नाला में वनभोज का आयोजन किया गया। वनभोज का आनंद लेकर बच्चे काफी आनंदित हुए। यहां आयोजित वनभोज समारोह की मुख्य अतिथि झामुमो की नेता सह पूर्व मंत्री बेबी देवी ने छोटे-छोटे बच्चों को उत्साहित देखकर कर कहा कि शिक्षकों के सहयोग से श्री शिव स्वास्थ्य एवं शिक्षा सेवा ट्रस्ट का बच्चों को वनभोज देना काफी सराहनीय कदम है। इससे बच्चों को स्कूल जाने और पढ़ाई करने में रुचि बढ़ती है। विशिष्ट अतिथि पूर्व जिला परिषद सदस्य सह आजसू पार्टी नेता टिकैत कुमार महतो ने संबोधित करते हुए कहा कि श्री शिव स्वास्थ्य एवं शिक्षा सेवा ट्रस्ट ने नन्हे मुन्ने स्कूली बच्चों के चेहरे पर वनभोज के बहाने मुस्कान लाने का सराहनीय कार्य किया है। अब वनभोज हो तो बच्चों को कुछ वस्त्र भी दिया जाना चाहिए उसमें हमारा भी सहयोग रहेगा ताकि एक अच्छा संदेश भी जाए। संस्था के संस्थापक सह सचिव भुनेश्वर साव ने कहा कि हमलोग समय-समय पर इस सुदूर क्षेत्र के स्कूली बच्चों के बीच आकर उनमें शिक्षा के प्रति रुचि बढ़ाने और पढ़ाई में बेहतर करने वाले बच्चों को प्रोत्साहन राशि, पुस्तकें और वस्त्र संस्था द्वारा दिया जाता है ताकि इस क्षेत्र के बच्चों में शिक्षा के प्रति रुचि बढ़े। राजद नेता सह ट्रस्ट के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी योधन नायक ने कहा कि ट्रस्ट पांच साल से चल रहा और आज हमलोग चौथा साल इस क्षेत्र के बच्चों को वनभोज दे रहे हैं। साथ ही समय-समय पर संस्था द्वारा बच्चों के बीच पुस्तक, गर्म कपड़े और प्रोत्साहित करने के लिए राशि दिया जाता है। इतना ही नहीं जरूरतमंद बुजुर्ग लोगों को कम्बल भी देने का काम संस्था करती है। आज भी अनेकों बुजुर्ग महिलाओं और पुरुष को कम्बल दिया गया। इस मौके पर पंसस पार्वती देवी, संस्था के कानूनी सलाहकार गणेश तिवारी, शंभू गुप्ता, शिक्षक उमेश कुमार महतो, राम कुमार, विद्यालय समिति की अध्यक्षा रेखा देवी, दीदीओ देवी, सुमित्रा देवी, मुनिया देवी, समाजसेवी विनोद साव, सुदामा साव, अनिल गुप्ता, आशुतोष कुमार सिन्हा, राजेश कुमार, प्रेम रविदास, कुलदीप कुमार पांडे, सूरज पांडे, अरुण महतो सहित सैकड़ो लोग मौजूद थे।

# मोहल्ला खेल वार्ड-18 में बदहाल सड़क और जलभराव से नाराज लोग,

## --पालिका अध्यक्ष पर भेदभाव का आरोप लगाकर डीएम से की शिकायत

**समाज जागरण**
**कांधला।(फुरकान जंग)**

कस्बे के मोहल्ला खेल, वार्ड नंबर 18 में सड़क निर्माण न होने और जल निकासी की समुचित व्यवस्था के अभाव में स्थानीय लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कच्ची सड़क पर जगह-जगह जलभराव होने से आवागमन बाधित हो गया है, जिससे बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों को विशेष दिक्कतें झेलनी पड़ रही हैं। इस समस्या को लेकर वार्ड के सभासद पति सहित मोहल्ले के कई लोगों ने नगर पालिका अध्यक्ष पर भेदभावपूर्ण रवैया अपनाने का आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी शामली को शिकायती पत्र सौंपकर कार्रवाई की मांग की है।मोहल्लेवासियों का कहना है कि नगर पालिका अध्यक्ष ने चुनाव से पूर्व जनता से बड़े-बड़े वादे किए थे। उन्होंने कस्बे को पेरिस की तर्ज पर विकसित करने और बिना भेदभाव सभी वार्डों में विकास कार्य कराने का भरोसा दिलाया था, लेकिन चुनाव जीतने के बाद जमीनी स्तर पर हालात इसके बिल्कुल उलट नजर आ रहे हैं। वार्ड नंबर 18 में आज तक न तो पक्की सड़क का निर्माण कराया गया और न ही जल निकासी की कोई ठोस व्यवस्था की गई।सभासद पति फारूक अंसारी के साथ ही मुरसलीन अंसारी, कामयाब,



शहजाद, सलीम, शमशाद, सरताज आदि मोहल्लेवासियों ने बताया कि बरसात या थोड़ी-सी बारिश होने पर पूरी सड़क तालाब में तब्दील हो जाती है। पानी भर जाने के कारण लोगों का घरों से निकलना मुश्किल हो जाता है और बच्चों को स्कूल जाने में भी भारी परेशानी होती है। कई बार शिकायत करने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं किया गया।आरोप लगाया गया कि नगर पालिका अध्यक्ष विकास कार्यों में खुले तौर पर भेदभाव कर रहे हैं। कस्बे के अन्य इलाकों में पहले से बनी पक्की सड़कों को तोड़कर दोबारा निर्माण कराया जा रहा है, जबकि उनके वार्ड में वर्षों से कच्ची सड़क पड़ी है, जिस पर आज तक खड़ंजा तक नहीं लगाया गया। यह स्थिति नियमों और सरकारी दिशा-निर्देशों के भी विपरीत बताई जा रही है।मोहल्लेवासियों ने जिलाधिकारी शामली को दिए गए शिकायती पत्र में मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए और वार्ड नंबर 18 में शीघ्र सड़क निर्माण व जल निकासी की समुचित व्यवस्था कराई जाए, ताकि लोगों को रोजमर्रा की परेशानी से राहत मिल सके। साथ ही उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो वे मजबूरन आंदोलन का रास्ता अपनाने पर विचार करेंगे। फिलहाल तो मोहल्ले के लोगों में नगर पालिका के विरुद्ध नाराजगी बनी हुई है।

# कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराई,हादसे में चार घायल

**समाज जागरण**
**कांधला।(फुरकान जंग)**

थाना क्षेत्र के दिल्ली रोड गांव भारसी के समीप एक कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराकर पलट गई कार में सवार तीन महिलाओं सहित चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे की जानकारी मिलने पर पहुंची 108 एंबुलेंस कर्मचारियों ने घायलों को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। शुक्रवार की सवेर दिल्ली के मोहल्ला मुस्त फाबाद निवासी शहाबुद्दीन अपने परिवार की महिला आयशा, शहनाज व संजीदा के साथ शामली में गमी में शरीक होने के लिए आ रहे थे।कार सवार जैसे ही थाना क्षेत्र के दिल्ली रोड स्थित गांव भारसी के समीप



पहुंचा तो कार का बैलेंस बिगड़ गया और अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराकर खाई में पलट गई। कार चालक सहित तीनों महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गई। घायलों की चीख पुकार सुनकर राहगीरों ने कार से बाहर निकाला और 108 एंबुलेंस को सूचना दी। 108 एंबुलेंस की मदद से सभी घायलों को उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों प्राथमिक उपचार कर सभी घायलों की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें हायर सेंटर के लिए रेफर किया है।

## खेत जाने के रास्ते को लेकर किसान से मारपीट, चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**समाज जागरण कांधला।**

कस्बे के मोहल्ला खेल निवासी एक किसान के साथ मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।मोहल्ला खेल निवासी रंजीत सैनी ने बताया कि बीती 9 दिसंबर को वह अपने खेत पर जा रहा था। इसी दौरान उसने देखा कि पड़ोसी रामनिवास अपने पुत्र जॉनी तथा मोहल्ले के ही आरिफ व कासिम के साथ मिलकर खेत पर जाने वाले रास्ते में गड्ढे खोद रहे हैं। जब उसने इसका विरोध किया तो आरोपियों ने गाली-गलौज शुरू कर दी और डंडों से मारपीट कर उसे घायल कर दिया।पीड़ित के अनुसार मारपीट की घटना उसके पिता व अन्य पड़ोसियों ने भी अपनी आंखों से देखी। घटना के संबंध में शुक्रवार को पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने चारों आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है।थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है तथा मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## विवाहिता के साथ छेडछाड व दहेज उत्पीडन में मुकदमा दर्ज

**समाज जागरण**

कैराना। नगर के एक मोहल्ला निवासी विवाहिता ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया कि उसका निकाह मोहल्ला आलकलां निवासी युवक के साथ हुआ था। वह दो बच्चों की मां हैं। ससुराल वाले अतिरिक्त दहेज में ढाई लाख की मांग करते हुए उसका उत्पीड़न करते थे। आरोप है कि देवर उसके साथ छेडछाड करता था। उसने अपने पति से छेडछाड की शिकायत की तो पति, ससुर, सास, देवर निवासीगण आलकलां, ननद व ननदोई निवासीगण मोहल्ला पीरजादगान ने उसके साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट की तथा करीब एक साल पहले उसे घर से निकाल दिया। तब से वह अपने मायके में रह रही थी। 23 नवंबर दोपहर 12 बजे आरोपी उसके घर आए तथा मारपीट करने लगे। देवर ने उसके गले में चुन्नी डालकर हत्या का प्रयास किया। पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है।

## विवाहिता के साथ दुराचार का प्रयास व तीन तलाक

**समाज जागरण**

कैराना। नगर के एक मोहल्ला निवासी विवाहिता ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई। बताया कि उसका निकाह फरवरी 2025 में गांव थरया जनपद सोनीपत हरियाणा निवासी के साथ हुआ था। ससुराल वाले अतिरिक्त दहेज में कार व दो लाख की मांग करते थे। आरोप है कि जेठ व देवर उसके ऊपर बुरी नजर रखते थे। करीब पांच माह पूर्व देवर ने उसके साथ दुराचार का प्रयास किया। विरोध करने पर देवर, पति, जेठ, सास निवासीगण गांव थरया व एक अन्य निवासी गढीबेसक ने उसके साथ मारपीट की। पीड़िता ने बताया कि उसके पति ने तीन तलाक देकर उसे घर से निकाल दिया। पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है।

## छात्र की मौत के मामले में ट्रक चालक पर मुकदमा

**समाज जागरण**

कैराना। ओवरलोड गन्ने के ट्रक के कारण बिजली का तार टूटने से 11 वर्षीय कक्षा चार के छात्र की मौत के मामले में मृतक के पिता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया। मोहल्ला गुलशननगर निवासी शाहिद ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई कि 30 दिसंबर की रात करीब नौ बजे उसका 11 वर्षीय बेटा जीशान कांधला बस अड्डे के पास से खाना लेने गया था। इस दौरान ओवरलोड के कारण ट्रक के गन्ने से उलझ कर बिजली का तार टूट कर उसके बेटे जीशान के ऊपर गिर गया। तेज करंट लगने से उसके बेटे की मौके पर ही मौत हो गई। मामले में पुलिस ने ट्रक चालक के विरूद्ध कार्रवाई शुरू कर दी है।

## शराब के मामले में दोषी पर अर्थदंड

**समाज जागरण**

कैराना। न्यायालय ने अवैध शराब के मामले में दोषी पर अर्थदंड लगाया। वर्ष 2017 में थाना गढीपुख्ता पर शिवकुमार निवासी गांव मस्तगढ थाना झिंझाना के विरूद्ध अवैध शराब बरामदगी के तहत मुकदमा दर्ज हुआ था। मामले में शुक्रवार को न्यायालय ने दोषी को न्यायालय उठने तक की अवधि व 500 रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई।

## डॉ विजेंद्र सिंह ने किया सामुदायिक स्वास्थ्य का कार्यभार ग्रहण

**समाज जागरण**

शामली। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शामली पर शुक्रवार को नवनियुक्त स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. विजेंद्र कुमार ने कार्यभार ग्रहण कर लिया। उनकी तैनाती 24 दिसंबर को की गई थी। डॉ. विजेंद्र कुमार हाल ही में स्त्री एवं प्रसूति रोग में मास्टर डिग्री प्राप्त कर शामली पहुंचे हैं। कार्यभार संभालने के पहले ही दिन उन्होंने करीब 10 महिलाओं का उपचार किया। डॉ. विजेंद्र कुमार ने बताया कि अब सीएचसी शामली पर महिलाओं से जुड़ी लगभग



सभी प्रकार की बीमारियों का इलाज संभव होगा। इसमें बच्चेदानी का बाहर आना, बच्चेदानी में गांठ, अंडा न बनने की समस्या, ओवरी में पानी या गांठ, विभिन्न प्रकार की गांठों का उपचार शामिल है। इसके अलावा महिलाओं में होने वाले इंफेक्शन, डिस्चार्ज की समस्या सहित अन्य स्त्री रोगों का भी उपचार किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सीएचसी पर अब सामान्य प्रसव के साथ-साथ सिजेरियन डिलीवरी की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी, जिससे क्षेत्र की महिलाओं को बाहर रेफर होने की मजबूरी से राहत मिलेगी। डॉ. विजेंद्र कुमार शामली में तैनात होने वाले पहले स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ हैं। इससे पहले अधिकांशतः डिप्लोमा धारक गायनेकोलॉजिस्ट ही यहां सेवाएं दे रहे थे। उनकी तैनाती से कस्बा शामली और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं को बेहतर और आधुनिक स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकेंगी।

## ट्रांसफार्मरों की लीड बदले जाने से विद्युत व्यवस्था हुई सुदृढ़, चार घंटे बाद बहाल हुई आपूर्ति

**समाज जागरण झिंझाना**

कस्बे में शुक्रवार को विद्युत व्यवस्था को और अधिक मजबूत व सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से विद्युत विभाग द्वारा ट्रांसफार्मरों की लीड बदलने का कार्य किया गया। इस तकनीकी कार्य के चलते क्षेत्र में करीब चार घंटे तक बिजली आपूर्ति बाधित रही, जिससे उपभोक्ताओं को अस्थायी असुविधा का सामना करना पड़ा। विद्युत विभाग के अवर अभियंता सुरजीत कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि यह कार्य पूरी तरह योजनाबद्ध था और उपभोक्ताओं को पूर्व में ही बिजली कटौती की सूचना दे दी गई थी। उन्होंने बताया कि दोपहर 12 बजे



से शाम 4 बजे तक विद्युत आपूर्ति बंद रखी गई, ताकि तकनीकी कार्य को सुरक्षित, सुचारु और गुणवत्ता के साथ पूरा किया जा सके। कार्य पूर्ण होते ही निर्धारित समय पर बिजली आपूर्ति बहाल कर दी गई। अधिकारियों के अनुसार, ट्रांसफार्मरों की लीड बदले जाने से भविष्य में बिजली आपूर्ति अधिक स्थिर रहेगी और फॉल्ट की समस्या में कमी आएगी। विद्युत विभाग ने इस दौरान सहयोग और धैर्य बनाए रखने के लिए उपभोक्ताओं का आभार व्यक्त किया है।

## भाकियू पदाधिकारियों ने कलेक्ट्रेट में किया हंगामा प्रदर्शन

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) भाकियू के पदाधिकारियों ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर जोरदार नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। इसके बाद उन्होंने डीएम को ज्ञापन सौंपकर जनपद में बाहर से लाए जा रहे कचरे व कूड़े पर पूर्ण प्रतिबंध लगाए जाने की मांग की। भाकियू नेताओं ने ज्ञापन में कहा कि जनपद शामली में बाहर से बड़ी मात्रा में कूड़ा-करकट, पॉलीथिन, प्लास्टिक, कपड़ा, कांच आदि लाया जा रहा है, जिसका उपयोग विभिन्न फैक्ट्रियों में ईंधन के रूप में किया जा रहा है। इससे जिले में वायु प्रदूषण तेजी से बढ़ रहा है, जिसके कारण सांस संबंधी रोग, कैंसर, अस्थमा, एलर्जी जैसी गंभीर बीमारियां फैल रही हैं और आमजन का स्वास्थ्य प्रभावित हो रहा है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि



जनपद की कई फैक्ट्रियों द्वारा गंदा व दूषित पानी कृष्णा नदी व नालों में छोड़ा जा रहा है, जिससे जल प्रदूषण बढ़ रहा है और जानलेवा बीमारियां उत्पन्न हो रही हैं। भाकियू ने जनहित को ध्यान में रखते हुए इन समस्याओं का शीघ्र समाधान कराए जाने की मांग की। चेतावनी दी कि यदि उक्त समस्याओं का जल्द समाधान नहीं किया गया तो संगठन को आंदोलन करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा, जिसकी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। उन्होंने डीएम से प्रदूषण विभाग को निर्देशित कर ठोस व प्रभावी कार्रवाई कराने की मांग की। इस अवसर पर भाकियू जिलाध्यक्ष सांता प्रधान, मोहित शर्मा, मास्टर जाहिद, कुलदीप पंवार, कपिल खाटियान सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारियों ने राज्यपाल के नाम डीएम को सौंपा ज्ञापन

**समाज जागरण**

शामली। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों ने शुक्रवार को कलक्ट्रेट पहुंचकर राज्यपाल के नाम एक ज्ञापन डीएम को सौंपा। ज्ञापन में ग्राम जगनपुर, तहसील कैराना में मत्स्य विभाग के अधीन तालाब से करोड़ों रुपये की मिट्टी के अवैध खनन का गंभीर आरोप लगाया गया। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि ग्राम जगनपुर स्थित मत्स्य विभाग के अधीन तालाब से तत्कालीन सहायक निदेशक मत्स्य शामली, उपनिदेशक मत्स्य सहारनपुर, तहसीलदार कैराना व उपजिलाधिकारी कैराना ने जीआर इन्फ्रा प्रा. लि. से मिलीभगत कर बड़े पैमाने पर अवैध खनन कराया। इससे तालाब पूरी तरह खंडर बन चुका है और न तो वह मत्स्य पालन योग्य रहा है और न ही कृषि के लिए उपयोगी। ज्ञापन में कहा गया कि संबंधित अधिकारियों द्वारा कूट रचना कर फर्जी दस्तावेज तैयार किए गए और तालाब को अमृत सरोवर योजना में दर्शाकर करोड़ों रुपये की मिट्टी का खनन कर हाईवे निर्माण के



लिए जीआर इन्फ्रा प्रा. लि. को बेच दी गई। वर्तमान उपनिदेशक मत्स्य सहारनपुर द्वारा भी 83,100 घन मीटर अवैध मिट्टी खनन का आकलन किया गया है। कांग्रेस पदाधिकारियों ने बताया कि इस प्रकरण में उच्च न्यायालय इलाहाबाद द्वारा सिविल रिट को काउंटर एफिडेविट दाखिल करने के आदेश दिए गए थे, लेकिन इसके बावजूद जिला प्रशासन, सीडीओ, तहसील प्रशासन कैराना एवं जीआर इन्फ्रा प्रा. लि. द्वारा अब तक कोई काउंटर एफिडेविट दाखिल नहीं किया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि भ्रष्ट नौकरशाही और सरकार की अकर्मण्यता के कारण मामले में कार्रवाई नहीं हो पा रही है और उच्च न्यायालय में भी सुनवाई बार-बार टल रही है। कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो वे जन आंदोलन करने को मजबूर होंगे। इस अवसर पर राजेश कश्यप, सरोज कश्यप, संदीप शर्मा, सन्नी गुप्ता, रामलाल सिंह आदि मौजूद रहे।

## आवासीय क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित फैक्ट्री के खिलाफ लोगों ने किया हंगामा प्रदर्शन

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) शहर के ब्लॉक रोड स्थित अटल विहार के निवासियों ने आवासीय क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित एक फैक्ट्री से हो रहे प्रदूषण, गाली-गलौज और जान-माल की धमकी का आरोप लगाते हुए शुक्रवार को जमकर प्रदर्शन किया। उन्होने मुख्यमंत्री को शिकायती पत्र भेजकर त्वरित जांच और कार्यवाही की मांग की है। शुक्रवार को अटल विहार के दर्जनों लोगों ने सीएम को शिकायती पत्र भेजते हुए प्रदर्शन किया। शिकायत में बताया गया कि अटल विहार की आवासीय बस्ती के बीच गैस चूल्हों का निर्माण करने वाली एक फैक्ट्री संचालित की जा रही है। फैक्ट्री में स्टील पॉलिश का उपयोग किया जाता है, जिससे निकलने वाली धूल पूरे मोहल्ले के वातावरण को गंभीर रूप से प्रदूषित कर रही है। इसका दुष्प्रभाव बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों के स्वास्थ्य पर पड़ रहा है, जहां लगातार जुकाम, खांसी और सांस संबंधी बीमारियां बढ़ रही हैं।आरोप है कि फैक्ट्री का संचालन शशि संगल द्वारा किया जा रहा है। जब भी कोई स्थानीय निवासी प्रदूषण या अव्यवस्था को लेकर आपत्ति करता है या अपने घर के बाहर वाहन खड़ा करता है, तो फैक्ट्री मालिक द्वारा गाली-गलौज,



अभद्र भाषा का प्रयोग और मारपीट की धमकी दी जाती है। फैक्ट्री में कार्यरत 20 से 30 कर्मचारी भी गली में आते-जाते समय शोर-शराबा और गाली-गलौज करते हैं, जिससे क्षेत्र का माहौल असुरक्षित बना रहता है। पीड़ितों ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि फैक्ट्री की तत्काल जांच कराई जाए, उसे आवासीय क्षेत्र से हटाकर अन्यत्र स्थानांतरित कराया जाए तथा फैक्ट्री मालिक द्वारा दी जा रही धमकियों व अभद्र व्यवहार के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए, ताकि क्षेत्रवासियों को प्रदूषण और उत्पीड़न से स्थायी राहत मिल सके। इस अवसर पर संजीव कुमार, अरविन्द कुमार, रवि सैनी, अमित कुमार, बोहती देवी आदि मौजूद रहे।

## सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो को लेकर महिला सहित तीन के खिलाफ मामला दर्ज

**समाज जागरण झिंझाना**

सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। यह कार्रवाई शांति व्यवस्था भंग करने, सरकारी कार्य में बाधा डालने और पुलिस कर्मियों के साथ दुर्व्यवहार से जुड़े आरोपों के आधार पर की गई है।

पुलिस के अनुसार, 31 दिसंबर 2025 को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक पर कुछ वीडियो वायरल हुए, जिनमें थाना झिंझाना से संबंधित घटनाओं को दशार्या गया। वायरल वीडियो के संबंध में जांच के दौरान पाया गया कि फिरोज खान पुत्र अजीम खान निवासी मोहल्ला पठानान कस्बा झिंझाना, उमर खान पुत्र दिलशाद खान निवासी मेरठ करनाल रोड, रजाकनगर ओल्ड राइस मिल थाना झिंझाना, तथा शोबी पत्नी जावेद निवासी ग्राम टपराना थाना झिंझाना द्वारा कथित रूप से पुलिस कार्यवाही का विरोध किया गया और पुलिस कर्मियों के साथ गाली-गलौज व बदसलूकी की गई। आरोप है कि इन लोगों द्वारा सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल कर सार्वजनिक शांति भंग करने की आशंका उत्पन्न की गई तथा सरकारी आदेशों के पालन में बाधा डाली गई। मामले में आत्महत्या के प्रयास और धमकी देने जैसे आरोप भी लगाए गए हैं। पुलिस ने उक्त प्रकरण में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। कोतवाली प्रभारी वीरेंद्र कसाना का कहना है वीडियो वायरल मामले की महिला सहित तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। निष्पक्ष जांच की जा रही है और साक्ष्यों के आधार पर आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

## कड़ाके की ठंड में मानवता की मिसाल वृद्धाश्रम में बांटे कंबल व राहत सामग्री

**समाज जागरण झिंझाना**

ठंड के प्रकोप से जूझ रहे जरूरतमंद बुजुर्गों के लिए शुक्रवार का दिन राहत लेकर आया, जब मेरठ-करनाल हाईवे पर स्थित आवासीय वृद्धाश्रम में आर्य समाज मंदिर झिंझाना के प्रधान समाजसेवी अशोक बहादुर ने अपने सहयोगियों के साथ सेवा कार्य किया। इस अवसर पर वृद्धाश्रम में रह रहे बुजुर्गों को गर्म कंबल, खाद्य सामग्री एवं जलावन लकड़ी वितरित की गई। समाजसेवी अशोक बहादुर ने कहा कि वृद्धजन समाज की अमूल्य धरोहर हैं और उनकी सेवा करना प्रत्येक नागरिक का नैतिक कर्तव्य है। बढ़ती ठंड में बुजुर्गों को किसी प्रकार की परेशानी



न हो, इसी भावना के तहत यह सेवा अभियान चलाया गया। उन्होंने समाज के सक्षम लोगों से आगे आकर जरूरतमंदों की मदद करने की अपील भी की। इस सेवा कार्यक्रम के दौरान वृद्धाश्रम में रह रहे बुजुर्गों के चेहरों पर संतोष और खुशी स्पष्ट दिखाई दी। कार्यक्रम में अश्विन शर्मा, अभिनव गर्ग, अक्षय, मनीष सहित अन्य समाजसेवी भी मौजूद रहे, जिन्होंने सेवा कार्य में सक्रिय सहयोग दिया। वृद्धाश्रम प्रबंधन ने आर्य समाज मंदिर झिंझाना एवं सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे कार्य समाज में सकारात्मक संदेश देते हैं।

## प्राचीन मंदिर की भूमि पर अवैध कब्जे का आरोप, हिंदू संगठनों का हंगामा

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) जनपद के गांव खोडसमा निवासी दर्जनों ग्रामीणों ने शुक्रवार को हिंदू संगठनों के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रदर्शन किया और जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने गांव में स्थित एक प्राचीन मंदिर की भूमि पर अवैध कब्जा किए जाने का आरोप लगाते हुए उसे मुक्त कराने की मांग की है। ज्ञापन में ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम खोडसमा में स्थित एक प्राचीन मंदिर की भूमि पर गांव के ही नवाब पुत्र यासीन व इंशाद पुत्र यासीन द्वारा अवैध रूप से कब्जा किया गया है। उक्त मंदिर में वर्षों से पूजा-पाठ होता आ रहा था, लेकिन कुछ समय से कब्जाधारियों ने मंदिर की भूमि पर जबरन कब्जा कर लिया है। आरोप लगाया कि कई



बार समझाने के बावजूद उक्त लोगों ने कब्जा नहीं छोड़ा। उनका कहना है कि एक वीडियो में उक्त लोग स्वयं मंदिर की भूमि पर कब्जा करने की बात स्वीकार करते हुए दिखाई दे रहा है। आरोप है कि कब्जाधारी दबंग प्रवृत्ति के हैं। ग्रामीणों ने ज्ञापन के माध्यम से डीएम से मांग की कि प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराकर मंदिर की भूमि को अवैध कब्जे से मुक्त कराया जाए तथा दोषियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। ज्ञापन देने वालों में महावीर, आदेश, सचिन, भारत , सुबोध, माईचंद, राकेश, बिट्टू, पंकज, हरविंद्र, अरविंद, सागर, बाबू, रामपाल, सुशील, हर्ष, किशन आदि मौजूद रहे।

## नवगठित प्रबंधन कार्यकारिणी समिति को किया अनुमोदन

**समाज जागरण**

शामली। मां शाकुम्भरी विश्व विद्यालय सहारनपुर द्वारा शहर के वीवी पीजी कॉलेज की नवगठित प्रबंधन कार्यकारिणी समिति को अनुमोदन प्रदान कर दिया गया है। इसके तहत नवनीत जैन को अध्यक्ष, सतीश चंद जैन को उपाध्यक्ष, दीपक जैन को सचिव तथा आशीष कुमार जैन को उपसचिव नियुक्त किया गया है। वहीं उमेश सिंह, सतीश चंद जैन, मयंक कुमार जैन, राजेश कुमार, रमेश चंद जैन और राकेश को समिति का सदस्य मनोनीत किया गया है। नवगठित प्रबंधन कार्यकारिणी समिति की प्रथम बैठक शुक्रवार को महाविद्यालय परिसर में आयोजित की गई, जिसमें सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों एवं सदस्यों का स्वागत किया गया। बैठक में महाविद्यालय के समग्र विकास को लेकर विचार-विमर्श किया गया तथा वर्ष 2026 के लिए विकास की रूपरेखा तैयार की गई। बैठक



में कॉलेज में शैक्षणिक गुणवत्ता बढ़ाने के उद्देश्य से नैक मूल्यांकन कराने सहित विभिन्न विकास कार्यों को प्राथमिकता देने के संबंध में महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में पदेन सदस्य के रूप में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुधीर कुमार उपस्थित रहे। शिक्षक प्रतिनिधि के रूप में डॉ. भूपेंद्र कुमार, डॉ. प्रताप कुमार, डॉ. पूजा राय तथा शिक्षणेत्तर प्रतिनिधि के रूप में कपिल कुमार गर्ग ने भी सहभागिता की।

## धूमधाम के साथ मनाई गई सावित्री बाई फुले की जयंती

**समाज जागरण**

शामली। शहर के सरस्वती शिशु विद्या मंदिर जूनियर हाई स्कूल में प्रथम शिक्षिका सावित्रीबाई फुले की जयंती बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य संजय सैनी एवं मुख्य वक्ता प्रवेश शर्मा द्वारा सावित्रीबाई फुले के चित्र पर पुष्प अर्चन कर किया गया। प्रवेश शर्मा ने कहा कि सावित्रीबाई फुले ने अनेक सामाजिक बहिष्कार और कठिनाइयों को सहन करते हुए बालिकाओं की शिक्षा को अनिवार्य माना और उनके लिए विद्यालय की स्थापना की। उस समय समाज द्वारा उन्हें अनेक प्रकार की बाधाओं का सामना करना पड़ा, लेकिन वे अपने दृढ़ निश्चय से कभी पीछे नहीं हटीं। शिवकुमार धीमान ने कहा कि सावित्रीबाई फुले ने महिलाओं की शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए उस दौर में प्रथम बालिका विद्यालय की स्थापना की। उनका मानना था कि महिलाओं की दयनीय स्थिति का मुख्य कारण उनका शिक्षित न होना है। स्वयं बचपन में अशिक्षित होने के बावजूद उन्होंने शिक्षा ग्रहण की और नौ बालिकाओं के साथ अपना पहला विद्यालय प्रारंभ किया, जिसकी वे प्रथम प्रधानाचार्य भी बनीं। कार्यक्रम का संचालन मीनाक्षी शर्मा ने किया। इस अवसर पर रितु शर्मा, नीरज कुमारी, इना गर्ग, रितु रुहेला, राशि बंसल, अंकित शर्मा, प्रीति शर्मा, स्वाति जैन, सविता गुप्ता मौजूद रहे।

# प्रमुख सचिव के आदेश से राजुद्दीन की वापसी पर लगी मुहर

**शासनादेश निरस्त अध्यक्ष पद पर राजुद्दीन फिर से पूरी ताकत के साथ**

**हाईकोर्ट अनुपालन में नगर विकास विभाग का बड़ा फैसला साफ संदेश**

**बागपत नगर पालिका राजनीति में राजुद्दीन की निर्णायक जीत दर्ज**



**समाज जागरण**

बागपत। नगर पालिका परिषद बागपत की राजनीति में शुक्रवार को बड़ा मोड़ तब आया, जब प्रमुख सचिव नगर विकास पी. गुरूप्रसाद के आदेश से अध्यक्ष पद को लेकर चली आ रही अनिश्चितता समाप्त हो गई। शासन ने स्पष्ट आदेश जारी करते हुए राजुद्दीन को उनके सभी मूल अधिकारों के साथ अध्यक्ष पद पर पुनः बहाल कर दिया। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू किया गया है। प्रमुख सचिव द्वारा जारी कार्यालय ज्ञापन में साफ किया गया है कि अध्यक्ष पद से हटाने से संबंधित पूर्व शासनादेश अब प्रभावी नहीं रहेगा। आदेश में यह भी निर्देश दिए गए हैं कि जिलाधिकारी स्वयं बहाली आदेश की तामीली सुनिश्चित कराएं और इसकी सूचना शासन को तत्काल भेजी जाए। इस फैसले के बाद नगर पालिका प्रशासन में फिर से स्थिरता लौट गई है। राजुद्दीन की वापसी को रालोद वरिष्ठ नेता बीरपाल मलिक ने न्याय और सत्य की विजय बताया है। बता दे कि बीते नवंबर माह से चेयरमैन पद से बाहर चल रहे राजुद्दीन ने कानूनी रास्ता अपनाया और अंततः फैसला उनके पक्ष में आया। रालोद नेता ओमवीर ढाका ने इसे उनकी सबसे बड़ी प्रशासनिक और नैतिक जीत बताया है। अब जब शासन स्तर से स्पष्ट आदेश आ चुका है, तो नगर पालिका परिषद में सत्ता संतुलन पूरी तरह राजुद्दीन के पक्ष में नजर आ रहा है। समर्थकों में उत्साह है और विरोधी खेमे में खामोशी साफ दिखाई दे रही है।

**यह थी मामले की पृष्ठभूमि..**

नगर पालिका परिषद बागपत में दुकानों के नामान्तरण को लेकर नियम विरुद्ध कार्रवाई के आरोप लगाए गए थे। इन्हीं आरोपों के आधार पर 27 नवंबर 2025 को शासन ने राजुद्दीन को अध्यक्ष पद से पदच्युत कर दिया था। राजुद्दीन ने इस आदेश को इलाहाबाद हाईकोर्ट में चुनौती दी, जहां अदालत ने सुनवाई प्रक्रिया में खामी मानते हुए शासनादेश को रद्द कर दिया। उसी के अनुपालन में अब प्रमुख सचिव ने बहाली के आदेश जारी किए हैं।

# बड़ौत तहसील में सीसी रोड का हुआ शुभारंभ, दौड़ेंगे वाहन

## वकीलों ने चेयरमैन का किया धन्यवाद, शौचालय बनाने की मांग

**समाज जागरण**



बड़ौत। तहसील परिसर में शुक्रवार को नगर पालिका की चेयरमैन बबीता तोमर ने फीता काटकर सीसी रोड का उद्घाटन किया। जिस पर वाहनों के चलने से जाम की समस्या कम होगी और लोगों को आने जाने में सुविधा मिलेगी। सड़क बनाने पर वकीलों ने चेयरमैन का धन्यवाद किया। तहसील परिसर में अभी तक आवागमन करने के लिए एक ही सड़क थी। वाहन अधिक आने के कारण लोगों को समस्या रहती थी। इसको देखते हुए तहसील प्रशासन ने परिसर में दूसरी सड़क बनाने का प्रस्ताव नगर पालिका को भेजा था। नगर पालिका ने करीब 21 लाख रुपये की लागत से 250 मीटर लंबी सड़क बनाई। अधिवक्ताओं ने एसडीएम भावना सिंह के सामने पूर्वी यमुना नहर से तहसील में आने जाने का रास्ता खोलने की मांग की और चेयरमैन से पूर्वी यमुना नहर से तहसील परिसर तक सड़क बनवाने, नाली का निर्माण कराने, पुरानी सड़क की मरम्मत कराने, शौचालय बनाने की मांग की। चेयरमैन ने मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया। अधिवक्ताओं ने कहा कि अब सड़क के बनने से तहसील में आने जाने वाले सभी लोगों को लाभ होगा और जाम की समस्या भी खत्म हो जाएगी। जिसके लिए उन्होंने चेयरमैन बबीता तोमर का धन्यवाद किया। इस मौके पर रालोद नेता अश्वनी तोमर, डॉ.वरूण तोमर, धर्मवीर सिंह तोमर, ईश्वर सिंह, हरबीर सिंह, पुष्पेंद्र तोमर, मोहित चौहान, अवर अभियंता शिखा दुबे, अमरपाल तोमर, हरेंद्र तोमर, अक्षय कुमार, वेदपाल पंवार आदि मौजूद रहे।

# जिला पंचायत सदस्य प्रत्याशी ने फैशन बूट हाउस का उद्घाटन

**समाज जागरण**

बड़ौत। नगर के दिल्ली सहारनपुर रोड स्थित जे बी एच फैशन बूट हाउस का उद्घाटन विधि विधान के साथ बागपत वार्ड नंबर 10 से जिला पंचायत सदस्य प्रत्याशी सुधा तोमर ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर सुधा



तोमर को महिलाओं ने आशीर्वाद देकर उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने का आह्वान किया। वरिष्ठ समाजसेवी विक्की उर्फ अनुज तोमर मलकपुर धर्मपत्नी सुधा तोमर ने कहा कि नारी का सम्मान देश का सबसे बड़ा सर्वोपरि सम्मान है। इसीलिए महिलाओं को उन्होंने एकजुट होकर अपने-अपने क्षेत्र में कार्य करने का आह्वान किया। उनके साथ उद्घाटन के अवसर पर विकास दांगी लुहारी, कपिल प्रधान, आशा चौधरी, कुसुम चौहान, नेहा चौधरी, ओमपाल सिंह, चौधरी रामकरण सिंह, अंकित सिंह, मनीषा देवी, कमला देवी, सुषमा देवी, दर्शन चौधरी, विनोद कुमार आदि मौजूद रहे।

# विश्व हिंदू महासंघ ने बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार का विरोध

**समाज जागरण**



बड़ौत। नगर में विश्व हिंदू महासंघ के राष्ट्रीय महामंत्री शौकेंद्र खोखर बदरखा ने कहा की बांग्लादेश में हिंदुओं की हो रही हत्या बांग्लादेश सरकार की मानसिकता पर सवाल खड़ा करती है। राष्ट्रपति महोदय को बांग्लादेश सरकार को बर्खास्त करना चाहिए। विश्व हिंदू महासंघ की राष्ट्रीय महामंत्री शौकेंद्र खोखर बदरखा ने बड़ौत नगर में एक प्रतिष्ठान पर प्रेस वार्ता में कहा की बांग्लादेश में सत्ता परिवर्तन के बाद हिंदुओं पर अत्याचार लगातार बढ़ते आ रहे हैं और वहां हिंदुओं की हत्या लगातार की जा रही है। इस पर रोक लगने अति आवश्यक है।बांग्लादेश में हिंदुओं की हत्याओं के साथ-साथ वहां के मंदिरों को भी तोड़ा जा रहा है। बांग्लादेश में हिंदू घर से बाहर तक नहीं निकल पा रहे है। केंद्र सरकार को हिंदुओं की रक्षा करने के लिए सख्त कदम उठाने चाहिए ताकि हिंदुओं की रक्षा बांग्लादेश में हो सके। इस पर उन्होंने देश के प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति से उचित कदम उठाए जाने की मांग की है। विश्व हिंदू महासंघ के राष्ट्रीय महामंत्री शौकेंद्र खोखर बदरखा ने कहा की विश्व हिंदू महासंघ जल्द ही दिल्ली जंतर मंतर पर धरना प्रदर्शन करेगा और केंद्र सरकार और राष्ट्रपति से बांग्लादेश सरकार के खिलाफ उचित कदम उठाए जाने की मांग करेगा और बांग्लादेश में राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग करेगा।

# नववर्ष पर रेड क्रॉस सदस्यों ने बाबा मोहन दास मंदिरमें वृक्षारोपण

## वृक्षों की अपने पुत्रों की तरह देखभाल करे अभिमन्यु गुप्ता

**समाज जागरण**



बागपत। नववर्ष के मौके पर भारतीय रेड क्रॉस के सदस्यों ने बाबा मोहन दास मंदिर के प्रांगण में सामूहिक वृक्षारोपण कर नए साल का स्वागत किया। इस पहल में जिला रेड क्रॉस के सचिव अभिमन्यु गुप्ता डॉ. करणवीर, अधिवक्ता विपिन गुप्ता, डॉ. मयंक गोयल, वीरेंद्र सिंह पूर्व प्रधान, सीता राम महाराज जी तथा बच्ची छाया सहित स्थानीय समुदाय के कई वरिष्ठ सदस्य सक्रिय रूप से शामिल रहे। कार्यक्रम के दौरान सदस्यों ने कई पौधे रोपे और पानी डालकर उन्हें सुरक्षित करने के निर्देश दिए। उपस्थित लोगों ने बताया कि यह अभियान पर्यावरण संरक्षण और सामुदायिक चेतना बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था ताकि मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्र में हरियाली बढ़ाई जा सके। आयोजन में छोटे बच्चों की भागीदारी ने भी कार्यक्रम को भावुक और प्रेरक बना दिया। डॉ. मयंक गोयल ने कहा कि वृक्षारोपण सिर्फ पेड़ लगाने तक सीमित नही है। यह आने वाली पीढ़ियो के लिए बेहतर वायु, छाया और जीवन का निवेश है। वहीं अधिवक्ता विपिन गुप्ता ने स्थानीय नागरिकों से अपील की कि वे भी अपने-अपने स्तर पर पौधे लगाकर इस मुहिम का समर्थन करें। सीता राम महाराज ने मंदिर परिसर की देखभाल और पौधों की रक्षा के लिए समुदायिक सहयोग का आह्वान किया। कार्यक्रम के आयोजनकताओं ने कहा कि भविष्य में और वृक्षारोपण व सफाई अभियानों का आयोजन किया जाएगा ताकि पर्यावरण संरक्षण को निरंतरता मिल सके।

# नव वर्ष समाज में सेवा सद्भाव और सकारात्मकता लेकर आए : चंद्रपाल सिंह पंवार

**समाज जागरण बागपत।**

समाजसेवी चंद्रपाल सिंह पंवार ने नव वर्ष पर लोगों का सम्मान किया और लोगों को नववर्ष की शुभकामनाएं दी। चंद्रपाल सिंह पंवार ने कहा कि नववर्ष सभी के जीवन में सुख समृद्धि और शांति लेकर आए। उन्होंने कामना की



समाज में आपसी भाईचारा सहयोग और सेवा की भावना अधिक मजबूत हो। कहा कि नववर्ष अवसर होता है, जिसमें हमें अपने कर्तव्य के प्रति सजग होकर समाज के कमजोर वर्गों के लिए आगे आना चाहिए। उन्होंने युवाओं से शिक्षा, संस्कृति और सेवा को जीवन का आधार बनाने का आह्वान किया। सभी से ईमानदारी और सामाजिक कार्य करने की अपील की। अपने संदेश में उन्होंने कहा कि यदि हम सभी नए वर्ष में सामाजिक कार्यों को प्राथमिकता दे तो क्षेत्र ही नहीं पूरा देश प्रगति के पथ पर चलकर आगे बढ़ेगा। उन्होंने सभी नागरिकों के उज्जवल भविष्य और खुशहाल जीवन की मंगल कामना प्रकट की।

# चेकिंग के दौरान फर्जी नंबर प्लेट लगी चोरी की बाइक और तमंचा मिला

**समाज जागरण बागपत।**



शहर कोतवाली पुलिस ने चेकिंग अभियान के दौरान दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से चोरी की एक मोटरसाइकिल, एक अवैध तमंचा, एक जिंदा कारतूस और एक अवैध चाकू बरामद हुआ है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।पुलिस शहर कोतवाली क्षेत्र में चेकिंग अभियान चला रही थी। इसी दौरान पुलिस ने एक मोटरसाइकिल को रोका, जिस पर फर्जी नंबर प्लेट लगी थी। जांच में पता चला कि मोटर साइकिल चोरी की थी और उस पर फर्जी नंबर प्लेट लगाकर चलाया जा रहा था।गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों की पहचान कासिमपुर खेड़ी निवासी देवराज और आशीष के रूप में हुई है। इनके कब्जे से चोरी की गई फर्जी नंबर प्लेट लगी मोटरसाइकिल के साथ-साथ एक अवैध तमंचा और एक अवैध चाकू भी बरामद किया गया। शहर कोतवाली प्रभारी बृजेश कुमार ने बताया कि चेकिंग अभियान के दौरान दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। पुलिस की सतर्कता के कारण एक संभावित घटना को रोका जा सका। मामले की आगे की जांच जारी है।

# बाल मजदूरी, बाल भिक्षा व जरूरतमंद बच्चों की शिक्षा को लेकर डीएम से मिले पदाधिकारी

**समाज जागरण बागपत।**



यूनाइटेड मेडिकयर एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. रियासत अली के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने बागपत कलेक्ट्रेट में डीएम से मुलाकात की। बागपत कलेक्ट्रेट पर यूनाइटेड मेडिकेयर एसोसिएशन के कार्यकताओं और पदाधिकारियों ने अधिकारियों से शिकायत की। उन्होंने बाल मजदूरी पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की मांग की। संगठन ने मांग की कि बाल मजदूरी करने वाले बच्चों को उचित शिक्षा दी जाए। साथ ही, ऐसे परिवारों को मजदूरी भत्ता उपलब्ध कराया जाए, ताकि बाल मजदूरी को पूरी तरह रोका जा सके। उन्होंने जबरन बच्चों से मजदूरी कराने वाले माता-पिता पर भी कार्रवाई सुनिश्चित करने की अपील की। बागपत जिले में लगातार बाल मजदूरी के मामले सामने आ रहे हैं। संगठन ने बाल मजदूरी, बाल भिक्षावृत्ति, गरीब बच्चों की शिक्षा और परिवारों को श्रमिक योजना के तहत रोजगार भत्ता दिलाने के लिए कार्रवाई की मांग की है। यूनाइटेड मेडिकेयर एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. रियासत अली ने कहा कि बच्चों का भविष्य खराब हो रहा है और वे बाल मजदूरी करने को मजबूर हैं। उन्होंने ऐसे परिवारों की जांच कराने की बात कही। यदि जरूरतमंद परिवार बच्चों से मजदूरी करा रहे हैं, तो उन्हें रोजगार भत्ता और आर्थिक सहायता दी जानी चाहिए। डॉ. अली ने यह भी कहा कि यदि कोई माता-पिता जबरन अपने बच्चों से मजदूरी करा रहा है, तो उस पर भी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।अधिकारियों ने इस मामले में कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# कोहरे के कारण अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराई यात्री बस, टला बड़ा हादसा

**ब्यूरो चीफ सोनभद्र/ समाज जागरण**




सोनभद्र। रेणुकूट-बीजपुर मार्ग पर शुक्रवार की सुबह घने कोहरे ने रफ्तार पर ब्रेक लगा दिया। कोहरे की वजह से एक यात्री बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से जा टकराई। इस हादसे में बस सवार यात्री बाल-बाल बच गए, जिससे एक बड़ी अनहोनी टल गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, शुक्रवार की सुबह एक निजी यात्री बस बीजपुर से सवारियां लेकर रेणुकूट की ओर रवाना हुई थी। जैसे ही बस जरहा गांव के पोथी पाथर के पास पहुंची, दृश्यता बेहद कम होने के कारण चालक को सड़क का अंदाजा नहीं मिल सका। इसी बीच बस अनियंत्रित होकर सीधे एक पेड़ से टकरा गई। टक्कर होते ही बस के भीतर अफरा-तफरी मच गई। गनीमत यह रही कि बस की गति बहुत अधिक नहीं थी, जिसके कारण बस में बैठी सवारियां सुरक्षित रहीं। राहगीरों और ग्रामीणों की मदद से सभी यात्रियों को सुरक्षित नीचे उतारा गया। बस के अगले हिस्से को काफी नुकसान पहुँचा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सर्दी के मौसम में इस मार्ग पर सुबह के वक्त विजिबिलिटी (दृश्यता) शून्य के बराबर हो जाती है। पोथी पाथर के पास हुए इस हादसे ने एक बार फिर कोहरे में सुरक्षित ड्राइविंग की चुनौती को उजागर कर दिया है। पुलिस ने मौके पर पहुँचकर स्थिति का जायजा लिया और यात्रियों को उनके गंतव्य तक भेजने में सहायता की।

# रालोद महिला प्रकोष्ठ की जिला अध्यक्ष प्रज्ञा बालियान ने बांटे गरीबों को कंबल

**समाज जागरण बागपत।**

रालोद महिला प्रकोष्ठ की बागपत जिला अध्यक्ष प्रज्ञा बालियान ने बड़ौत स्थित बाबा शाहमल एंक्लेव में गरीबों को ठंड से बचाने के लिए कंबलों का वितरण किया। उनके इस कार्य की सभी लोगों ने सराहना की। इस मौके पर प्रज्ञा बालियान ने कहा कि गरीबों की सेवा से बढ़कर कोई भी पुण्य कार्य



नहीं है। समाज के सभी संपन्न परिवारों को ऐसे कार्यों में आगे आकर अपनी आहुति देनी चाहिए। यह वह कार्य है, जिन्हें कर ईश्वर के द्वार तक पहुंचा जा सकता है। कहा कि इस समय कड़ाके की ठंड पड़ रही है और समाज के सभी संपन्न परिवारों की जिम्मेदारी बनती है कि वह ऐसे समय में गरीब लोगों को ठंड से बचाने के लिए आगे आए। कहा कि यदि सभी लोग थोड़ा-थोड़ा भी सहयोग करें तो गरीब लोगों को ठंड से बचाने के लिए उनकी मदद की जा सकती है। कहा कि वह आगे भी इस तरह के समाजसेवी कार्य करती रहेंगी और अन्य लोगों को भी ऐसा करने के प्रति जागरूक करेंगी।

# प्रकाश पाली को 6 विकेट से हराकर पंडित दीनदयाल की टीम ने अगले चक्र में किया प्रवेश

## आज का मैच बलिया और चोपन के बीच सुबह 10 बजे टीसीडी मैदान पर खेला जाएगा.

**ब्यूरो चीफ सोनभद्र/ समाज जागरण**




सोनभद्र। जनपद के दुद्धी टाउन क्लब मैदान मे चल रहे 39वें अंतरराज्यीय क्रिकेट टूर्नामेंट में शुक्रवार को पंडित दीनदयाल नगर और प्रकाश पाली रावर्टसगंज के बीच मैच खेला गया. टाउन क्रिकेट क्लब के अध्यक्ष सुमित सोनी ने बताया कि टॉस पंडित दीनदयाल नगर के कप्तान योगेश राणा ने जीता. टॉस जीतकर कप्तान ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया.पहले बल्लेबाजी करते हुए प्रकाश पाली रावर्टसगंज की टीम ने निर्धारित 20 ओवरों में 6 छक्का और 4 चौकों की मदद से 66 रन बनाएं. जिसमें सूर्य प्रताप ने 2 छक्कों व चार चौकों की मदद से 29 रन बनाए. गेंदबाजी करते हुए पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर की टीम के खिलाड़ी सत्यम ने अपने निर्धारित 4 ओवरों में 29 रन देकर 4 विकेट लिए. अरमान ने 4 ओवरों में 16 रन देकर 2 विकेट हासिल किए. दूसरी पाली में बल्लेबाजी करने उतरी पंडित दीनदयाल की टीम ने 14.4 ओवरों में 4 विकेट खोकर 161 रन बनाए. जिसमें शुभम ने 5 छक्का और 3 चौकों की मदद से 43 रन, निखिल ने 3 छक्का व तीन चौकों की मदद से 32 रन अपने टीम के लिए अर्जित किए.अरमान ने 2 छक्का और दो चौकों की मदद से 24 रन बनाएं.दीनदयाल की टीम ने प्रकाश पाली की टीम को 6 विकेट से पराजित किया. मैच में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी अरमान को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार मुख्य अतिथि चौकी इंचार्ज हरिकेश राम आजाद के हाथों दिया गया. मैच मे अंपायर की भूमिका गौस मोहम्मद खान उर्फ गांधी व इकबाल कुरैशी ने निभाया. आज का मैच बलिया और चोपन के बीच टीसीडी खेल मैदान पर सुबह 10 बजे खेला जाएगा।

# टैंकर की चपेट में आने से बाइक सवार की हुई दर्दनाक मौत

**अनिल कुमार अग्रहरि/ समाज जागरण**

डाला/ सोनभद्र। हाथीनाला थाना क्षेत्र के हथवानी भुतहीया पुलिया के पास रानी ताली के तरफ से आ रहा पल्सर बाइक सवार टैंकर के चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई। मिली जानकारी के मुताबिक शुक्रवार को शाम लगभग चार बजे अनिल कुमार पुत्र कन्हैया निवासी रानी ताली मालों घाट अपने घर के तरफ से रेणुकूट के तरफ से जा रहा था और हथवानी ग्राम पंचायत मोड़ से पहले ही स्थिति भुतहीया पुलिया के पास टैंकर ने धक्का मारते हुए मौके से फरार हो गया भाग वाराणसी शक्ति नगर राज्य मार्ग पर बाइक सवार का शव पड़ा हुआ था जिसको राहगीरों ने देख डायल 112 नंबर पुलिस को सूचना दिया गया वहीं इसकी सूचना पाकर मौके पर पहुंचे हाथी नाला थाना पुलिस और डायल 112 मौके पर पहुंचकर मृतक शव को कब्जे लेकर हाथी नाला थाना पर लाकर अग्रीम कारवाई करते हुए पोस्टमार्टम हेतु दुद्धी मर्चरी हाउस भेजवाया गया जानकारी के अनुसार मौके पर हाथी नाला पीआरबी पिपरी पुलिस मौजूद थी एक राहगीर एक्सीडेंट करने वाली गाड़ी को पीछा करके मुर्दहवा चौराहे पर पुलिस के सहयोग से गाड़ी को पकड़ लिया थाना हाथी नाला फोर्स पुलिस बल घटना करने वाली गाड़ी को थाने पर वापस लाकर खड़ी कर पिता के तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत कर अग्रिम कार्रवाई में जुड़ गई।

# पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 10 लाख रुपये की चोरी के मामले में टप्पेबाज गिरोह से मुठभेड़, दो घायल समेत तीन गिरफ्तार

**ब्यूरो चीफ सोनभद्र/ समाज जागरण**



सोनभद्र। पुलिस ने 26 दिसंबर को रामलीला मैदान से 10 लाख रुपये की चोरी करने वाले गिरोह का पदार्फाश किया है। मुठभेड़ के बाद तीन टप्पेबाजों को गिरफ्तार किया गया है। इनमें से दो आरोपियों के पैर में गोली लगी है, जिन्हें इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज भेजा गया है। एक आरोपी को मौके से गिरफ्तार किया गया। वही सीओ सिटी रणधीर मिश्रा ने मुठभेड़ की जानकारी देते हुए बताया कि एसओजी प्रभारी को देर रात मुखबिर से सूचना मिली थी। सूचना के अनुसार, 10 लाख रुपये चोरी करने वाला गिरोह रेलवे स्टेशन के पास रुका हुआ था। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की, तो आरोपियों ने फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में दो आरोपियों सुब्रमण्यम वेंकट स्वामी और बालामुर्गन के पैर में गोली लगी। उन्हें इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज भेजा गया है। एक अन्य आरोपी रामू को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपी नायडू गैंग के सदस्य बताए जा रहे हैं, जिनके तार तमिलनाडु और महाराष्ट्र से जुड़े हैं। पूछताछ में आरोपी रामू ने बताया कि वे सभी कृष्णापल्ली, तमिलनाडु के रहने वाले हैं और घूम-घूम कर वाहनों से चोरी की घटनाओं को अंजाम देते हैं। रामू के पास से 1.35 लाख रुपये नकद बरामद हुए हैं। रामू ने बताया कि उसने 8.45 लाख रुपये अपने स्टेट बैंक खाते में जमा कर दिए हैं, जिसके बाद पुलिस द्वारा इस संबंध में बैंक से पत्राचार किया जाएगा। बताते चले यह चोरी बलिया के रसड़ा से बसपा विधायक उमाशंकर सिंह से जुड़ी छात्रशक्ति कंस्ट्रक्शन कंपनी के खाते से हुई थी। कंपनी के एकाउंटेंट मदन सिंह और कैशियर श्रीप्रकाश द्विवेदी 10 लाख रुपये की यह राशि लेकर कार्यालय लौट रहे थे। रामलीला मैदान के पास उनकी कार का टायर पंचर हो गया। जब चालक टायर बदल रहा था, तभी टप्पेबाजों ने कार की अगली सीट पर रखा रुपयों से भरा बैग चुरा लिया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी अभिषेक वर्मा ने एएसपी अनिल कुमार, सीओ सिटी रणधीर मिश्रा और प्रभारी निरीक्षक माधव सिंह के नेतृत्व में पांच टीमें गठित की थीं। जांच में इस टप्पेबाजी के तार महाराष्ट्र और तमिलनाडु से जुड़े पाए गए थे। पुलिस ने नायडू गैंग की सक्रिय सदस्य नंदिनी (पत्नी राजू, निवासी वाकीपाड़ा, थाना नवापुर, जिला नंदूरबार, महाराष्ट्र) को पहले ही गिरफ्तार किया था। उससे पूछताछ के बाद दो बाल अपचारियों को भी पकड़ा गया था। उनके पास से चोरी की गई राशि में से 9890 रुपये और एक चाकू बरामद किया गया था। पुलिस ने बताया गैंग के लीडर सहित अन्य सदस्यों के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है।

# थाना म्योरपुर पुलिस द्वारा एनडीपीएस एक्ट में वांछित अभियुक्ता गिरफ्तार

**सुभाष चंद्र यादव/ समाज जागरण**




सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में तथा क्षेत्राधिकारी दुद्धी के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक बभनी के नेतृत्व में थाना म्योरपुर पुलिस द्वारा प्रभावी कार्यवाही की गई। थाना म्योरपुर जनपद सोनभद्र पर पंजीकृत मु0अ0सं0-138/2025, धारा 8/20/ 27ए/29/60 एनडीपीएस एक्ट में वांछित अभियुक्ता सरिता देवी पत्नी हंसलाल, निवासी ग्राम हरिगवां (केनवारी), थाना रघुनाथनगर, जनपद बलरामपुर (छत्तीसगढ़), उम्र लगभग 27 वर्ष, को आज दिनांक 02.01.2026 को समय करीब 09.30 बजे शीशटोला बभनी बॉर्डर से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के पश्चात अभियुक्ता के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

# प्रकाशोत्सव के उपलक्ष्य में भव्य नगर कीर्तन सजाया

- जो बोले सो निहाल सतश्री अकाल के जयकारों से गूंज उठा असमां
- गत्तका पार्टी ने अपनी कला के दिखाए जोहर रागी ढाडी जत्थे द्वारा गुरु जी का गुणगान किया।



**समाज जागरण**

कालांवाली (सुरेश जोरासाया) नव वर्ष के आगमन पर एक जनवरी, को सुबह क्षेत्र के गांव रघुआना स्थित गुरूद्वारा सिंह सभा में ढाणियों व नगर निवासियों के सहयोग से महान नगर कीर्तन सजाया गया। ये जानकारी देते हुए प्रमुख सेवादार बाबा जीत सिंह ने बताया कि पातशाही दसवीं साहिब श्री गुरू गोबिंद सिंह जी के प्रकाशोत्सव के उपलक्ष्य में गांव रघुआना में समूह नगरनिवासियों के सहयोग से प्रकाशोत्सव के पावन पर्व पर भव्य नगर कीर्तन सजाया गया। जबकि 2 जनवरी को सुबह लड़ीवार श्री अखंड पाठों का प्रकाश किया जाएगा जोकि 10 जनवरी को सुबह प्रकाशोत्सव के पावन अवसर विशाल धार्मिक गुरमति समागम दौरान भोग पाए जाएंगे। इससे पहले आज नगर कीर्तन सजाया गया है। इससे पहले गुरूद्वारा सिंह सभा में गुरु मयार्दा के अनुसार ग्रंथी सिंह साहिब द्वारा अरदास बेनती करने के साथ ही पांच प्यारों की अगुवाई में गुरू ग्रन्थ साहिब जी के पावन स्वरुप को सुन्दर पालकी साहिब में सुशोभित किया गया। तत्पश्चात यह नगर कीर्तन गुरुद्वारा साहिब से गांव व ढाणियों में रवाना हुआ। फूलों से सुशोभित अनेक वाहन एवं समूह संगत इस दौरान नगर कीर्तन में शामिल हो कर मुख्य गलियों से होते हुए श्रद्धालू सतनाम वाहेगुरु जी का जाप करते हुए पालकी वाहन के साथ साथ आगे बढ़ रहे थे। सेवादार साफ सफाई एवं पानी का छिड़काव करते हुए आगे आगे चल रहे थे। गांव में जगह जगह ग्रामीणों ने लंगर लगाकर चाय पानी आदि की सेवा की। इससे अलावा स्वागत कार्यक्रम आयोजित करते हुए पालकी वाहन में सुशोभित श्री गुरु ग्रंथ साहिब को अपना शीश निवाकर माथा टेका और पांच प्यारे सिंह साहिबानों को जलपान करवाने के साथ साथ सरोपे देकर बोले सो निहाल सतश्री अकाल के जयकारों के साथ उनका मानसम्मान किया। गांव में जगह जगह खुली जगहों पर पड़ाव के बाद नगर कीर्तन गांव की ढाणियों में पहुंचा। जगह जगह श्रद्धालुओं ने गुरू साहिब के पांच प्यारों व पालकी साहिब के सेवादारों को सिरोपे भेंट करके गुरू साहिब का सानिध्य प्राप्त किया।दमदमा साहिब तलवंडी साबो गतका पार्टी ने अच्छा प्रर्दशन कर अपनी कला के जोहर दिखाए जिस पर पंडाल में बैठे श्रद्धालुओं द्वारा एक ही स्वर में जो बोले सो निहाल सत श्री अकाल के जयकारों से गूंज उठा। कीर्तनी जत्था बाबा अमृत पाल सिंह औढ़ा वाले ने अमृतमई शब्द कीर्तन से साथ संगत को निहाल किया।ढाड़ी जत्थे ज्ञानी जसबीर सिंह बहादरपुर वाले

**गत्तका पार्टी भाई हरजिंद्र सिंह**

तख्त श्री दमदमा साहिब तलवंडी साबो से पहुंचे। सायं को नगर कीर्तन वापसी गुरुद्वारा साहिब पहुंचा और सुबह की तरह अरदास बेनती करके गुरू ग्रन्थ साहिब जी के पावन स्वरुप को दरबार साहिब में विराजमान किया गया ।इस मौके पर संत बाबा दर्शन सिंह दादू, संत बाबा गुरमीत सिंह तिलोकेवाला, बाबा गुरपाल सिंह चोरमार, हैड ग्रंथी हरजीत सिंह रघुआना , नसीब सिंह दौलतपुर खेड़ा, गुरप्रीत सिंह, हरप्रीत सिंह, बप्पा, गुरचरण सिंह, महेंद्र सिंह सुबाखेड़ा, सतनाम सिंह सूरतिया, बाबा सुखपाल सिंह व जसबिंदर सिंह बड़ागुढ़ा, बाबा रिछपाल सिंह रघुआना सहित सेंकड़ो श्रद्धालू मौजूद रहे ।

# सरपंच संदीप ने सामाजिक संगठनों और सरपंचों से अपने-अपने क्षेत्र में रिफ्लेक्टर पट्टी लगाने का किया आग्रह

## चैहड़खुर्द के सरपंच सरपंच संदीप श्योराण ने बहल- लोहारू मुख्य मार्ग पर बिजली के खंभे, पेड़ों, दिवारों तथा ट्रेक्टर ट्राली व वाहनों को रिफ्लेक्टर पटिया लगाकर शुरू की मुहिम

**समाज जागरण, जिला संवाददाता।**
**( महेन्द्र जावला बहल )**



**बहल के गांव चैहड़ खुर्द में ट्रेक्टर के पानी टैंकर को रिफ्लेक्टर पट्टी लगाते हुए सरपंच संदीप श्योराण एवं मा. कुलदीप व गांव के युवा।**

बहल, 2 जनवरी। अब जब दिन रात को व्यापक कोहरा धूंध छाया रहता है और ऐसे में सड़क मार्ग व रास्तों पर विजिवल्टी बेहद कम रहती और रास्तों के आसपास वाहन चालकों आम राहगीरों को बहुत कम दूरी तक दिखाई पड़ता है। दुर्घटनाओं व हादसों का खतरा बना रहता है। ऐतिहात के तौर पर प्रशासन, सामाजिक संगठन व पंचायती स्तर सड़क किनारे सफेद पट्टी व रिफ्लेक्टर पट्टियां जो वाहनों की लाइट फोकस पड़ने पर चमक कर हादसों से सावधान करती हैं। इसको लेकर ग्राम पंचायत चैहड़खुर्द के सरपंच सरपंच संदीप श्योराण ने बहल- लोहारू मुख्य मार्ग पर बिजली के खंभे, पेड़ों, दिवारों तथा ट्रेक्टर ट्राली व बिना रिफ्लेक्टर पट्टियां लगे वाहनों को रिफ्लेक्टर पटिया लगाने के मुहिम शुरू की है। नव वर्ष पर सरपंच ने गांव के युवाओं के साथ मिलकर इस मुहिम की शुरूआत की है। सरपंच की रिफ्लेक्टर पट्टी लगाने की मुहिम का लोगों ने सराहना की है और इसे एक जिम्मेदार नागरिक का कर्तव्य कर दिया है। सरपंच संदीप ने सामाजिक संगठनों और सरपंचों से अपने-अपने क्षेत्र में रिफ्लेक्टर पट्टी लगाने का आग्रह भी किया है। ताकि धुंध में वाहन चालकों को रिफ्लेक्टर पट्टियों की बड़ी सहायता मिल सके। जो हादसों से बचाने सहायक साबित हो सके। इस अवसर पर गांव के युवा व प्रबुद्ध नागरिकों ने भी सहयोग किया और सरपंच ने आभार जताया है।

# जागरूकता रैली में बहल थाना के उप निरीक्षक बलवान जाखड़ व पुलिस कर्मियों ने भी की शिरकत

## मंढ़ोलीकलां में एनएसएस (राष्ट्रीय सेवा योजना) यूनिट द्वारा सड़क सुरक्षा और नशा मुक्ति पर केंद्रित जागरूकता रैली निकाली

**समाज जागरण, जिला संवाददाता।**
**( महेन्द्र जावला बहल )**



**बहल : मंढ़ोलीकलां के पीएमश्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के एनएसएस के स्वयं सेवक यातायात नियमों की जानकारी देने के लिए रैली निकालते हुए।**

बहल, 2 जनवरी। पीएमश्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मंढ़ोलीकलां में एनएसएस (राष्ट्रीय सेवा योजना) यूनिट द्वारा सड़क सुरक्षा और नशा मुक्ति पर केंद्रित जागरूकता रैली निकाली गई।

राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी एवं प्रवक्ता राजेश कुमार ने बताया इसका मुख्य उद्देश्य युवाओं को सुरक्षित यातायात के नियमों की जानकारी देना और सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए प्रेरित करना है। जागरूकता रैली में बहल थाना के उप निरीक्षक बलवान जाखड़ व पुलिस कर्मियों ने भी शिरकत किया और शिवरात्रि स्वयं सेवको को सड़क व यातायात नियमों से अवगत किया। एनएसएस प्रभारी राजेश कुमार ने बताया कि सड़क यातायात सुरक्षा, सड़क दुर्घटनाओं व हादसों को कम करने किए जा सकते। बशर्ते की आम लोगों को यातायात के नियमों की जानकारी होनी चाहिए और कर्तव्य निष्ठ होकर ट्रैफिक नियमों का पालन करना चाहिए। ताकि सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित हो सके और मानवीय भूलों से होने वाले जोखिम को काम किया जा सके। एनएसएस स्वयं सेवकों के द्वारा रैली निकल गई और लोगों को यातायात के नियमों के से प्रेरित किया। अंग्रेजी प्रवक्ता अनिल कुमार और सुख सहायक रमेश भी साथ रहे।

# नववर्ष के उपलक्ष पर निरंकारी सतगुरु का खुशियों और आशीष भरा पावन संदेश

## निरंकार की रजा में जीवन जीना ही सच्ची साधना :निरंकारी सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज

**(रघुनंदन पराशर दैनिक समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब)**



जैतो,2 जनवरी : ह्यनिरंकार की रजा में जीवन जीना ही सच्ची साधना है।ह्न यह प्रेरणादायक प्रवचन निरंकारी सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज द्वारा नववर्ष के शुभ अवसर पर दिल्ली स्थित ग्राउंड नम्बर 8, निरंकारी चैक, बुराड़ी रोड में आयोजित विशेष सत्संग समारोह में व्यक्त किए गये। संत निरंकारी मिशन ब्रांच जैतो के मुखी अशोक धीर और जोन फिरोजपुर के जोनल इंचार्ज ऐन एस गिल ने प्रेस को जानकारी देते हुए बताया कि इस सत्संग में दिल्ली, एन.सी.आर. सहित विभिन्न राज्यों से हजारों श्रद्धालुगण सम्मिलित हुए। सभी भक्तों ने नव वर्ष के प्रथम दिन सतगुरु माता जी एवं निरंकारी राजपिता जी के पावन सान्निध्य में उनके दिव्य दर्शन और प्रेरणादायक प्रवचनों से आत्मिक शांति और आध्यात्मिक ऊर्जा का सुखद आनंद प्राप्त किया।

सतगुरु माता जी ने अपने उद्बोधन में फरमाया कि नववर्ष का प्रथम दिवस हमें संतों के वचनों को सुनने और उन्हें जीवन में अपनाने का अनमोल अवसर देता है। जहाँ संसार वर्ष की शुरूआत मौज-मस्ती से करता है, वहीं संत सत्य और सत्संग का मार्ग चुनते हैं। सत्संग से आरंभ हुआ जीवन हर पल निरंकार के एहसास को और अधिक दृढ़ करता चला जाता है।तार्किक रूप से नववर्ष केवल धरती का सूर्य के चारों ओर एक चक्कर और ऋतुओं का परिवर्तन है। हम शुभकामनाएँ देते हैं और नए संकल्प लेते हैं, पर वास्तविक परिवर्तन तभी सार्थक होता है जब वह भीतर से आए। संत आत्ममंथन द्वारा सकारात्मक परिवर्तन लाते हैं और निरंकार को सर्वोपरि मानते हुए सेवा, सुमिरन और सत्संग को जीवन की प्राथमिकता बनाते हैं।सतगुरु माता जी ने कहा कि एक भक्त की यही कामना होती है कि हर नया वर्ष उसे पहले से अधिक सेवा, सुमिरन और सत्संग से जोड़े, साथ ही वह अपनी सांसारिक जिम्मेदारियों को भी पूरी निष्ठा से निभाए। जब जीवन स्वयं संदेश बन जाए और कर्म शब्दों से अधिक बोलें, तभी सच्ची साधना का स्वरूप प्रकट होता है। इसी क्षण में, पूरी चेतन अवस्था के साथ, निरंकार के एहसास में जीना ही वास्तविक जीवन है, क्योंकि भूत और भविष्य माया का रूप हैं। जब मन में यह विश्वास दृढ़ हो जाए कि कल भी दातार की रजा थी और आज भी उसकी कृपा है, तो चिंता स्वतः समाप्त हो जाती है और जीवन सहज और संतुलित बन जाता है।नववर्ष केवल तारीख का परिवर्तन नहीं, बल्कि प्रेम, मिठास, सौम्यता और समझ को अपनाने का अवसर है। मनमुटाव और द्वेष से दूर रहकर, दूसरों के भावों को समझते हुए, दोषों पर पर्दा डालकर गुणों को अपनाना ही सच्ची भक्ति है। हर श्वास में सुमिरन हो, हर क्षण में निरंकार का वास हो, यही नववर्ष का सच्चा अर्थ और संदेश है। नव वर्ष के अवसर पर सतगुरु माता जी ने अंत में सभी श्रद्धालुओं के लिए सुख, समृद्धि और आनंदमय जीवन की शुभकामनाएं प्रदान की।

# फिरोजपुर मंडल ने अप्रैल - दिसम्बर माह में टिकट चैकिंग द्वारा 23.97 करोड़ रुपए राजस्व अर्जित किया

**(रघुनंदन पराशर दैनिक समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब)**



जैतो,2 जनवरी : उत्तर रेलवे के फिरोजपुर रेल मंडल द्वारा शुक्रवार को जारी प्रैस विज्ञप्ति में बताया कि फिरोजपुर मंडल के टिकट चैकिंग दल द्वारा ट्रेनों में अनाधिकृत रूप से यात्रा कर रहे यात्रियों की इस प्रवृति पर रोक लगाने हेतु ट्रेनों में सतत टिकट चैकिंग किया जा रहा है। मंडल के टिकट चैकिंग स्टाफ एवं मुख्य टिकट निरीक्षकों द्वारा दिसम्बर, 2025 की अवधि के दौरान टिकट जांच अभियान के अंतर्गत कुल 2.56 करोड़ की आय अर्जित की गई है, जो कि दिसंबर 2024 की आय 2.18 करोड़ की तुलना में लगभग 17 प्रतिशत अधिक है। इसके अतिरिक्त, यह आय दिसंबर 2025 के निर्धारित लक्ष्य ड्2.55 करोड़ से भी अधिक रही है। दिसम्बर, 2025 की अवधि के दौरान बिना टिकट यात्रा, अनियमित यात्रा, अनबुक्ड लगेज, एंटी लिटरिंग एवं धूम्रपान से संबंधित कुल 36,516 मामलों में कार्रवाई की गई। वर्ष 2025 के अप्रैल से दिसंबर माह की अवधि के दौरान टिकट चैकिंग द्वारा अर्जित राजस्व 23.97 करोड़ है, जो कि पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में लगभग 13 प्रतिशत अधिक है।मंडल के रेलवे स्टेशनों को साफ-सुथरा बनाए रखने तथा आम जनता को स्टेशनों पर गंदगी फैलाने से रोकने एवं उनको साफ-सफाई के प्रति जागरूक बनाने के लिए मंडल के मुख्य स्टेशनों पर नियमित जाँच की जाती है। इसके फलस्वरूप, नवम्बर माह में 416 यात्रियों को स्टेशन परिसर में गंदगी फैलाने के कारण (एंटी लिटरिंग एक्ट) उनसे 65 हजार रुपए से अधिक वसूल किये गए। मंडल रेल प्रबंधक श्री संजीव कुमार ने बताया कि फिरोजपुर मंडल द्वारा यात्रियों में टिकट लेकर यात्रा करने, स्वच्छता बनाए रखने एवं रेलवे नियमों का पालन सुनिश्चित करने हेतु निरंतर टिकट जांच अभियान चलाया जा रहा है। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री परमदीप सिंह सैनी ने बताया कि यह उपलब्धि मंडल के टिकट चेकिंग स्टाफ की सक्रियता, समर्पण और सतत प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने कहा कि फिरोजपुर मंडल द्वारा भविष्य में भी टिकट जांच अभियान को और अधिक प्रभावी ढंग से जारी रखेगा, जिससे रेल राजस्व में वृद्धि के साथ-साथ यात्रियों को सुरक्षित एवं अनुशासित यात्रा वातावरण उपलब्ध कराया जा सके।

# पंजाब राज्य ट्रेडर्स कमीशन चेयरमैन अनिल ठाकुर व शैली गर्ग जैतो ने वन-टाइम सेटलमेंट स्कीम को बढ़ाने के लिए सी.एम. भगवंत मान और वित्त मंत्री हरपाल चीमा का आभार व्यक्त किया

**(पराशर समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब)**



जैतो ,2 जनवरी :पंजाब के व्यापार और कारोबारी समुदाय ने पंजाब सरकार के पंजाब वन-टाइम सेटलमेंट स्कीम-2025 को 31 मार्च, 2026 तक बढ़ाने के फैसले का स्वागत किया है, इसे एक बहुत ही प्रगतिशील और व्यापारी-हितैषी कदम बताया है।

पूरे राज्य के व्यापारियों की ओर से आभार व्यक्त करते हुए पंजाब राज्य ट्रेडर्स कमीशन के चेयरमैन अनिल ठाकुर ने मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान और वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा को कारोबारी समुदाय के लंबे समय से लंबित टैक्स से संबंधित मुद्दों को हल करने के प्रति उनके संवेदनशील और व्यावहारिक दृष्टिकोण के लिए धन्यवाद दिया। श्री अनिल ठाकुर ने कहा कि ओटीएस स्कीम का विस्तार व्यापारियों और उद्योग द्वारा सामना की जाने वाली व्यावहारिक कठिनाइयों, विशेष रूप से साल की आखिरी तिमाही के दौरान देखे गए भारी अनुपालन बोझ और प्रक्रियात्मक चुनौतियों के प्रति राज्य सरकार की गहरी समझ को दशार्ता है। उन्होंने कहा कि यह योजना जीएसटी से पहले के कानूनों, जिसमें वैट और केंद्रीय बिक्री कर शामिल हैं, के तहत पुराने विवादों से जूझ रहे व्यवसायों के लिए एक बड़ी राहत बनकर उभरी है। श्री ठाकुर ने कहा, "ओटीएस स्कीम को 31 मार्च, 2026 तक बढ़ाने का फैसला पंजाब सरकार की व्यापार-अनुकूल माहौल बनाने और स्वैच्छिक अनुपालन को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता को दशार्ता है। ब्याज, जुमार्ने और पात्र टैक्स राशि पर दी गई बड़ी छूट ने व्यापारियों में विश्वास जगाया है और उन्हें आगे आकर लंबे समय से लंबित बकाया का निपटारा करने के लिए प्रोत्साहित किया है।" चेयरमैन ने आगे कहा कि इस योजना के तहत प्राप्त बड़ी संख्या में आवेदन वर्तमान सरकार की नीतियों में कारोबारी समुदाय के विश्वास को स्पष्ट रूप से दशार्ते हैं। उन्होंने कहा कि इस विस्तार से शेष पात्र व्यापारियों को अपनी देनदारियों का सही आकलन करने और बिना किसी अनुचित दबाव के इस एक बार के अवसर का लाभ उठाने का मौका मिलेगा। श्री अनिल ठाकुर ने पंजाब के सभी व्यापारियों, उद्योगपतियों और चावल मिल मालिकों से अपील की कि वे विस्तारित अवधि का समझदारी और अच्छे इरादे से उपयोग करें और संशोधित समय सीमा के भीतर ओटीएस स्कीम का विकल्प चुनें। उन्होंने कहा, "यह बकाया राशि को चुकाने, भविष्य के मुकदमों से बचने और नए वित्तीय वर्ष की शुरूआत साफ-सुथरे तरीके से करने का एक मूल्यवान अवसर है। कारोबारी समुदाय को समय पर भागीदारी और अनुपालन सुनिश्चित करके सरकार के सकारात्मक इरादे का जवाब देना चाहिए।" पंजाब स्टेट ट्रेडर्स कमीशन के समर्थन को दोहराते हुए, श्री ठाकुर ने इस योजना के बारे में जागरूकता फैलाने और इसे आसानी से लागू करने में पूरा सहयोग देने का आश्वासन दिया। इस दौरान पंजाब प्रदेश व्यापार मंडल रजि के प्रदेश उप प्रधान गोपाल कृष्ण शैली गर्ग जैतो ने पंजाब सरकार द्वारा लिए गए उपरोक्त फैसला लेने के लिए पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान और वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि इस फैसले से पंजाब के व्यापारियों को बड़ी राहत मिलेगी। पंजाब प्रदेश व्यापार मंडल के उप प्रधान शैली गर्ग ने कहा कि पंजाब की आप सत्ताधारी ने प्रदेश की आम जनता की भलाई के लिए अनेक योजनाएं बनाई है जिससे उन्हें बड़ी राहत मिली है। उन्होंने कहा कि अब सरकार ने व्यापारी कल्याण के लिए एक और राहत दी है। उन्होंने कहा कि पंजाब की भगवंत मान सरकार से राज्य का हर वर्ग खुश नजर आ रहा है जिससे आगामी 2027 के पंजाब विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी पुनः सत्ता में आएंगी।

# नए साल के दिन विश्व प्रसिद्ध सिद्धपीठ सालासर बालाजी मंदिर में भक्तों की भारी भीड़

**(समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब)**



जैतो, 2 जनवरी :देश के अलग-अलग राज्यों से हजारों भक्त हर दिन राजस्थान में विश्व प्रसिद्ध सिद्धपीठ सालासर बालाजी धाम में दर्शन (पूजा-अर्चना) के लिए आते हैं। हालांकि, नए साल के दिन भक्तों की भारी भीड़ जमा होती है। इस साल भी, नए साल के पहले दिन मंदिर में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। सूत्रों के अनुसार, अनुमान है कि 1 जनवरी, 2026 को 1.5 से 2 लाख भक्तों ने सालासर धाम के दर्शन किए।मंदिर प्रशासन और हनुमान सेवा समिति द्वारा की गई व्यवस्थाओं के अनुसार लगभग 12-13 हजार भक्त हर घंटे सात लाइनों के माध्यम से बाबा (भगवान हनुमान) के दर्शन कर रहे थे। 1 जनवरी, 2026 को सुबह 7 बजे तक, लगभग 70,000 भक्तों ने पहले ही दर्शन कर लिए थे। भक्तों की भारी भीड़ को देखते हुए, मंदिर के गेट रात 1:00 बजे खोल दिए गए ताकि भक्त आसानी से दर्शन कर सकें।

सूत्रों ने बताया कि भक्तों के लिए व्यवस्था बनाए रखने के लिए 100 से अधिक पुलिसकर्मी और 150 निजी सुरक्षा गार्ड तैनात किए गए थे। भक्तों का मानना है कि नए साल के दिन और नए संवत की शुरूआत में विश्व प्रसिद्ध सिद्धपीठ सालासर बालाजी के दर्शन करने से साल भर उनकी सभी मनोकामनाएं पूरी होंगी और उनके परिवारों में शांति, समृद्धि और अच्छा स्वास्थ्य आएगा। इसी विश्वास के साथ, वे विशेष रूप से नए साल के दिन और नए संवत की शुरूआत में पूजा-अर्चना करने और आशीर्वाद लेने के लिए सालासर बालाजी आते हैं।

# पंजाब में 15 से मुख्यमंत्री सेहत योजना से हर परिवार को 10 लाख तक मुफ्त होगा इलाज

**(पराशर समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब)**



जैतो,2 जनवरी :पंजाब के स्वास्थ्य मंत्री डॉ.बलबीर सिंह ने शुक्रवार को स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर एक महत्वपूर्ण बयान दिया है। उन्होंने मुख्यमंत्री सेहत योजना की घोषणा के बारे में कहा कि पंजाब के हर परिवार को 10 लाख तक का मुफ्त कैशलेस इलाज देने वाली योजना 15 जनवरी 2026 को औपचारिक रूप से शुरू की जाएगी। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने दिसंबर 2025 में इस योजना की घोषणा की थी।स्वास्थ्य मंत्री डा.बलबीर सिंह ने स्पष्ट किया कि पंजाब का कोई भी निवासी जिसके पास आधार कार्ड और वोटर कार्ड है,वह इस योजना का लाभ उठा सकेगा। इस योजना में कोई आमदन सीमा नहीं है और यह राज्य की आम जनता के लिए उपलब्ध हैं।यह योजना राज्य की 100 प्रतिशत आबादी लगभग 65 लाख परिवार को कवर करेगी।इस योजना के कार्ड बनाने के लिए राज्य भर में 9,000 से अधिक शिविर आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत लगभग 2,200 मेडिकल प्रक्रियाएं कवर की जाएंगी, जिनमें सर्जरी, आईसीयू देखभाल और दवाएं शामिल हैं।

मंत्री ने यह भी जानकारी दी कि पंजाब के सभी जिला अस्पतालों में 200 सुरक्षा कर्मियों को तैनात किया जाएगा, जो चिकित्सा पेशेवरों की लंबे समय से चली आ रही मांग थी। यह योजना मुख्यमंत्री भगवंत मान और आप सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल द्वारा संयुक्त रूप से लॉन्च की जाएगी।

# आदर्श कृष्णनगर में महिलाओं का पांचवां वार्षिक नववर्ष पिकनिक एवं प्रतियोगितात्मक कार्यक्रम सम्पन्न

**समाज जागरण**
**श्रीभूमि संवाददाता दुल्लभछड़ा**



अंग्रेजी नववर्ष 2026 की शुरूआत जिले के आदर्श कृष्णनगर गांव की महिलाओं ने उत्साह और उमंग के साथ की। दुल्लभछड़ा के समीप स्थित आदर्श कृष्णनगर में शुक्रवार, 2 जनवरी को महिलाओं द्वारा पिकनिक एवं प्रतियोगितात्मक कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। यह आयोजन लगातार पाँचवें वर्ष किया गया, जिसमें महिलाओं की सक्रिय भागीदारी और सामूहिक उत्सव की झलक देखने को मिली। गांव की महिलाओं ने आपसी चंदा एकत्र कर गांव से हाईस्कूल जाने वाले मार्ग के सामने स्थित खुले मैदान में पिकनिक का आयोजन किया। कार्यक्रम में केवल महिलाओं ने भाग लिया और सामूहिक रूप से पिकनिक का आनंद लेने के साथ-साथ विभिन्न प्रतियोगितात्मक खेलों में उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया।

पिकनिक एवं खेलकूद कार्यक्रम में दुल्लभछड़ा सहित आसपास के क्षेत्रों से लगभग 40 महिलाओं ने भाग लिया। प्रतियोगिताओं में कबड्डी, रेडी, म्यूजिकल चेयर, गायन सहित अन्य मनोरंजक खेल आयोजित किए गए। खेल प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली महिलाओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

प्रतियोगिताओं में बेस्ट परफॉर्मेंस का पुरस्कार प्रतिभा सिन्हा, सीमा सिन्हा, बासना सिन्हा, विशया सिन्हा एवं बनोमाला सिन्हा को प्रदान किया गया। द्वितीय पुरस्कार बिहना सिन्हा और मेनका सिन्हा को मिला, जबकि अन्य प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया। महिलाओं ने बताया कि बीते चार वर्षों से प्रत्येक नववर्ष पर यह आयोजन निरंतर किया जा रहा है और भगवान की कृपा से इस वर्ष पाँचवीं बार यह उत्सव सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। उन्होंने आशा व्यक्त की कि वर्ष 2027 में नववर्ष के अवसर पर विभिन्न गांवों की महिलाएं मिलकर इसे और भी बड़े स्तर पर आयोजित करेंगी।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में रीता सिन्हा, मलीना सिन्हा एवं शर्मिला सिन्हा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। महिलाओं ने आयोजन में सहयोग देने वाले सभी लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन द्वारा गांधी चौक में आयोजित किया गया गर्म दूध का लंगर

**(रघुनंदन पराशर जैतो दैनिक समाज जागरण चीफ ब्यूरो)**



डबवाली,2 जनवरी :अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन द्वारा नव वर्ष-2026 के पावन अवसर पर गांधी चौक डबवाली में शाखा अध्यक्ष दिनेश गुप्ता टिंकू के सानिध्य में गर्म दूध का लंगर आयोजित किया गया। जिसमें 500 से अधिक राहगीरों को दूध पिलाकर नव वर्ष की शुभकामनाएं दी गई। संस्था के विशेष आमंत्रित सदस्य मदन लाल गुप्ता द्वारा दूध लंगर का आगाज किया गया। उन्होंने कहा कि किसी भी पावन अवसर पर सार्वजनिक स्थान पर आयोजित किया जाने वाला कोई भी लंगर आपसी भाईचारे का संदेश देता है। क्योंकि लंगर में सभी आपस में मिल बैठकर प्रसाद ग्रहण करते हैं। हमें समय समय पर आपस में मिलकर ऐसे लंगरों का आयोजन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्राचीन काल से ही लंगरों की परंपरा चली आ रही है। इस अवसर पर राष्ट्रीय संरक्षक सदस्य प्रीतम बांसल, पंजाब राज्य अध्यक्ष सुरेंद्र सिंगला, रूपिंद्र गोयल, तरसेम गर्ग बीमा वाले, शंकर बांसल, चरण कमल गोयल, चंदन सिंगला, युवा रक्तदान सोसायटी के अध्यक्ष सर्वप्रीत सेठी, डा. प्रेम गोयल, सोमनाथ गर्ग, जसविंद्र सिंह कुलार मैहना, निर्मल गर्ग बिट्टू एवं रवि कुमार वर्मा सहित बड़ी संख्या में अन्य लोग उपस्थित थे। शाखा अध्यक्ष नरेश गुप्ता टिंकू ने आयोजन में सहयोग करने वाले सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

# लोकतंत्र सेनानी आचार्य रामजी द्विवेदी 'पंकज' के घर पहुंच स्वास्थ्य टीम ने बनाया आयुष्मान गोल्डन कार्ड

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। अपर जिलाधिकारी (ना0 आ0) वरिष्ठ प्रभारी,लोकतंत्र सेनानी वाराणसी व डॉ0 आर0 के0 सिंह अपर मुख्य चिकित्साधिकारी/नोडल अधिकारी आयुष्मान भारत वाराणसी के निर्देश पर पीएचसी हरहुआ के प्रभारी डॉ0 सन्तोष कुमार व सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी तेवर सतनाम शर्मा सहित टीम आज शुक्रवार को हरहुआ ब्लाक के सिंहपुर ग्राम पंचायत के राजस्व गांव राम सिंहपुर,हरहुआ पहुँची। जहां पर लोकतंत्र सेनानी आचार्य रामजी द्विवेदी 'पंकज' उम्र 70 वर्ष का आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनाया। पीएचसी प्रभारी हरहुआ के अनुसार



जनपद से प्राप्त निर्देश के क्रम में जनपद के चार बचे लोकतंत्र सेनानी का कार्ड बनाना था।जिसमें हरहुआ ब्लाक में सिर्फ आचार्य पंकज जी का एक था। आज टीम घर पहुँचकर बीमार चल रहे आचार्य पंकज जी का हालचाल लिया। स्वास्थ्य सम्बन्धी जानकारी को लेते हुए उनके द्वारा देश के प्रति किये गए योगदान की जानकारी ली । आचार्य पंकज ने कहा कि पहले देश है इसके बाद हम हैं, जो देश के प्रति समर्पित होकर हर भारतीय को करना चाहिए। मैं आज भी वंदेमातरम, भारत माता की जय बोलकर नमन करता हूँ। मेरा पूरा परिवार राष्ट्रप्रेमी है।

# महाकाल स्पोर्टिंग क्लब द्वारा आयोजित 12 दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का हुआ समापन

**समाज जागरण शिव तिवारी**

बड़ागांव ब्लॉक के चकखरावन नटवा गांव में महाकाल स्पोर्टिंग क्लब द्वारा आयोजित 12 दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का शुक्रवार को भव्य समापन हुआ। इस प्रतियोगिता में क्षेत्र की कुल लगभग 86 टीमों ने भाग लेकर खेल भावना का परिचय दिया।



समापन अवसर पर फाइनल मुकाबला त्रिकाल स्पोर्टिंग क्लब बड़ागांव एवं भीकाल स्पोर्टिंग क्लब साधोगंज के बीच खेला गया, जिसमें रोमांचक मुकाबले के बाद त्रिकाल स्पोर्टिंग क्लब बड़ागांव ने जीत हासिल कर खिताब अपने नाम किया।

इस अवसर पर महाकाल स्पोर्टिंग क्लब के अध्यक्ष प्रभाकर पटेल, उपाध्यक्ष सूबेदार पटेल, कप्तान राहुल, उपकप्तान रोहित पटेल, मनीष सिंह, कप्तान पटेल एवं पूर्व प्रधान राकेश पटेल ने सभी प्रतिभागी टीमों का उत्साहवर्धन किया।

विजेता टीम को चकखरावन ग्राम प्रधान प्रतिनिधि रविंद्र पटेल द्वारा शील्ड एवं नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य छोटेलाल पटेल, पूर्व क्षेत्र पंचायत प्रतिनिधि शिव तिवारी,काजू चौबे, राजकिशोर पटेल,प्रभात पटेल, संतोष पटेल,धनंजय पटेल,आकाश पटेल,अरविंद पटेल सहित सैकड़ों खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

आयोजकों ने बताया कि इस तरह के खेल आयोजनों से युवाओं में खेल के प्रति रुचि बढ़ती है और आपसी भाईचारा मजबूत होता है।

# पात्र गृहस्थी व अंत्योदय कार्डधारकों की महिलाओं को समूहों से जोड़ने पर हुई अहम बैठक

**समाज जागरण शिव तिवारी**

विकासखंड बड़ागांव के सभागार में शुक्रवार को समूह सखियों एवं राशन कोटेदारों की संयुक्त बैठक संपन्न खंड विकास अधिकारी बड़ागांव श्री वीरेंद्र नारायण द्विवेदी की अध्यक्षता में की गई। जिसमें विकासखंड बड़ागांव के अंतर्गत आने वाले समस्त पात्र गृहस्थी एवं अंत्योदय कार्ड धारकों के घर से एक महिला को समूह में जोड़ने पर चर्चा किया गया एवं रणनीति तैयार की गई।



बैठक की शुरूआत आपूर्ति निरीक्षक पिंडरा (खाद्य एवं रसद विभाग) श्री प्रदीप शुक्ला द्वारा किया गया। सहायक विकास अधिकारी (ISB) बड़ागांव श्री बृजेश सिंह द्वारा समूह में जोड़ने की प्रक्रिया के बारे में विस्तृत रूप से चर्चा किया गया। ब्लॉक मिशन प्रबंधक श्री मनोज कुमार के द्वारा समूह में जुड़ने के लाभ के बारे में बताया गया। इस अवसर पर ब्लॉक मिशन प्रबंधक श्री राहुल सिंह, समस्त कोटेदार एवं समूह सखियां उपस्थित रहे। कोटेदारों के द्वारा राशन लेने वाले समस्त परिवार को समूह में जुड़ने के लिए प्रेरित किया जाएगा एवं समूह सखियों के द्वारा उन सदस्यों को समूह में जोड़कर आजीविका परख गतिविधियां कराई जाएगी जिससे ग्रामीण महिला आत्मनिर्भर बन सकेगी।

# चोलापुर क्षेत्र के कटारी गांव में 10 फीट लंबा अजगर दिखा

**समाज जागरण, वाराणसी ओंकार नाथ**

दानगंज, चोलापुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले कटारी गांव में शनिवार सुबह उस वक्त हड़कंप मच गया, जब एक खेत में विशालकाय अजगर रेंगता हुआ दिखाई दिया। लगभग 10 फीट लंबे इस अजगर को देख ग्रामीणों के पसीने छूट गए। राहत की बात यह रही कि ग्रामीणों ने कानून हाथ में लेने के बजाय समझदारी दिखाई, जिसके बाद वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर अजगर को सुरक्षित रेस्क्यू किया।



**खेत में रेंगता दिखा 'काल'**

शनिवार सुबह कटारी गांव के कुछ किसान जब अपने रोजाना के कार्यों के लिए खेतों की ओर निकले, तो झाड़ियों के पास उन्हें कुछ संदिग्ध हलचल महसूस हुई। पास जाकर देखने पर वहां एक भारी-भरकम अजगर कुंडली मारकर बैठा था। अजगर की लंबाई और उसकी मोटाई देख किसान सहम गए और शोर मचाना शुरू कर दिया।

**मौके पर काफी भीड़ जुट गई और**

अजगर मिलने की खबर आग की तरह पूरे गांव में फैल गई। देखते ही देखते लाठी-डंडों के साथ बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जमा हो गए। हालांकि, गांव के जागरूक युवाओं और बुजुर्गों ने भीड़ को नियंत्रित किया और अजगर को नुकसान न पहुंचाने की अपील की। ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना स्थानीय पुलिस और वन विभाग को दी।

**कड़ी मशक्कत के बाद रेस्क्यू**

सूचना मिलते ही चोलापुर पुलिस और वन विभाग की रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंची। तब तक अजगर झाड़ियों के बीच छिपने का प्रयास कर रहा था। वन कर्मियों ने करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद अजगर पर काबू पाया और उसे एक सुरक्षित बोरे में बंद किया। वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि पकड़ा गया अजगर 'इंडियन रॉक पाइथन' प्रजाति का है और पूरी तरह स्वस्थ है।

**जंगल में सुरक्षित छोड़ा गया**

रेस्क्यू टीम ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि अब डरने की जरूरत नहीं है। टीम अजगर को अपने साथ ले गई, जिसे बाद में आबादी से दूर सुरक्षित प्राकृतिक वन क्षेत्र में छोड़ दिया गया। वन विभाग ने ग्रामीणों की सराहना करते हुए कहा कि वन्यजीवों के दिखने पर इसी तरह की समझदारी दिखानी चाहिए ताकि इंसानों और जानवरों, दोनों की जान सुरक्षित रह सके।

# विश्व कल्याणार्थ 41 दिवसीय जल धारा तपस्या146 घड़ों के ठंडे जल से हुआ स्नान

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी कैथी स्थित मार्कंडेय महादेव धाम गंगा घाट के समीप श्री श्री 1008 संत प्रद्युम्न महाराज द्वारा आयोजित विश्व कल्याणार्थ 41 दिवसीय हठयोग तपस्या इन दिनों आस्था का केंद्र बनी हुई है। महाराज की कठोर तपस्या के दर्शन हेतु दूर-दराज से भक्तगण यहां पहुंच रहे हैं।



यह हठयोग तपस्या अपनी कठिनाई के कारण भक्तों के लिए प्रेरणास्रोत बनी हुई है। तपस्या के नियम के अनुसार, रात्रि में मिट्टी के घड़ों में जल भरकर रखा जाता है। महाराज श्री प्रद्युम्न ब्रह्म मुहूर्त यानी भोर में 3 बजे इसी अत्यधिक ठंडे जल से स्नान करते हैं।

शुक्रवार को इस अलौकिक हठयोग तपस्या का 37वां दिन रहा। इस दिन महाराज को 146 मटके के ठंडे जल से स्नान कराया गया। इस दौरान वातावरण भक्तिमय बना रहा। भोर के समय महाराज जी को स्नान कराने के लिए स्थानीय भक्तों के साथ-साथ अन्य क्षेत्रों से भी भक्तगण बड़ी संख्या में उपस्थित होते हैं, जिससे गंगा घाट पर भक्ति और श्रद्धा का अद्भुत माहौल बन जाता है।

**आयोजन और भंडारा**

संत प्रद्युम्न महाराज एवं प्रबंधक अमित कुमार पांडेय ने बताया कि यह 41 दिवसीय तपस्या शीघ्र ही पूर्ण होने वाली है। तपस्या की पूर्णाहुति के उपलक्ष में 5 जनवरी को विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है।

आज भक्तजनों में प्रमुख रूप से हरहुआ भाजपा मंडल अध्यक्ष आशुतोष मिश्रा 'अजय' ,मण्डल उपाध्यक्ष अरुणेंद्र सिंह , अरविंद सिंह, अरविंद कुमार, जय कुशवाहा, विजय पटेल, अपरबल सिंह, सुश्री पूजा सेठ,महामंत्री अनिल पांडेय, मनोज पटेल, मंत्री श्री मति सपना कुमारी, अनिल विश्वकर्मा,आशीष कुमार,अरुण तिवारी ,पंकज मौर्य ,श्री मति सोनाली पांडेय, विक्की गुप्ता,हिमांशु पांडेय सहित कोषाध्यक्ष अंशुमान सिंह, व्यापार मंडल हरहुआ महामंत्री वीरेंद्र गुप्ता, राकेश गुप्ता, जयचंद मोदनवाल सहित सैकड़ो लोगों ने दर्शन कर आशीर्वाद लिया।

आयोजको ने समस्त भक्तजनों से इस विशाल भंडारे में उपस्थित होकर पुण्य लाभ प्राप्त करने का आह्वान किया।

# मामूली विवाद में महिला को घर में घुसकर पीटा

**समाज जागरण वाराणसी ओंकार नाथ दानगंज**

चोलापुर थाना क्षेत्र के बनियाँपुर गांव में शनिवार दोपहर लकड़ी के मामूली विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। दबंगों ने एक महिला के घर में घुसकर न केवल उसके साथ गाली-गलौज की, बल्कि उसे बेरहमी से पीटते हुए बाल पकड़कर जमीन पर घसीटा। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम बनियाँपुर निवासिनी रेखा देवी पत्नी विनोद कुमार का शनिवार दोपहर करीब 3:30 बजे गांव के ही नरेश पुत्र वचनु से लकड़ी को लेकर विवाद हो गया था। आरोप है कि विवाद के दौरान नरेश ने महिला को भद्दी-भद्दी गालियां देनी शुरू कर दीं। जब महिला ने विरोध किया, तो आरोपी उसे मारने के लिए उसके घर में घुस गया।

**पूरे परिवार ने मिलकर बोला हमला**

पीड़िता रेखा देवी ने बताया कि जान बचाने के लिए उन्होंने तत्काल 112 नंबर पर पुलिस को सूचना दी। पुलिस के पहुंचने से पहले ही आरोपी के पक्ष से संध्या, सोनी कुमारी, रागिनी, पंकज, रंजित, जियालाल और भोतू समेत करीब 10 लोग लामबंद होकर आ गए। शोर सुनकर पड़ोसी भी मौके पर पहुंच गए। आरोप है कि इन सभी ने मिलकर रेखा देवी को लात-घूंसों से जमकर पीटा और उनके बाल पकड़कर जमीन पर घसीटा हमलावरों ने जाते-जाते महिला को जान-माल की धमकी भी दी।

# दवा लेने जा रहे युवक पर पड़ोसियों का जानलेवा हमला सिर फटा हालत गंभीर

**समाज जागरण वाराणसी ओंकार नाथ**

दानगंज,चोलापुर थाना क्षेत्र के मोहाँव जेठहवा का पुरा गाँव में पुरानी रंजिश को लेकर पड़ोसियों ने एक युवक पर लाठी-डंडों से जानलेवा हमला कर दिया। हमले में युवक का सिर फट गया और वह लहूलुहान होकर बेहोश हो गया। गंभीर हालत में उसे पंडित दीनदयाल उपाध्याय अस्पताल रेफर किया गया है, जहाँ उसकी स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर पाँच नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**रास्ते में घेरकर किया हमला**

मोहाँव निवासी आजाद की पत्नी रीना देवी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बुधवार (31 दिसंबर) को उनका बेटा आकाश अपने सास की दवा लेने के लिए घर से निकला था। रास्ते में ही गाँव के भरत कुमार ने उसे रोक लिया और गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपी के परिवार के अन्य सदस्य भी लाठी-डंडे लेकर पहुँच गए।

पूरे परिवार ने मिलकर पीटा, बोलने की स्थिति में नहीं पीड़ित आरोप है कि भरत कुमार, प्यारे लाल, अजय कुमार, शनि कुमार और राजकुमारी ने मिलकर आकाश को घेर लिया और बेरहमी से पीटना शुरू कर दिया। हमले में आकाश का सिर फट गया, आँखों में गंभीर चोट आई और नाक-कान व मुँह से खून बहने लगा। मारपीट के दौरान उसकी जीभ भी कट गई है। घटना के बाद आरोपी परिवार जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गया।

**अस्पताल में जिंदगी की जंग लड़ रहा आकाश**

परिजनों ने घायल आकाश को तत्काल चोलापुर सरकारी अस्पताल पहुँचाया, जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसकी नाजुक हालत को देखते हुए वाराणसी के दीनदयाल अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। माँ रीना देवी के अनुसार, आकाश फिलहाल कुछ भी बोल पाने की स्थिति में नहीं है और उसका इलाज चल रहा है।

# राज्य स्तरीय कैनवास क्रिकेट प्रतियोगिता सरदार पटेल स्टेडियम गोल्हनपुर में हुई प्रारंभ

**कार्यक्रम के मुख्य अथिति अजित पाल उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री अजीत पाल ने किया उद्घाटन**

**समाज जागरण**

राजगढ़ मीरजापुर/ विकासखंड राजगढ़ क्षेत्र के गोल्हनपुर गांव में सरदार पटेल स्टेडियम में आज कैनवस की क्रिकेट प्रतियोगिता पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी 2 जनवरी को शुरूआत हुई। सरदार पटेल स्टेडियम मैच के अध्यक्ष पूर्व मंत्री एवं मड़िहान विधायक रमाशंकर सिंह पटेल रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री अजीत पाल रहे। जिसमें पूर्व मंत्री एवं मड़िहान विधायक रमाशंकर सिंह पटेल ने अजीत पाल को बुके शाल और प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री अजीत पाल ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और क्रिकेट खेल कर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन भी किया। इसके बाद पूर्व मंत्री एवं लोकप्रिय मड़िहान विधायक रमाशंकर सिंह पटेल ने क्रिकेट खेलकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। राज्य मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार अजीत पाल ने कहा कि यहां आकर बहुत अच्छा लगा खेल को खेल भावना से खेलना चाहिए खेल कोई भी हो हार जीत लगा रहता है। मौका मिला तो दोबारा यहां पर फिर आएंगे। चुनार विधायक अनुराग सिंह को भी पूर्व मंत्री एवं मड़िहान विधायक रमाशंकर सिंह पटेल ने बुके शाल और प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सूर्यबली सिंह ने किया। जहां पर उद्घाटन मैच भेड़ी और बी आर सी राजगढ़ के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए विकासखंड राजगढ़ की टीम 12 ओवर में 50 रन ही बना सकी। भेड़ी की टीम ने जोरदार बल्लेबाजी करते हुए चौथे ओवर में ही लक्ष्य को प्राप्त कर लिया। विकासखंड राजगढ़ की खराब गेंदबाजी का भेड़ी के





बल्लेबाजों ने फायदा उठाकर मात्र चौथे ओवर में ही लक्ष्य प्राप्त कर विजय हासिल कर लिया। इसके बाद दूसरा मैच चंदौली और टीचर्स 11 के बीच खेला गया जिसमें चंदौली की टीम ने 12 ओवर में 160 रन बनाया। टीचर टीचर्स 11 की बल्लेबाजी चार ओवर तक बेहतरीन रही लेकिन पूरी टीम 125 रन पर ही सिमट गई। सरदार पटेल स्टेडियम गोल्हनपुर मे राज्य स्तरीय विशाल कैनवास क्रिकेट प्रतियोग मे उद्घाटन मैच के भेड़ी खिलाड़ी गेंदबाज अजय कुमार को उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री अजीत पाल ने मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया। इस मौके पर राजगढ़ प्रधान संघ के अध्यक्ष इंश पटेल, प्रधान संघ के जिलाअध्यक्ष ओम प्रकाश सिंह, रामबली सिंह, पूर्व प्रधान राकेश सिंह, श्याम सुन्दर, सूर्यबली सिंह भारी संख्या में दर्शन और ग्रामीण उपस्थित रहे।

# क्रय नीति का अनुपालन करते हुए मानक के अनुरूप धान खरीद करें: अवधेश सिंह

***एडीसीओ सदर ने नईबाजार, वैनी, रामगढ़, कोरियाँव और खलियारी धान क्रय केन्द्रों का किया निरीक्षण।**

**समाज जागरण**

वाराणसी। सहायक आयुक्त एवं सहायकनिबंधक सोनभद्र देवेंद्र कुमार सिंह के निर्देश पर एडीसीओ सदर अवधेशसिंह ने शुक्रवार को खलियारी, रामगढ़ वैनी, कोरियाँव तथा आमडीह धान क्रय केंद्रो का निरीक्षण किया।

वैनी बीपैक्स मे छः हजार कुंतल से अधिक धान खरीद हो चुकी है।केन्द्र प्रभारी उदयशंकर ने बताया कि लगभग तीन हजार कुंतल की डिलीवरी भी हो चुकी है। एडीसीओ सदर ने शेष धान की भी डिलीवरी कराने के निर्देश दिए।



खलियारी केन्द्र पर सचिव अंतिमा भारती ने बताया कि अबतक 5717.80 कुंटल धान की खरीद हुई है। डिलीवरी 3100 कुंटल हुई है। एडीसीओ ने खरीदे धान के सुरक्षित भंडारण के लिए आगाह किया ।वर्षा की संभावना के दृष्टिगत धान की सुरक्षा हेतु पूरे बंदोबस्त करने के निर्देश दिए। डिलीवरी कराने के निर्देश दिए ताकि खरीद मे कोई अड़चन न आये।

रामगढ़ बीपैक्स मे सचिव अमितकुमारपांडेय ने बताया कि लगभग पांच हजार कुंतल की डिलीवरी हो चुकी है।कोरियाव मे भी लगभग साढ़े ग्यारह सौ कुंटल की डिलीवरी बताई गई।

केन्द्र प्रभारी युद्धिष्ठिर को शेष धान की डिलीवरी भी सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए। नईबाजार संघ मे लगभग 3300 कुंटल तथा विरधी बीपैक्समे लगभग 2300 कुंटल की डिलीवरी हुई है जिसे बढ़ाने के निर्देश दिए गए।

एडीसीओ सदर ने सभी केन्द्र प्रभारियो को प्रतिदिन केन्द्र पर उपस्थिति दर्ज करने और नियमित रूप से धान क्रय करने के निर्देश दिए तथा चेतावनी दी कि मानक के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण धान की खरीद करके लक्ष्य पूर्ण करें।

सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सोनभद्र देवेंद्र कुमार सिंह ने जनपद के सभी क्रय केंद्र प्रभारियो को निर्देशित किया है खरीद मे क्रय नीति का अनुसरण करना सुनिश्चित करें।हाईब्रिड धान की नियमानुसार अनुमन्य मात्रा मे खरीद सुनिश्चित करें।

सहायक आयुक्त ने कहा कि शासन और सहकारिता की प्राथमिकता अन्नदाता ही है। सभी किसान बंधु अपने नजदीकी क्रय केन्द्र पर जाकर धान बेचकर शासन की योजना का लाभ उठायें।

# दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग ने जारी किए वित्तीय सहायता के नए प्रावधान, स्वैच्छिक संस्थाएं करें आवेदन

**समाज जागरण**

मीरजापुर /उपनिदेशक, दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग वी0पी0 सत्यार्थी ने जानकारी देते हुए बताया है कि दिव्यांगजन एवं दिव्यांगता के क्षेत्र में कार्य कर रहे स्वैच्छिक सस्थाओं को सूचित किया जाता है कि दिव्यागजन सशक्तीकरण विभाग, उ0प्र0 के शासनादेश दिनांक 28 जून, 2024 द्वारा दिव्यांगजन के हितार्थ राज्य निधि मद से वित्तीय सहायता प्रदान किये जाने हेतु निम्नलिखित प्राविधान किये गये है-


आठ सूत्रीय के माध्यम से दिव्यांगजनों के लिए जानकारी की गई।उ0प्र0 के दिव्यांगजन द्वारा बनाये गये चित्रों, हस्तकला आदि सहित उत्पादों को प्रदर्शित करने के लिये प्रदर्शनी एवं कार्यशालाओं हेतु धनराशि सहायता के रूप में उपलब्ध कराना।उ0प्र0 के दिव्यांगजन जिनका सोल/ललित कला/संगीत/नृत्य/फिल्म/थियेटर/साहित्य जैसे क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन हो, उन्हें राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय आयोजनों में प्रतिभाग किये जाने एवं खेल आयोजन हेतु वित्तीय सहायता उपलब्ध कराना।.

दैनिक जीवन के गतिविधियों को बेहतर बनाने के लिये बैंच मार्क दिव्यांगता के व्यक्तियों को उच्च सहायता वाले उपकरण (High Support Need Instruments) क्रय हेतु वित्तीय सहायता।उ0प्र0 के दिव्यांगजन जो गम्भीर वीमारियों यथा-कैसर, थैलीसीमिया, प्लास्टिक एनीमिया, बहुस्केलोरोसिस से ग्रसित हो अथवा आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना से आच्छादित न हो, को चिकित्सा हेतु वित्तीय सहायता। दिव्यांगजनों की शिक्षा एवं पुनर्वास से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर सम्बद्ध हितधारकों का उन्मुखीकरण/ प्रशिक्षण कार्यक्रम (इन सर्विस प्रोग्राम) हेतु वित्तीय सहायता।

दिव्यांगजन हेतु संचालित विशेष विद्यालयों में गणित अथवा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी अथवा मनोवैज्ञानिक आदि प्रयोगशालाओं की स्थापना हेतु वित्तीय सहायता। दिव्यांगजन हेतु संचालित विशेष विद्यालयों में खेल सुविधाओं का विकास, खेल उपकरण क्रय हेतु वित्तीय सहायता।दिव्यांगजनों के पुनर्वासन से सम्बन्धित सामाजिक, चिकित्सीय, शैक्षिक एवं विधिक (Legal ) आदि विषयों पर राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय कार्यशाला के आयोजन हेतु वित्तीय सहायता।राज्य निधि मद से वित्तीय सहायता प्रदान किये जाने हेतु पात्र इच्छुक स्वैच्छिक संस्थायें/दिव्यांगजन अपना प्रस्ताव 06 जनवरी, 2026 तक कार्यालय उपनिदेशक, दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, विन्ध्याचल मण्डल, मीरजापुर में प्रस्तुत कर सकते हैं।

# ठंडे मौसम में सर्दी खांसी जुखाम की देशी दवा अदरक की डिमांड बढ़ी

वाराणसी। बढ़ती ठंड में सर्दी जुकाम बुखार से पीड़ित लोगों की संख्या बढ़ती जा रही है। तो इधर मंडी में उसकी देशी दवा अदरक की भी खपत बढ़ती जा रही है। जिससे अब सभी घरों में अदरक की खपत बढ़ गई है। मांग के हिसाब से मंडी में भी व्यापारियों ने तैयारी पूरी कर ली है। ऑर्डर के हिसाब से बड़े पैमाने पर औरंगाबाद और बैंगलोर की अदरक मंडी में पहुंचने लगी है। हालांकि



बेंगलोर की अदरक की डिमांड ज्यादा है। मंडी में अदरक के थोक विक्रेता हाजी इमरान, सूरज मौर्य, मदन कुमार, मोहम्मद सुइन ने बताया कि मंडी में औरंगाबाद और बेंगलुरु की अदरक आ रही है। जिसमें औरंगाबाद की अदरक 40 रुपए प्रति किलो और बेंगलोर की अदरक 50 रुपया प्रति किलो बिक रही है। वहीं फुटकर में इसे 70 से लेकर 80 रुपए प्रति किलो तक बेचा जा रहा है। मंडी में अदरक की खपत चार से पांच ट्रक की हो रही है। मौसम के हिसाब से अदरक की खपत और बढ़ने की उम्मीद जताई जा रही है।

# गुमशुदा की तलाश

**दैनिक समाज जागरण अतुल सोनी चोलापुर वाराणसी**

सुहाना पटेल पुत्री ओमप्रकाश पटेल उम्र 14 वर्ष निवासी ग्राम खेतारी भत्सार पोस्ट-खेवली थाना जंसा जिला वाराणसी जिसकी हाइट 4.11 इन्च रंग गोरा जो कि नीला सफेद चेकदार शर्त/लोवर व चप्पल पहनी हुई है दिनांक 8/7/2025 को घर से सायं 5 बजे से लापता है जो अभी तक नहीं मिली है जिसकी एफआईआर थाना जंसा वाराणसी में दर्ज है जिस किसी को भी बच्ची की जानकारी मिले तो सम्पर्क करे।उचित ईनाम दिया जायेगा।



पिता-ओमप्रकाश पटेल 7755876253
थाना प्रभारी जसां 9454404386
चौकी प्रभारी रामेश्वर 7839856933

# शिक्षक नेताओं ने जिला प्रशासन से नगर निगम समायोजन में शिक्षकों के न्याय की लगाई गुहार

**समाज जागरण**

वाराणसी। नगर विकास विभाग द्वारा नगरीय विस्तारीकरण सीमा के अंतर्गत वाले विद्यालयों में कार्यरत शिक्षक /शिक्षिकाओं का समायोजन /पदस्थापन दोषपूर्ण तरीके से महिलाओं व विकालांगो के सुविधा का भी ध्यान दिए बिना 15 से 20 किमी दूर कर दिया गया है। और जबरन दबाव बनाकर रात के अँधेरे में यू डायस पोर्टल से डिलीट/अपडेशन का व्यक्तिगत दबाव बनाया जा रहा है ' जो कि अन्यायपूर्ण, असंगत एवं अव्यवहारिक है ।

उक्त आरोप एक संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से उत्तर प्रदेशीय





प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष सकलदेव सिंह व जिला मंत्री डा0 शैलेन्द्र विक्रम सिंह ने लगाते हुए कहा कि जब वर्तमान में शिक्षक निर्वाचन विभाग द्वारा गतिमान राष्ट्रीय कार्यक्रम 'एसआईआर' में 'बीएलओ' के रूप में लगे हैं, ऐसे में उन्हें समायोजित कर हटाना मानसिक संत्रास देना है '

शिक्षक नेताओं ने आरोप लगाया कि जूनियर या सीनियर से समायोजन का स्पष्ट निर्देश न होने तथा अबतक गतिमान समायोजन 1.0,2.0एवं 3.0 स्वेच्छा से किये जाने का स्पष्ट आदेश है जो सही भी है ' लेकिन नगर निगम समायोजन में सत्र लाभ में चल रहे शिक्षको का समायोजन कर कुछ विद्यालयों से कोई समायोजन नहीं किया गया , कुछ आवश्यकता वाले विद्यालयों को सूची में दिखाया ही नहीं गया, महिला एवं विकलांग शिक्षकों की सुविधा का ध्यान दिए बगैर ताश के पत्ते की तरह फेट कर म्यूचल संशोधन की दुकान सजाने व प्रदेश की लोकप्रिय सरकार को बदनाम करने का प्रयास किया गया है '

उन्होंने जिलाधिकारी सहित विभागीय उच्चधिकारियों से मांग किया कि अविलम्ब हस्तक्षेप कर शिक्षकों को न्याय दिलाये ताकि शिक्षक बेहतर शिक्षा दे सके जिससे आरटीई की मूल अवधारणा फलीभूत हो सके।







# अनुपपुरः बच्चे के सार्वजनिक स्थान पर पेशाब करने को लेकर विवाद, नगर परिषद अध्यक्ष पर मारपीट और गाली-गलौज का आरोप

**समाज जागरण**


जैतहरी, अनुपपुर जैतहरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक मासूम बच्चे द्वारा दुकान के सामने पेशाब किए जाने जैसी मामूली बात को लेकर विवाद इतना बढ़ गया कि नगर परिषद अध्यक्ष पर मारपीट और अभद्रता के गंभीर आरोप लगे हैं। पुलिस ने मामले में प्राथमिकी (FIR) दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**क्या है पूरा मामला?**

प्राप्त जानकारी के अनुसार, घटना 31 दिसंबर 2025 की सुबह करीब 11:30 से 12:30 बजे के बीच की है। फरियादी देवसाय राठौर, जो कि जैतहरी के वार्ड नंबर 13 के निवासी हैं, अपने दो बेटों (04 वर्ष और 09 वर्ष) को बाल कटवाने के लिए 'चन्दू नापित' की दुकान पर ले गए थे। दुकान पर इंतजार के दौरान उनके 4 वर्षीय छोटे बेटे को पेशाब लगी। दुकान में जगह न होने के कारण पिता ने उसे बाहर परिसर के सामने एक खाली जगह पर पेशाब करवा दिया। इसी बात को लेकर वहां मौजूद नगर परिषद जैतहरी के अध्यक्ष उमंग गुप्ता भड़क गए।

मारपीट और अभद्रता का आरोप

फरियादी ने पुलिस को दी गई



शिकायत में बताया कि पेशाब करने की बात पर उमंग गुप्ता ने उन्हें मां-बहन की गंदी गालियां दीं। जब फरियादी ने बच्चे की गलती मानकर माफी मांगी, तब भी आरोपी का गुस्सा शांत नहीं हुआ। आरोप है कि उमंग गुप्ता ने फरियादी के बाएं पैर की जांघ पर जोर से लात मारी, जिससे उन्हें अंदरूनी चोट आई है। घटना के समय वहां राजेश राठौर, बृजेन्द्र सिंह और अनुज राठौर जैसे लोग भी मौजूद थे, जिन्होंने बीच-बचाव की कोशिश की। पुलिसिया कार्रवाई देर से रिपोर्ट दर्ज कराने के पीछे फरियादी ने बताया कि पहले इस मामले को सामाजिक बैठक के जरिए सुलझाने का प्रयास किया गया था, लेकिन समाधान न होने पर उन्होंने पुलिस की शरण ली। जैतहरी पुलिस ने उमंग गुप्ता के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (BNS), 2023 की निम्नलिखित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया हैः धारा 296: सार्वजनिक स्थान पर अश्लील कृत्य या गालियां देना। धारा 115(2): स्वेच्छा से किसी को चोट पहुँचाना। मामले की विवेचना हेड कांस्टेबल विजयानंद पांडेय को सौंपी गई है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है ताकि घटना की सत्यता की पुष्टि की जा सके।

# छोटे शहर से बड़े मंच तकः शहडोल के अभिषेक चौहान ने चंडीगढ़ में रचा कोचिंग का नया अध्याय

**समाज जागरण**

मध्य प्रदेश के शहडोल जिले से निकलकर चंडीगढ़ जैसे बड़े खेल केंद्र में अपनी अलग पहचान बनाना आसान नहीं होता, लेकिन अभिषेक सिंह चौहान ने इसे अपने जज्बे और परिश्रम से संभव कर दिखाया है। आज वे क्रिकेट कोचिंग की दुनिया में एक भरोसेमंद नाम बन चुके हैं और उनकी सफलता शहडोल सहित पूरे प्रदेश के लिए गौरव का विषय है। अभिषेक सिंह चौहान इन दिनों भारत के पूर्व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर, चर्चित कोच एवं अभिनेता योगराज सिंह के मार्गदर्शन में कार्य कर रहे हैं। अनुशासन, कठोर प्रशिक्षण और मानसिक मजबूती के लिए पहचाने जाने वाले योगराज सिंह के सान्निध्य ने अभिषेक की कोचिंग सोच को नई दिशा दी है। तकनीकी बारीकियों के साथ-साथ उन्होंने खिलाड़ियों में आत्मविश्वास, जीत की मानसिकता और अनुशासित जीवनशैली विकसित करने पर विशेष जोर देना शुरू किया है। हाल ही में अभिषेक सिंह चौहान को क्रिकेट के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान और खिलाड़ियों को बेहतर प्रदर्शन के लिए तैयार करने की क्षमता के चलते बेस्ट कोच अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। यह उपलब्धि उनके वर्षों के निरंतर अभ्यास, समर्पण और क्रिकेट के प्रति गहरी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। वे खिलाड़ियों की तकनीक सुधारने के साथ फिटनेस, मैच रणनीति और मानसिक तैयारी जैसे पहलुओं पर भी बराबर ध्यान देते हैं।

शहडोल जैसे छोटे जिले से निकलकर राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाना कई युवाओं का सपना होता है, लेकिन अभिषेक ने इसे हकीकत में बदला है। उनका सफर यह संदेश देता है कि सीमित संसाधन भी बड़े सपनों की राह में बाधा नहीं बनते, अगर मेहनत और लक्ष्य स्पष्ट हों। अभिषेक सिंह चौहान की यह सफलता न केवल उनकी व्यक्तिगत उपलब्धि है, बल्कि शहडोल और मध्य प्रदेश के लिए भी प्रेरणादायक कहानी है। आने वाले समय में उनका अनुभव और संघर्ष युवा खिलाड़ियों व उभरते कोचों को आगे बढ़ने की नई ऊर्जा देता रहेगा।

# बसारी संकुल में करोड़ों का 'अर्जित अवकाश' घोटाला, नियम ताक पर रख निकाली राशि, कलेक्टर से शिकायत।

**समाज जागरण**

कटनी। बड़वारा विकासखंड के अंतर्गत शिक्षा विभाग में भ्रष्टाचार का एक बड़ा मामला गरमाता नजर आ रहा है। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बसारी संकुल में नियम विरुद्ध तरीके से करोड़ों रुपये की 'अर्जित अवकाश राशि के आहरण का आरोप लगा है। ग्राम रोहनिया निवासी राघवेंद्र सिंह ने इस संबंध में कटनी कलेक्टर को लिखित शिकायत सौंपकर उच्च स्तरीय जांच और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। शिकायतकर्ता राघवेंद्र सिंह का आरोप है कि बसारी संकुल में कार्यरत प्राचार्य जवाहर लाल बुनकर, सहायक ग्रेड-3 बाबू राजकमल बंशकार और बीईओ कार्यालय के बाबू नरेंद्र चौधरी की



आपसी मिलीभगत से यह खेल खेला जा रहा है। आरोप है कि बिना किसी ठोस आधार और बिना सक्षम अधिकारी की अनुमति के, अपात्र शिक्षकों के खातों में अर्जित अवकाश की राशि डाली गई है।

मृतक और अस्वस्थ शिक्षकों के नाम पर भी खेल शिकायत में एक चौंकाने वाला खुलासा करते हुए बताया गया कि स्वर्गीय नारायण सिंह मरावी, जो बसारी संकुल में पदस्थ थे और पिछले 10 वर्षों से पैरालिसिस से ग्रसित थे, उनके नाम पर भी अर्जित अवकाश की राशि का भुगतान कर दिया गया। शिकायतकर्ता का तर्क है कि जो शिक्षक अपनी शारीरिक स्थिति के कारण संस्था में बैठकर कार्य करने में भी असमर्थ थे, उन्हें ग्रीष्मकालीन अवकाश में कार्य करने के बदले मिलने वाले अर्जित अवकाश का लाभ कैसे दिया जा सकता है। शिकायत पत्र में वित्त विभाग और लोक शिक्षण संचालनालय के नियमों का हवाला देते हुए बताया गया है कि वित्त विभाग के ज्ञापन क्रमांक 2/2006 (दिनांक 13/08/2008) और उद्धकभोपाल के पत्र (दिनांक 20/04/2016) के अनुसार, 1 वर्ष में 15 दिवस के अर्जित अवकाश की मंजूरी के लिए जिला कलेक्टर ही सक्षम अधिकारी हैं। बसारी संकुल में बिना कलेक्टर की अनुमति और बिना किसी ठोस उपयोगिता प्रमाण पत्र के, गुपचुप तरीके से राशि का आहरण किया गया।

**फरवरी से अब तक नहीं हुई कोई कार्रवाई**

राघवेंद्र सिंह ने बताया कि वे इस घोटाले के विरुद्ध फरवरी माह से निरंतर शिकायत कर रहे हैं, लेकिन स्थानीय स्तर पर अधिकारियों के संरक्षण के चलते अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। उन्होंने मांग की है कि वर्ष 2018 से 2025 तक हुए समस्त भुगतानों की जांच कराई जाए यदि निष्पक्ष जांच होती है, तो शिक्षा विभाग के कई बड़े चेहरे बेनकाब होंगे। इस संबंध में आशीष तिवारी कटनी कलेक्टर का कहना है कि मामला संज्ञान में आया है जिसकी विस्तृत जांच कराई जाएगी जो भी तत्व सामने आएंगे वैधानिक कार्रवाई किया जाएगी।

# चर्चा कोरिया ने पुलिस बालाघाट को हराया

**समाज जागरण राजीव कुमार**

धनपुरी। नगर पालिका धनपुरी द्वारा आयोजित अखिल भारतीय गोल्ड कप फुटबाल टूनार्मेन्ट 2026 का द्वितीय दिवस 02 जनवरी 2026 को प्रथम पाली में चर्चा कोरिया छत्तीसगढ़ 04 गोल से पुलिस बालाघाट को एवं दूसरी पाली में एमईजी बैंगलोर ने आर.के नारा यणपुर आश्रम छत्तीसगढ़ 01 गोल से जीत का लहराया परचम।



दुसरे दिवस अखिल भारतीय गोल्ड कप फुटबाल टुनार्मेन्ट शुभारंभ के मुख्य अतिथि शंकर राव बरगट, जेसीसी मेम्बर इंटक, तरूण रावत हॉकी टीम कैप्टल एसईसीएल सोहागपुर एरिया, गोविन्द अग्रवाल पूर्व डीएफएफ पदाधिकारी, प्रकाश चैधरी ,फुटबाल खिलाड़ी दूसरी पाली में रविन्दर कौर छाबड़ा, अध्यक्ष, न.पा.परि. धनपुरी, हनुमान प्रसाद खण्डेलवाल, उपाध्यक्ष, एवं परिषद के सभापति एवं पार्षदगण के अतिथ्य में नगर पालिका धनपुरी द्वारा आयोजित अखिल भारतीय गोल्ड कप फुटबाल टूनार्मेन्ट 2026 का द्वितीय दिवस 02 जनवरी 2026 को प्रथम पाली में चर्चा कोरिया छत्तीसगढ़ 04 गोल से पुलिस बालाघाट को पराजित किया एवं दूसरी पाली में एमईजी बैंगलोर ने आर.के नारायणपुर आश्रम छत्तीसगढ़ 01 गोल से पराजित कर जीत का परचम लहराया । दिनांक- 03 जनवरी 2026 (शनिवार ) को चर्चा कोरिया छत्तीसगढ. एवं जम्मूकश्मीर के मध्य एवं दूसरा मैच नागपुर रेलवे एवं चेन्नई पुलिस के मध्य सुभाष नम्बर 03 में खेला जावेगा। देश के कोने कोने से टीमो के खेले जाने पर धनपुरी के साथ-साथ आस-पास के बुढ़ार अमलाई संजयनगर ,बकहो, बरगवा, बंगवार, सरई कापा, गोपालपुर, करकटी , खैरहा के फुटबाल प्रेमी खिलाड़ियो के उत्साहवर्धन हेतु पूरा स्टेडियम दर्शको से खचाखच भरा रहता है। और आगे आनेवाले सभी मैचो मे इसी तरह फुटबाल खेल प्रेमियो का उपस्थित होकर खिलाड़ियो का उत्साह वर्धन प्राप्त होता रहेगा।

# अल्ट्राटेक सीमेंट की तिलौरा खदान में भारी लापरवाही, इंसानों व मवेशियों की जान पर खतरा

**नियमों को ताक पर रखकर हो रही खुदाई, राजस्व चोरी की आशंका**

**समाज जागरण**

मैहर। तिलौरा ग्राम पंचायत अंतर्गत संचालित अल्ट्राटेक सीमेंट की माइंस इन दिनों गंभीर लापरवाही और मनमानी का उदाहरण बनी हुई है। शासन के स्पष्ट नियमों के अनुसार किसी भी खदान के चारों ओर बाउंड्री वॉल या तारबंदी अनिवार्य होती है, ताकि आवारा पशु, ग्रामीण, महिलाएं और बच्चे खदान क्षेत्र में प्रवेश न कर सकें। लेकिन तिलौरा की इस खदान में नियमों की खुलेआम अनदेखी की जा रही है।

खदान के दोनों ओर बसी आबादी, लगातार हो रही ब्लास्टिंग और पूरी तरह खुली खदान यह साबित करने के लिए काफी है कि कंपनी को न तो सुरक्षा की चिंता है और न ही आसपास रहने वाले ग्रामीणों की। स्थिति यह है कि खदान के अंदर और आसपास छोटे-छोटे बच्चे, बुजुर्ग, बकरी और गाय चरते हुए देखे जा सकते हैं। ऐसे में किसी भी बड़े हादसे से इनकार नहीं किया जा सकता। स्थानीय लोगों का कहना है कि नियमों को ताक पर रखकर खनन कार्य जारी है। न तो खनिज विभाग के अधिकारी नियमित निरीक्षण करने आते हैं और न ही कंपनी प्रबंधन ग्रामीणों की सुरक्षा को लेकर गंभीर दिखाई देता है। ब्लास्टिंग के दौरान उड़ते पत्थर और कंपन से घरों को नुकसान की शिकायतें भी सामने आ रही हैं।

**राजस्व चोरी की भी आशंका**

सूत्रों से यह भी जानकारी मिली है कि अल्ट्राटेक सीमेंट कंपनी ने आगे और मनमानी करने की तैयारी कर ली है। बताया जा रहा है कि कंपनी ने सैकड़ों की संख्या में अपनी खुद की लोडिंग गाड़ियां खरीदी हैं, जिन्हें सड़कों पर उतारा जाएगा। इससे एक ओर स्थानीय ट्रांसपोर्टरों की रोजी-रोटी पर असर पड़ेगा, वहीं दूसरी ओर पत्थर परिवहन में बड़े पैमाने पर हेराफेरी की आशंका जताई जा रही है। सूत्रों के मुताबिक, जहां पहले ट्रांसपोर्टरों की गाड़ियों की गिनती और टीपी (ट्रांजिट पास) के आधार पर हिसाब होता था, वहीं अब कंपनी की अपनी गाड़ियों से लोडिंग होने पर न तो सही गिनती होगी और न ही पूरी टीपी दर्शाई जाएगी। अनुमान है कि 100 गाड़ियों में से केवल 50 गाड़ियों का ही रिकॉर्ड दिखाकर शेष पत्थर बिना हिसाब के कंपनी में पहुंचाया जा सकता है, जिससे खुलेआम राजस्व चोरी तय मानी जा रही है। ग्रामीणों में आक्रोश, आंदोलन की तैयारी मिली जानकारी के अनुसार, तिलौरा के निवासी जल्द ही अपने क्षेत्र में संचालित अल्ट्राटेक सीमेंट की माइंस के खिलाफ मोर्चा खोलने की तैयारी में हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते प्रशासन ने हस्तक्षेप नहीं किया, तो किसी बड़े हादसे की पूरी जिम्मेदारी कंपनी और संबंधित विभागों की होगी। अब देखने वाली बात यह होगी कि प्रशासन इस गंभीर मामले में कब तक संज्ञान लेता है या फिर किसी अनहोनी के बाद ही कार्रवाई होती है।

# वर्ष के सुरूआती दौर पर ही अवैध शराब बिक्री पर कसा शिंकजा 07 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब ई रिक्शा किया जप्त

**समाज जागरण कटनी**

- पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डा. संतोष डेहरिया अनुविभागीय अधिकारी वीरेन्द्र धार्वे महोदय के मार्गदर्शन पर निरीक्षक रीतेश शर्मा थाना प्रभारी विजयराघवगढ़ की पुलिस टीम ने रेड कार्यवाही करते हुये अवैध रूप अत्याधिक मात्रा में अंग्रेजी शराब बिक्रय करने ले जाते समय पकड़ा गया, आरोपियों के विरूद्ध मामला दर्ज कर, कार्यवाही की गई ।

पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के लगातार नशीले पदार्थ बेचने वालों के विरूद्ध कार्यवाही कर नशा पर अंकुश लगाने हेतु निर्देशित किया जाता रहा है, जिसके पालन में दिनांक 01/01/2025 की दरम्यानी रात में निरीक्षक रीतेश शर्मा की पुलिस टीम द्वारा लगातार नव वर्ष के दौरान कस्बा एवं ग्रामीण क्षेत्र का भ्रमण करते हुये ग्राम कारीतलाई रोड गैस एजेंसी के पहले विजयराघवगढ़ में एक संदिग्ध आटो ई-रिक्शा का नम्बर एम.पी. 21 जेड.जी. 6436 को रोककर चेक किया गया, कार के अंदर 07 पेटी गोवा अंग्रेजी शराब कागज (कार्टून) की पेटी के अंदर 50-50 गोवा अंग्रेजी शराब के कुल 350 पाव (63 वल्क लीटर) गोवा अंग्रेजी शराब सीलबंद हालत में कीमती 35000 रूपया की पाई गई, आरोपी पंकेश बागरी पिता सुरेन्द्र सिंह बागरी उम्र 21 वर्ष निवासी ग्राम नन्हवाराकला थाना कैमोर जिला कटनी (म.प्र.) के पास उक्त शराब के संबंध में कोई वैद्य दस्तावेज नहीं पाया गया, आरोपी का कृत्य अपराध धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत दण्डनीय अपराध का पाये जाने से आरोपी के कब्जे से 07 गोवा अंग्रेजी शराब एवं वाहन ई-रिक्शा आटो क्रमांक एम.पी. 21 जेड.जी. 6436 जब्त की गई, आरोपी को गिरफ्तार किया गया, आरोपी के द्वारा पूछताछ मेमोरेण्डम के आधार पर उक्त जब्त शराब ग्राम झिरिया निवासी शिवेन्द्र उर्फ शिब्बू उरमलिया कें द्वारा झुकेही की सरकारी शराब दुकानों एवं ग्राम करहिया से शराब खरीदकर अवैध रूप से थाना क्षेत्र में बिक्रय करने के लाया था, आरोपी पंकेश बागरी एवं आरोपी शिवेन्द्र उर्फ शिब्बू उरमलिया को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय जे.आर. पर पेश किया गया। सम्पूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी रीतेश शर्मा, सउनि जय सिंह ठाकुर, आरक्षक अंजनी झा, आरक्षक पप्पू प्रजापति, आरक्षक चालक मज्जू कोल, स्वतंत्र साक्षियों की मुख्य भूमिका रही।

# इंदौर जल त्रासदीः मंत्री विजयवर्गीय के 'विवादित' बयान पर भड़की युवा कांग्रेस, कटनी में फूंका पुतला

**समाज जागरण**

कटनी। इंदौर में दूषित पानी पीने से हुई मौतों और उसके बाद प्रदेश के नगरी निकाह मंत्री कैलाश विजयवर्गीय द्वारा दिए गए कथित आपत्तिजनक बयान ने अब सियासी तूल पकड़ लिया है। इस बयान के विरोध में शुक्रवार को कटनी जिले के बड़वारा में युवा कांग्रेस ने सड़क पर उतरकर जोरदार प्रदर्शन किया और मंत्री विजयवर्गीय का पुतला दहन किया। शुक्रवार दोपहर करीब 1:30 बजे बड़वारा थाना तिराहे पर युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष मोहम्मद इसराइल के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एकत्रित हुए। प्रदर्शन



कारियों ने प्रदेश सरकार और मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। कार्यकताओं का आरोप है कि एक तरफ इंदौर में दूषित पानी के कारण मासूम बच्चों और नागरिकों की जान जा रही है, वहीं दूसरी तरफ सरकार के जिम्मेदार मंत्री संवेदनहीन बयानबाजी कर रहे हैं।

**जनता की जान से खिलवाड़ कर रही भाजपा**

विरोध प्रदर्शन के दौरान युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष मोहम्मद इसराइल ने कहा की भारतीय जनता पार्टी की सरकार लोगों की जान के साथ खिलवाड़ कर रही है। इंदौर जैसे महानगर में दूषित पानी से मौत का तांडव मचा है, लेकिन जिम्मेदार मंत्री कैलाश विजयवर्गीय अपनी गलती मानने के बजाय अभद्र और अटपटे बयान दे रहे हैं। यह बेहद निंदनीय है। ऐसे मंत्री और मुख्यमंत्री को नैतिक आधार पर तुरंत इस्तीफा दे देना चाहिए। युवा कांग्रेस ने पुतला दहन के माध्यम से सरकार को चेतावनी दी कि यदि जनता की बुनियादी सुविधाओं और स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही बंद नहीं हुई, तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा। कार्यकताओं ने कहा कि यह प्रदर्शन सोती हुई सरकार को जगाने की एक कोशिश है। इस विरोध प्रदर्शन के दौरान बड़वारा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विकास निगम, राघवेंद्र सिंह अवध सिंह यादव ताहिर अंसारी विजय चौधरी राजाराम पटेल शेख मुबारक मंगल सिंह अजय सिंह गोलू बर्मन दीपक कल शिवम बिट्टू अंशुल छोटू आदि मौजूद रहे।

# 68वीं नेशनल शूटिंग चैंपियनशिप में चमके उमरिया के रौनक आहूजा बने 'नेशनल शूटिंग प्लेयर

**समाज जागरण विजय तिवारी**

उमरिया।देश की राजधानी दिल्ली के ऐतिहासिक डॉ. करणी सिंह शूटिंग रेंज, तुगलकाबाद में आयोजित 68वीं नेशनल शूटिंग चैंपियनशिप प्रतियोगिता में उमरिया के एक उभरते सितारे ने अपनी चमक बिखेरी है। उमरिया जिले के निवासी रौनक आहूजा पिता विनोद आहूजा ने 10 मीटर एयर पिस्टल शूटिंग की सब-यूथ श्रेणी में असाधारण प्रदर्शन करते हुए 'राष्ट्रीय खिलाड़ी' National Player) बनने का गौरव हासिल किया है। दरअसल, डॉ. करणी सिंह शूटिंग रेंज, जो अपनी अंतरराष्ट्रीय सुविधाओं के लिए जानी जाती है, वहां देशभर के दिग्गज निशानेबाजों के बीच रौनक ने अपनी अलग पहचान बनाई।उनकी इस सफलता के पीछे कोई संयोग नहीं, बल्कि




उनकी लगातार मेहनत और हार न मानने वाली क्षमता ही रही। छोटी सी उम्र में राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाना ये साबित कर देता है कि भारत में क्रिकेट ही नहीं, बल्कि बाकी खेलों को भी कितना महत्व दिया जा रहा है।

**हर तरफ खुशी की लहर**

रौनक की इस ऐतिहासिक उपलब्धि की खबर जैसे ही उमरिया पहुंची निवास पुराना पड़ाव में उत्सव का माहौल बन गया। इस अवसर पर सिंध समाज के अध्यक्ष समाज के अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने इसे उमरिया के लिए ऐतिहासिक पल बताया।

**अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए खुले दरवाजे**

राष्ट्रीय खिलाड़ी बनने के बाद अब रौनक के लिए भारतीय टीम और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के द्वार खुल गए हैं। क्षेत्रवासियों और खेल एक्सपर्ट ने उम्मीद जताई है कि रौनक आने वाले समय में न केवल प्रदेश, बल्कि ओलंपिक जैसे मंचों पर देश का नाम रोशन करेंगे।

# पोस्टमार्टम के लिए कानपुर में लाशों का अंबार , मतलब आत्मा के जाने के बाद उसके घर शरीर की दुर्दशा !

**समाज जागरण सुनील बाजपेई**

कानपुर। जन्म के बाद इस संसार में कुछ भी होने, बनने और करने का कारण आत्मा का शरीर धारण करना ही है। और जब इस शरीर की निष्क्रिय यानी मृत्यु के रूप में वह आत्मा शरीर को छोड़ देती है तो फिर उसकी शांति के लिए अनेक अनेक कर्मकांड भी किए जाते हैं लेकिन अगर सांसारिक व्यवस्थाओं और कारणों को लेकर शव के पोस्टमार्टम जैसी अनिवार्यता होती है तो फिर ऐसा करने के अधिकारी और सक्षम शरीर धारी मतलब धरती के दूसरे भगवान कहे जाने वाले डॉक्टर की भी जरूरत होती है। और जब भी वे अपने कर्तव्य का पालन समय से नहीं करते तो फिर उस आत्म विहीन यानी निर्जीव शरीर को दुर्दशा होने जैसे हालातो से भी गुजरना पड़ता है।

यह कथन कानपुर के संदर्भ में भी सटीक बैठता है क्योंकि यहां आज शुक्रवार को पोस्टमॉर्टम हाउस पर लाशों की लाइन लग गई। परिजन पोस्टमॉर्टम के इंतजाम में घंटों बैठे रहे। इधर-उधर दौड़ते रहे। लेकिन, डॉक्टर ही नहीं पहुंचे तो पोस्टमॉर्टम कैसे हो। मिली जानकारीके मुताबिक शुक्रवार सुबह 10 बजे से तीन डॉक्टरों की ड्यूटी थी। मगर, सिर्फ एक डॉक्टर पहुंच सकीं। बाकी दो डॉक्टर दोपहर 2 बजे तक पोस्टमॉर्टम हाउस पहुंचे ही नहीं। पोस्टमॉर्टम हाउस में 16 शव पहुंच चुके थे। कोई सुनवाई न होने पर परिजनों ने हंगामा करने के साथ ही सी एम ओ से फोन पर शिकायत की जिसके बाद सी एम ओ ने भी फोन पोस्टमॉर्टम हाउस के प्रभारी से वजह पूछी तो प्रभारी ने डॉक्टरों के नहीं आने की जानकारी दी। अवगत कराते चलें कि आज शुक्रवार को भीषण ठंड में अलग-अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसों और अन्य कारणों से हुई मौतों के बाद पोस्टमॉर्टम हाउस में सुबह से भीड़ जुटने लगी। दोपहर 2 बजे तक कोतवाली, साढ़, सजेती, छावनी, बाबूपुरवा, कर्नलगंज, चौबेपुर, महाराजपुर, स्वरूप नगर थाना क्षेत्रों से 16 शव पोस्टमॉर्टम हाउस पहुंचे।

पीड़ित परिजन अपने-अपने शवों के इंतजार में घंटों ठंड में ठिठुरते रहे। कुल मिलाकर घंटों बाद शवों का पोस्टमार्टम शुरू किया गया। इस बीच सबसे बद नसीब लावारिश शव नजर आए, जिनके लिए कहने और आंसू बहाने वाला कोई था ही नहीं।

# विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालयों की वर्षांत उपलब्धियों को प्रस्तुत करते हुए डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि भारत की सुधार एक्सप्रेस प्रौद्योगिकी द्वारा संचालित है

डीप ओशन मिशन और गगनयान अंतरिक्ष और गहरे समुद्र की खोज में भारत की दोहरी उपलब्धि हैं निधि, पर्स और वैभव कार्यक्रम स्टार्टअप, विश्वविद्यालयों और वैश्विक वैज्ञानिक सहयोग को मजबूत करते हैं सीएस आईआर के नवाचार ने बुनियादी ढांचे को बदलाः स्टील स्लैग सड़कें कठिन क्षेत्रों के लिए टिकाऊ समाधान प्रदान करती हैं 'एक दिन वैज्ञानिक के रूप में' पहल विज्ञान को छात्रों और समाज के निकट लाती है विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), पृथ्वी विज्ञान राज्य मंत्री और प्रधानमंत्री कार्यालय, कार्मिक, लोक शिकायत, पेंशन, परमाणु ऊर्जा और अंतरिक्ष राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि भारत की सुधार यात्रा विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार द्वारा संचालित हो रही है,

जिसमें प्रौद्यो गिकी शासन, प्रशासन और आर्थिक परिवर्तन के लिए केंद्रीय शक्ति के रूप में कार्य कर रही है। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय और पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय की वर्ष 2025 की उपलब्धियों पर संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि अगले दो दशकों में देश के भविष्य का विकास अंतरिक्ष, महासागर, जैव प्रौद्योगिकी, स्वच्छ ऊर्जा और उन्नत विनिर्माण जैसे नवाचार-संचालित क्षेत्रों द्वारा निर्देशित होगा। इस संवाददाता सम्मेलन में भारत के प्रमुख विज्ञान मंत्रालयों के अग्रणी व्यक्तियों ने वर्ष 2025 की महत्वपूर्ण पहलों और परिणामों पर प्रकाश डाला। इस संवाददाता सम्मेलन का आयोजन सुधारों और मिशन-मोड कार्यक्रमों की व्यापक समीक्षा के बाद किया गया, जो 2014 से विज्ञान-आधारित विकास पर भारत सरकार के निरंतर ध्यान को रेखांकित करती है। संवाददाता सम्मेलन में भारत सरकार के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार प्रो. एके सूद, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के सचिव प्रो. अभय करंदीकर, जैव प्रौद्योगिकी विभाग के सचिव डॉ. राजेश एस. गोखले, सीएसआईआर की महानिदेशक डॉ. एन. कलैसेल्वी और पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के सचिव एम. रविचंद्रन सहित वरिष्ठ वैज्ञानिक उपस्थित थे। डॉ. जितेंद्र सिंह ने सुधारों की यात्रा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सरकार द्वारा आज विभिन्न विभागों और मंत्रालयों में किए गए सभी प्रमुख सुधार प्रौद्योगिकी पर आधारित हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय नीति निर्माण में विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार को लगातार प्राथमिकता देने के कारण यह परिवर्तन संभव हो पाया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के वर्ष 2014 से अब तक के स्वतंत्रता दिवस पर दिए गए भाषणों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि प्रत्येक भाषण में एक सशक्त वैज्ञानिक विषय रहा है, जो सरकार के दीर्घकालिक और वैश्विक दृष्टिकोण को दशार्ता है।

डॉ जितेन्द्र सिंह ने डीप ओशन मिशन और गगनयान जैसी प्रमुख परियो जनाओं पर जोर देते हुए कहा कि भारत मानव अंतरिक्ष उड़ान और गहरे समुद्र की खोज दोनों के लिए एक साथ तैयारी कर रहा है। उन्होंने कहा कि जहां एक भारतीय अंतरिक्ष यात्री अंतरिक्ष में जाएगा, वहीं भारत वर्ष 2027 में 6,000 मीटर की गहराई तक मानवयुक्त पनडुब्बी भेजेगा, जो एक ऐतिहासिक दोहरी उपलब्धि होगी।

# नववर्ष पर निगोहां थाने में चौकीदारों संग एसीपी की बैठक, पंचायत चुनाव को लेकर दिए अहम निर्देश

**विवेक कुमार दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

मोहनलालगंज।लखनऊ नववर्ष के शुभ अवसर पर निगोहां थाने पर शुक्रवार को एसीपी विकास कुमार पांडे ने थानाध्यक्ष अनुज तिवारी की मौजूदगी में चौकीदारों के साथ बैठक की। इस दौरान एसीपी ने चौकीदारो को पुलिस व्यवस्था की नींव बताते हुए कहा कि वे ग्राम स्तर पर प्रशासन की आंख और कान हैं, जिनकी सतर्कता से कानून-व्यवस्था मजबूत रहती है।एसीपी विकास कुमार पांडे ने कहा कि आगामी पंचायत चुनाव को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं भयमुक्त कराना पुलिस प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसमें ग्राम चौकीदारो



की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण और निर्णायक होगी। उन्होंने निर्देश दिए कि गांवों में किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि, विवाद या अफवाह की सूचना तत्काल पुलिस को दें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके।बैठक के समापन पर एसीपी व थाना प्रभारी ने ठंड को देखते हुए ग्राम प्रहरियों को कंबल भी वितरित किए। साथ ही नववर्ष की शुभ कामनाएं देते हुए सभी से सहयोग और सजगता बनाए रखने की अपील की।इस मौके पर समाजसेवी ललित सिंह सहित लोग मौजूद रहें।

## अलग-अलग सड़क हादसों में तीन घायल

**समाज जागरण**

फतेहपुर। जनपद के अलग-अलग थाना क्षेत्रों के अंतर्गत हुए सड़क हादसों के दौरान तीन लोग घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार कल्यानपुर थाना क्षेत्र के हरदौली गांव निवासी छोटेलाल का 55 वर्षीय पुत्र सुनील कश्यप चौडगरा स्थित नमकीन फैक्ट्री में मजदूरी करता है। शुक्रवार की सुबह ड्यूटी समाप्त होने के बाद बाइक से वापस घर जा रहा था। जैसे ही वह चौडगरा से कुछ दूर पहुंचा तभी सामने से आ रही बाइक से भिड़ंत हो गई। जिससे वह घायल हो गया। उधर हथगाम थाना क्षेत्र के ग्राम नगरा सरांय साबा निवासी स्व0 भिक्खूराम का 50 वर्षीय पुत्र राजेन्द्र प्रसाद गांव के ही बुद्धिमान पुत्र फूल 27 वर्ष के साथ बाइक से शहर किसी काम से आ रहा थे। जब ये लोग थरियांव कस्बा के ओवर ब्रिज पर पहुंचे तभी पीछे से आ रहे ट्रेलर ने टक्कर मार दिया जिससे दोनों घायल हो गए। सूचना पाकर मौके पर पहुंची सरकारी एंबुलेंस ने घायलों को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया।

## युवक पर कुत्ते ने किया हमला, घायल

**समाज जागरण**

फतेहपुर। गुरूवार की शाम मजदूरी कर गांव वापस जा रहे 38 वर्षीय युवक को गांव के समीप ही आवारा कुत्ते ने हमला कर बुरी तरह घायल कर दिया। जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जहां उसकी हालत गंभीर बनी है। जानकारी के अनुसार थरियांव थाना क्षेत्र के देहुली गांव निवासी मेवालाल का पुत्र शंकर मजदूरी करता है। शाम को मजदूरी कर घर वापस जाते समय जब वह गांव के समीप पहुंचा तभी आवारा कुत्ते ने उस पर हमला बोल दिया और कई जगह उसे काट लिया। तभी आस-पास के लोगों ने डण्डा लेकर कुत्ते को दौड़ाया। जिससे वह बुरी तरह जख्मी हो गया। सूचना पर पहुंची सरकारी एंबुलेंस ने घायल को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया।

## संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगने से विवाहिता की मौत

### मायका पक्ष में लगाया दहेज हत्या का आरोप ससुरालीजन फरार

**समाज जागरण**

फिरोजाबाद थाना जसराना के गांव खडीत में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगने से मौत हो गई सूचना पर आए मांयका पक्ष ने दहेज हत्या का आरोप लगाते हुए सूचना पुलिस को दी पुलिस शव को



पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल लेकर आई है खड़ीत निवासी 23 वर्षीय भावना उर्फ पिंकी पत्नी अवनीश कुमार की गुरुवार की रात संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगने से मौत हो गई जिससे परिवार में कोहराम मच गया इधर घटना की जानकारी मिलते ही मृतका के पिता हरि ओम निवासी देवपुरा ओरछा मैनपुरी अपने परिवार सहित पुत्री के घर पहुंचे और उन्होंने दहेज हत्या का आरोप लगाते हुए सूचना पुलिस को दी पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल लेकर आई है मृतका के परिजनों ने बताया की भावना की शादी 3 वर्ष पूर्व हुई थी तभी से यह लोग अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर भावना को प्रताड़ित करते थे और आज उसकी फांसी लगने से मौत हो गई ससुरालीजन भावना के शव को छोड़कर फरार हो गए हैं!

## कार ने दो बाइकों में मारी टक्कर, आधा दर्जन जख्मी

### समय से पहुंची 108 एंबुलेंस ने अस्पताल में कराया भर्ती

**समाज जागरण**

फतेहपुर। कल्याणपुर थाना क्षेत्र के माहौर गांव के समीप अज्ञात तेज रफ्तार कार दो बाइक सवारों को पीछे से टक्कर मारते हुए निकल गया। जिससे दोनों बाइक सवार रोड पर गिरकर गंभीर रुप से घायल हो गए। घायल अवस्था में इलाज के लिए गोपालगंज सीएचसी सरकारी एम्बुलेंस से अस्पताल पहुंचाया गया। जहां डॉक्टर उपचार के बाद हालात गम्भीर बताते हुए 108 एंबुलेंस से जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार कल्याणपुर थाना क्षेत्र के लोधनपुर गांव निवासी बिटोला 45 वर्षीय पत्नी सोमनाथ, विष्णु देवी पत्नी राम नरेश 60 वर्ष सुमित पुत्र ओम प्रकाश 17 वर्ष अनुराग कुमार 12 वर्ष बाइक पर सवार होकर गंगा नहाने उन्नाव बक्सर जा रहे थे। जब उनकी बाइक माहौर गांव समीप पहुंची तो पीछे से आ रहे तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक में टक्कर मारते हुए निकल गया। जिससे बाइक सवार बाइक अनियंत्र होकर आपस में टकरा गई और बाइक सवार गिरकर घायल हो गए। घटना की सूचना राहगीरों ने सरकारी 108 एंबुलेंस को दिया।

सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची 108 एंबुलेंस के ईएमटी व पायलट ने सभी घायल को गोपालगंज अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने उसी एंबुलेंस से जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जहां ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर भर्ती कर उसका इलाज कर रहे हैं।

## पेट्रोल पंप के जनरेटर रूम में दो युवकों की दम घुटने से मौत क्षेत्र मचा हड़कंप

**समाज जागरण**

फिरोजाबाद थाना नारखी क्षेत्र के गांव नगला सौठ स्थित एक पेट्रोल पंप पर गुरुवार की रात जनरेटर रूम में दम घुटने से दो युवकों की मौत हो गई पुलिस दोनों शवो को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल लेकर आई है दोनों के परिजन भी जिला अस्पताल पहुंच गए हैं जनपद इटावा के थाना वैतपुरा क्षेत्र के गांव रूपपुर निवासी 27 वर्षीय मोहित पुत्र राजेंद्र प्रसाद और 23 वर्षीय सागर पुत्र जंमदेल सिंह थाना नारखी क्षेत्र के नगला सौंठ स्थिति गिर्राज पेट्रोल पंप काम करते थे वह गुरुवार की रात ड्यूटी समाप्त कर जनरेटर रूम में सोने के लिए चले गए जनरेटर चल रहा था जिसकी वजह से रूम में ऑक्सीजन नहीं जा पा रही थी जिसके कारण दोनों की दम घुट गई जब वह शुक्रवार की भोर में नहीं जागे तो कर्मचारियों ने उन्हें उठाया परंतु वह नहीं उठे जिससे पेट्रोल पंप का हड़कंप मच गया उन्होंने सूचना पुलिस को दी मौके पर पहुंची तब तक दोनों ने दम तोड़ दिया पुलिस दोनों के शवो को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल लेकर आई और सूचना दोनों के परिजनों को दे दी है वह भी जिला अस्पताल पहुंच गए जिनमें कोहराम मच गया दोनों युवक अविवाहित थे!

## ललित, हर्षवर्धन, अन्वी, प्रशांत, प्रांशु, प्रियल और अक्षिता ने जीते सबसे अधिक मेडल

### विजयी प्रतिभागियों को मेडल, शील्ड और प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

**समाज जागरण -ब्रजमोहन सिंह**




शिकोहाबाद। गार्डेनिया इंटर कालेज का सात दिवसीय वार्षिक खेल समारोह के समापन समारोह का आयोजन शुक्रवार को किया गया। जिसमें विजयी प्रतिभागियों को मेडल, प्रशिस्त पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व एमएलसी एवं एफएस विश्व विद्यालय के कुलाधिपति डा. दिलीप यादव, पूर्व प्राचार्य एके कालेज डा. मोहकम सिंह, गार्डेनिया इंटर कालेज के उप प्रबंधक अवनीश कुमार और राकेश यादव रहे। अतिथियों ने मां शारदे के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने कहा कि विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने अनुशासन में रहते हुए सात दिवसीय खेल स्पधाओं में प्रतिभाग किया और अपना बेहतर देते हुए अपना नाम रोशन किया। इसके लिए सभी छात्र-छात्राएं बधाई के पात्र हैं। उन्होंने इसी तरह खेलों में आगे बढ़कर रोजगार के अवसर प्रदान करने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम के प्रबंधक भूपेंद्र सिंह यादव ने सभी अतिथियों का शाल उढ़ाकर और मूमेंटो देकर सम्मानित किया। प्रतियोगिताओं में जिन छात्र-छात्राओं ने सर्वाधिक मेडल प्राप्त किये उनमें ललित, हर्षवर्धन, अन्वी, प्रशांत, प्रांशु, प्रियल और अक्षिता रहें। कार्यक्रम का संचालन अरीशा ने किया। इस अवसर पर अनुराग, अनुप, सामिया और याजना के अलावा विद्यालय के प्रधानाचार्य विपनेश कुमार का विशेष सहयोग रहा।

## बालाजी हेल्थ केयर खागा ने समर इलेवन और धाता ने राजापुर को किया परास्त

**समाज जागरण**

फतेहपुर विजयीपुर ब्लॉक क्षेत्र के किशनपुर कस्बा स्थित नागा बाबा क्रिकेट ग्राउंड में चल रहे केपीएल के सातवें संस्करण में शुक्रवार पहले मुकाबले में बाला जी हेल्थ केयर खागा ने समर इलेवन सिलमी को हराया तथा दूसरे मुकाबले में धाता ने राजापुर चित्रकूट को पराजित किया केपीएल टूनामेंट के दूसरे दिन शुक्रवार पहले मुकाबले में बालाजी हेल्थ केयर खागा ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 14 ओवर में 131 रन का स्कोर खड़ा किया जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी समर 11 सिलमी की टीम महज 84 रन बना सकी जिस मुकाबले को 47 रन से बालाजी हेल्थ केयर ने जीत लिया जिस में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर बालाजी हेल्थ केयर के मिथिलेश को मैन ऑफ द मैच पुरस्कार दिया गया दूसरी मीटिंग के मैच में टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करने उतरी राजापुर की टीम ने निर्धारित 12 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 81 रन का स्कोर खड़ा किया जवाब में बल्लेबाजी करने उकरी धाता की टीम ने आठवें ओवर में छक्के के साथ मुकाबला जीत लिया जिसमें सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर धाता के निखिल को मैन ऑफ द मैच से पुरस्कृत किया गया इस मौके पर जितेंद्र सिंह अरविंद मिश्रा पप्पू मिश्रा जय बहादुर मयंक मिश्रा अनिल महादेव आदि मौजूद रहे

## जिलाधिकारी ने नीम करोली बाबा के जन्म स्थान निरीक्षण किया!

**समाज जागरण - ब्रजमोहन सिंह**



फिरोजाबाद! जिलाधिकारी रमेश रंजन ने मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य के साथ पूज्य नीम करोली बाबा के जन्म स्थान को जोड़ने वाले संपर्क मार्ग का स्थलीय निरीक्षण किया, इस निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए यातायात व्यवस्था को सुगम बनाना और क्षेत्र के बुनियादी ढांचे को मजबूत करना होगा, जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान मार्ग के चौड़ीकरण की वर्तमान स्थिति का जायजा लेते हुए इसे 5.5 मीटर तक चौड़ा करने के निर्देश दिए, वर्तमान में संकरा मार्ग होने के कारण बाबा के दर्शन हेतु आने वाले भक्तों को जाम और असुविधा का सामना करना पड़ता था, जिस पर जिलाधिकारी ने मौके पर उपस्थित संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि मार्ग चौड़ीकरण का विस्तृत प्रस्ताव (डीपीआर) तत्काल तैयार कर धर्मार्थ कार्य विभाग और लोक निर्माण विभाग को भेजना सुनिश्चित किया जाये, ज़िलाधिकारी ने कहा कि नीम करोली बाबा का जन्म स्थान न केवल आस्था का केंद्र है, बल्कि पर्यटन की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है, इस मार्ग के बनने से स्थानीय अर्थव्यवस्था और धार्मिक पर्यटन को नई गति मिलेगी। इस दौरान उप ज़िलाधिकारी टुंडला, खंड विकास अधिकारी सहित संबंधित आदि अधिकारी उपस्थित रहें।

## कन्नौज: अनिवार्य रूप से वर्दी व पहचान पत्र के साथ दिखें स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सक व कर्मचारी: डीएम

**समाज जागरण बृजेश चतुर्वेदी**



कन्नौज। स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सक व स्टाफ को कार्य स्थल पर ड्रेस व पहचान पत्र के साथ अनिवार्य रूप से रहना होगा। जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में यूविन पोर्टल के संबंध में आयोजित बैठक में यह निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने यूविन पोर्टल पर वि0ख0 गुगरापुर की फीडिंग की प्रगति खराब पाए जाने पर पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि यूविन पोर्टल पर गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों की फीडिंग शत-प्रतिशत होनी चाहिए। उन्होनें मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिए कि जनपद के किसी भी चिकित्सालय के डाक्टर व स्टाफ बिना ड्रेस व पहचान पत्र के नहीं होना चाहिए, 07 दिवस के अन्दर यह सुनिश्चित कर लिया जाए। उन्होनें स्पष्ट कहा है कि चिकित्सक व कर्मचारी पहचान पत्र व वर्दी में दिखने चाहिए, जिससे आसानी से पता चल सके कि स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सक व कर्मचारी है।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी रामकृपाल चौधरी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 स्वदेश गुप्ता सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## कन्नौज: अब 6 को होगा ड्राफ्ट मतदाता सूचियों का प्रकाशन

**समाज जागरण बृजेश चतुर्वेदी**

कन्नौज। जिला निर्वाचन अधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने बताया है कि भारत निर्वाचन आयोग के निदेशानुसार अर्हता तिथि 01 जनवरी 2026 के आधार पर जनपद की समस्त विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण का संशोधित कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। इसके अंतर्गत प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन 06 जनवरी 2026 को किया जाएगा।

मतदाताओं से दावे एवं आपत्तियाँ प्राप्त करने की अवधि 06 जनवरी 2026 से 06 फरवरी 2026 तक निर्धारित है। इसी अवधि के साथ-साथ 06 जनवरी 2026 से 27 फरवरी 2026 तक नोटिस जारी करने, सुनवाई एवं सत्यापन, गणना प्रपत्रों पर निर्णय तथा दावे एवं आपत्तियों का ईआरओ द्वारा निस्तारण की कार्यवाही संपादित की जाएगी।

इसके उपरांत निर्वाचक नामावलियों की शुद्धता के मापदण्डों की जांच कर 03 मार्च 2026 तक आयोग से अंतिम प्रकाशन की अनुमति प्राप्त की जाएगी तथा निर्वाचक नामावलियों का अंतिम प्रकाशन 06 मार्च 2026 को किया जाएगा।

## कन्नौज: जिले के धार्मिक पर्यटन स्थलों के जीर्णोद्धार की समीक्षा

**समाज जागरण बृजेश चतुर्वेदी**



कन्नौजः जनपद कन्नौज में धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों के विकास और सौन्दर्यीकरण के उद्देश्य से विभिन्न महत्वपूर्ण परियोजनाओं पर कार्य कराया जा रहा है, जिससे श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों को बेहतर सुविधाएँ उपलब्ध हो सकें।जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने कलेक्ट्रेट कार्यालय कक्ष में आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान कहा है कि प्रदेश सरकार धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों को बढ़ावा देने के लिए कार्य कर रही है। जनपद के प्राचीन उधालक ऋषि आश्रम का विकास एवं सौन्दर्यीकरण कराया जा रहा है। इस परियोजना के अंतर्गत यात्री विश्राम गृह, शौचालय, इंटरलॉकिंग पाथ-वे, स्टोन बेंच, स्टोन डस्टबिन, साइनेज तथा सोलर लाइट की व्यवस्था कराया जाना प्रस्तावित है। बैठक में जिलाधिकारी ने आश्रम में इंटरलॉकिंग हेतु क्रिटिकल गैप धनराशि जारी करने का निर्णय लिया। जानकारी दी गई कि आश्रम में सौन्दर्यीकरण का कार्य लगभग पूर्ण होने की स्थिति में है। इसी कड़ी में विकास खण्ड छिबरामऊ में स्थित बजरंगबली मंदिर के कराए जा रहे विकास कार्य की गहनता से समीक्षा की गई। इसमें यात्री विश्राम गृह, शौचालय, इंटरलॉकिंग पथ, स्टोन बेंच, स्टोन डस्टबिन, साइनेज, स्वागत द्वार एवं सोलर लाइट की व्यवस्था शामिल है, जिसमें जानकारी दी गई कि यात्री शेड के स्लैब का कार्य पूर्ण हो चुका है तथा प्रवेश द्वार का निर्माण कार्य प्रगति पर है। विकास खण्ड उमर्दा के तिर्वा में स्थित माता अन्नपूर्णा देवी मंदिर में सौन्दर्यीकरण के कार्य में यात्री विश्राम गृह, स्टोन बेंच, स्टोन डस्टबिन एवं प्रकाश व्यवस्था का कार्य प्रस्तावित है। जानकारी दी गई कि वर्तमान में मंदिर परिसर में इंटरलॉकिंग एवं कोटा स्टोन का कार्य प्रगति पर है। विकास खण्ड कन्नौज में स्थित माँ फूलमती देवी मंदिर का सौन्दर्यीकरण एवं पर्यटन विकास कार्य की समीक्षा में जानकारी दी गई कि यात्री विश्राम गृह, बेंच, सोलर लाइट, चबूतरा एवं यज्ञशाला के सौन्दर्यीकरण का कार्य कराया जाना शामिल है। यात्री शेड के स्लैब का कार्य पूर्ण हो चुका है। जिलाधिकारी ने कहा है कि इन सभी कार्यों का निर्माण कार्य निर्धारित समय सीमा में पूर्ण किया जाएं। निर्माण कार्यों की गुणवत्ता में किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। कहा है कि

इन सभी कार्यों के पूर्ण होने से धार्मिक स्थलों की गरिमा में वृद्धि होगी तथा श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों को स्वच्छ, सुरक्षित एवं सुविधाजनक वातावरण प्राप्त होगा।

## कन्नौज: इत्र पार्क में संयुक्त विभागीय बैठक सम्पन्न

**समाज जागरण बृजेश चतुर्वेदी**



कन्नौज। इत्र पार्क ठठिया में उद्योग स्थापना की समस्याओं के समाधान हेतु संयुक्त विभागीय कैंप आयोजित हुई। इत्र पार्क ठठिया, कन्नौज में उद्योग स्थापना हेतु भूखंड आवंटियों को आ रही विभिन्न समस्याओं के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण समाधान के उद्देश्य से जिलाधिकारी के निर्देशन में विद्युत विभाग, जल निगम एवं हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) सहित संबंधित विभागों द्वारा संयुक्त रूप से एक विशेष कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री की उपस्थिति में उद्यमियों से प्रत्यक्ष संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं का मौके पर ही निराकरण किया गया। जल निगम द्वारा कुल 27 पेयजल कनेक्शन जारी किए गए। विद्युत विभाग द्वारा एक इकाई को तत्काल विद्युत कनेक्शन प्रदान किया गया, जबकि एक अन्य इकाई में विद्युत स्थापना का कार्य पूर्ण कराया गया। वहीं, कैंप में उपस्थित एचपीसीएल के अधिकारियों द्वारा 15 भूखंड आवंटियों के गैस डिमांड फार्म भरवाकर अग्रिम कार्रवाई हेतु प्रेषित किए गए। जिलाधिकारी ने सभी उद्यमी भूखंड आवंटियों को आश्वस्त किया कि उद्योग स्थापना की प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की समस्या उत्पन्न नहीं होने दी जाएगी तथा प्रशासन द्वारा उन्हें पूर्ण सहयोग प्रदान किया जाएगा। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि उद्यमियों की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित किया जाए। इस अवसर पर आरएम यूपीसीडा आशीष नाथ, डीजीएम यूपीसीडा शशिल यादव, उपायुक्त उद्योग धनंजय सिंह, इत्र एसोसिएशन के अध्यक्ष पवन त्रिवेदी, महामंत्री प्रखर कपूर सहित प्रखंड मिश्रा, संजय कुमार, गौतम शुक्ला एवं अन्य उद्यमीगण उपस्थित रहे।

## कन्नौज: चालको की संवेदीकरण कार्यशाला सम्पन्न

**समाज जागरण बृजेश चतुर्वेदी**




कन्नौज। जिलाधिकारी के निदेशानुसार राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह-2026 के द्वितीय दिवस पर बस, ट्रक, ऑटो रिक्शा, ई-रिक्शा, टैम्पो व टैक्सी चालकों तथा यूनियन पदाधिकारियों के साथ जीरो फैटेलिटी के उद्देश्य से संवेदीकरण कार्यशाला का आयोजन कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में किया गया। आयोजित कार्यशाला में अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) देवेन्द्र सिंह ने निर्देशित किया कि सभी वाहन चालक यात्रियों के साथ शालीन एवं सभ्य व्यवहार सुनिश्चित करें। यात्रियों की सुविधा के दृष्टिगत प्रत्येक वाहन पर किराया सूची अनिवार्य रूप से चस्पा की जाए तथा निर्धारित दरों के अनुसार ही किराया वसूला जाए। उन्होंने वाहन सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए प्रत्येक वाहन में प्राथमिकी उपचार किट, अग्निशमन यंत्र रखने एवं उनकी नियमित जांच कराने के निर्देश दिए। उन्होंने यूनियन पदाधिकारियों को पुलिस प्रशासन से समन्वय स्थापित कर निर्धारित स्थलों पर ही वाहनों के खड़े होने एवं पार्किंग स्थलों के चयन को सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। साथ ही सभी चालकों को यातायात नियमों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश देते हुए कहा कि वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग कदापि न करें, नशे की अवस्था में वाहन न चलाएं तथा निर्धारित क्षमता से अधिक सवारी न बैठाएं। शहर एवं हाईवे पर वाहनों का संचालन केवल निर्धारित गति सीमा में ही होना चाहिए। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रत्येक रूट के लिए अलग-अलग कोड नंबर लागू किए जाएं। जो वाहन जिस रूट के लिए निर्धारित है, उसी रूट पर संचालित हो। अन्य रूट पर सवारी बैठाते पाए जाने पर दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। सभी चालक अपने-अपने निर्धारित स्टैंड से ही सवारियां बैठाएं। उन्होंने जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देश दिए कि समस्त विद्यालयों में प्रार्थना सभा के दौरान विद्यार्थियों को यातायात नियमों के पालन की शपथ दिलाई जाए। साथ ही प्रतिदिन सभी संबंधित विभाग सड़क सुरक्षा के अंतर्गत किए गए कार्यों की सूचना एआरटीओ को उपलब्ध कराएं, ताकि जिलाधिकारी द्वारा समीक्षा एवं औचक निरीक्षण किया जा सके। उन्होंने निर्देश दिए कि रोडवेज बसों में म्यूजिक सिस्टम के माध्यम से यात्रियों को यातायात नियमों की जानकारी दी जाए। ऑटो व ई-रिक्शा चालकों को चेतावनी देते हुए कहा गया कि सवारी वाहनों को माल वाहन के रूप में प्रयोग न किया जाए, उल्लंघन की स्थिति में संबंधित चालक के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई करते हुए वाहन का पंजीकरण निरस्त किया जाएगा। बैठक में 50 ब्लैक स्पॉट चिन्हित कर संबंधित विभागों को आवश्यक सुधारात्मक कार्यवाही हेतु अवगत कराया गया। उन्होनें एआरएम रोडवेज को सभी रोडवेज बसों में रिफ्लेक्टर लगवाने हेतु निर्देशित किया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. स्वदेश गुप्ता ने बताया कि जनपद में 102 की 23, 108 की 24 तथा एएलएसएस की 6 एम्बुलेंस संचालित हैं। सभी सरकारी चिकित्सालयों में समय-समय पर स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाते हैं, जहां वाहन चालक निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण करा सकते हैं।

बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक अजय कुमार, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी सुश्री इज्या तिवारी सहित संबंधित अधिकारी एवं वाहन चालक उपस्थित रहे।

## कन्नौज: सौ शैय्या अस्पताल में बिना सर्जन ऑपरेशन का डीएम ने लिया संज्ञान

### तीन सदस्यीय जांच समिति गठित

**समाज जागरण बृजेश चतुर्वेदी**

कन्नौज। सौ शैय्या संयुक्त चिकित्सालय छिबरामऊ में बिना सर्जन की उपस्थिति में महिला का ऑपरेशन किए जाने से संबंधित वायरल समाचार का जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने गंभीरता से संज्ञान लिया है। वायरल वीडियो/खबर में एनेस्थेटिक की मौजूदगी में दो स्टाफ नर्सों एवं एक बाहरी युवक द्वारा ऑपरेशन किए जाने का दृश्य सामने आया है, जिसे अत्यंत गंभीर लापरवाही मानते हुए तत्काल जांच के निर्देश जारी किए गए हैं। जिलाधिकारी के आदेश पर प्रकरण की निष्पक्ष एवं गहन जांच हेतु तीन सदस्यीय जांच समिति का गठन किया गया है। गठित जांच समिति में मुख्य चिकित्सा अधिकारी, उप जिलाधिकारी छिबरामऊ एवं पुलिस क्षेत्राधिकारी छिबरामऊ को सदस्य नामित किया गया है। जांच समिति द्वारा उक्त प्रकरण की समस्त तथ्यों के आधार पर गहनता से जांच कर यथाशीघ्र सुस्पष्ट जांच आख्या प्रस्तुत की जाएगी। यदि जांच के दौरान किसी भी स्तर पर लापरवाही, नियमों का उल्लंघन अथवा अनियमितता पाई जाती है, तो संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। इस संबंध में मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा की गई कार्रवाई से जिलाधिकारी को अवगत कराया जाएगा।

## गैंगेस्टर एक्ट के अंतर्गत मादक पदार्थ से अर्जित ₹37.68 लाख की अवैध संपत्ति जब्त

**ब्यूरो समाज जागरण**



सोनभद्र। शासन की मंशा के अनुरूप अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा के निर्देशन में प्रभावी कार्यवाही करते हुए मादक पदार्थों से अर्जित अवैध संपत्ति के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की गई। उक्त क्रम में जिला मजिस्ट्रेट, जनपद सोनभद्र द्वारा वाद संख्या D20251 66600022 83/2025 के माध्यम से अभियुक्ता माया उर्फ सुनीता पत्नी स्व0 शिव प्रसाद, निवासी कस्बा शाहगंज, थाना शाहगंज, जनपद सोनभद्र, तथा वाद संख्याD2025166600 0228 4/2 025 के माध्यम से अभियुक्ता आशा देवी पत्नी शियाशंकर, निवासी राजपुर रोड, कस्बा शाहगंज, थाना शाहगंज, जनपद सोनभद्र, द्वारा मादक पदार्थों के अवैध कारोबार से अर्जित दोनों अभियुक्ताओं की मकान रूपी अचल संपत्तियों को संबंधित मु0अ 0सं0 57/2025, धारा 3(1) उत्तर प्रदेश गैंगेस्टर एक्ट, थाना शाहगंज, जनपद सोनभद्र के अंतर्गत धारा 14(1) उत्तर प्रदेश गैंगेस्टर एक्ट में जब्त किया गया।

# जिला पदाधिकारी को नववर्ष की शुभकामनाएं, जनकल्याणकारी रणनीतियों पर हुई चर्चा

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**



नववर्ष के अवसर पर राहत संस्था की सचिव डॉ. फरजाना बेगम ने किशनगंज जिले के जिला पदाधिकारी विशाल कुमार राज से शिष्टाचार भेंट कर पुष्प गुच्छ भेंट कर उन्हें नववर्ष की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर सामाजिक कार्यों एवं जनकल्याण से जुड़ी योजनाओं को लेकर सकारात्मक चर्चा हुई।

भेंट के दौरान डॉ. फरजाना बेगम ने राहत संस्था द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों की जानकारी जिला पदाधिकारी को दी तथा आगामी वर्ष में प्रशासन के सहयोग से समाजहित में और अधिक प्रभावी पहल करने पर विचार-विमर्श किया।

जिला पदाधिकारी विशाल कुमार राज ने संस्था के प्रयासों की सराहना करते हुए भविष्य में हर संभव सहयोग देने का आश्वासन दिया।

# नियमित टीकाकरण से सुरक्षित बचपन की नींव, गांव-गांव पहुंचा जागरूकता संदेश

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**



स्वस्थ बचपन और सुरक्षित भविष्य के लिए नियमित टीकाकरण अत्यंत आवश्यक है। इसी उद्देश्य से स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिले के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में ग्रामीण स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण दिवस (वीएचएसएनडी) का आयोजन किया गया, जहां बच्चों, गर्भवती एवं धात्री महिलाओं को आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गईं।

इस दौरान बच्चों का आयु के अनुसार टीकाकरण किया गया तथा अभिभावकों को बताया गया कि खसरा, पोलियो, टिटनेस, डिप्थीरिया, काली खांसी, क्षय रोग, हेपेटाइटिस-बी एवं जापानी इंसेफेलाइटिस जैसी गंभीर बीमारियों से बचाव का सबसे प्रभावी उपाय टीकाकरण है।

जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ. देवेंद्र कुमार ने कहा कि समय पर टीकाकरण नहीं होने से बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर हो जाती है, जिससे वे बार-बार बीमार पड़ते हैं।

जिले के सिविल सर्जन डॉ. राज कुमार चौधरी ने कहा कि नियमित टीकाकरण समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। सरकार का लक्ष्य है कि जिले का एक भी बच्चा टीकाकरण से वंचित न रहे। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि जिन बच्चों का टीकाकरण छूट गया है, वे नजदीकी आंगनबाड़ी या स्वास्थ्य केंद्र पर संपर्क कर टीकाकरण अवश्य कराएं।

स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि वीएचएसएनडी के माध्यम से टीकाकरण के साथ-साथ गर्भवती महिलाओं की जांच, पोषण परामर्श, आयरन-फोलिक एसिड व कैल्शियम वितरण तथा स्वच्छता संबंधी जागरूकता भी दी जा रही है। कार्यक्रम में आशा कार्यकर्ता, आंगनबाड़ी सेविका एवं स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

# पटना में पांच वाहनों की टक्कर में सात घायल, दो गम्भीर

**समाज हगर्न पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**



पटना/ जिले के बख्तियारपुर मोकामा फोरलेन पर शुक्रवार की सुबह हुआ सड़क हादसा में घने कोहरे और तेज रफ्तार के कारण पांच वाहन आपस में टकरा गए। जिसमें सात लोग घायल हो गए।

यह दुर्घटना शुक्रवार की सुबह मोकामा थाना क्षेत्र के मोर गांव के पास हुई। सुबह के समय कोहरा इतना घना था कि फोरलेन पर विजिबिलिटी बेहद कम हो गई थी। सड़क पर आगे-पीछे चल रहे वाहन एक-दूसरे को ठीक से देख नहीं पा रहे थे। इसी दौरान अचानक हुई टक्कर ने पूरे इलाके में अफरा-तफरी मचा दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, फोरलेन पर अचानक एक वाहन ने ब्रेक लगाया। घने कोहरे के कारण पीछे से आ रहे वाहन चालक समय पर स्थिति को समझ नहीं सके और एक के बाद एक वाहन आपस में टकराते चले गए। देखते ही देखते यह मामूली टक्कर एक बड़े हादसे में बदल गई। हादसे में एक इनोवा कार, एक ट्रक-ट्रॉली, दो मोटर साइकिल और एक यात्री बस शामिल है। इस दुर्घटना में कुल सात लोग घायल हुए हैं। इनमें से बस चालक और एक बाइक सवार की हालत गंभीर बताई जा रही है। दोनों को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं बस में सवार पांच यात्रियों को हल्की चोटें आई हैं। इन यात्रियों को मौके पर ही प्राथमिक उपचार दिया गया। बस पटना से बेगूसराय जा रही थी और उसमें काफी संख्या में यात्री सवार थे। हादसे के तुरंत बाद आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे। सड़क पर चीख-पुकार मची हुई थी और कई लोग मदद के लिए इधर-उधर भाग रहे थे। ग्रामीणों ने घायलों को वाहनों से बाहर निकाला और पुलिस तथा एंबुलेंस को सूचना दी। समय पर ग्रामीणों की मदद मिलने से घायलों को जल्द अस्पताल पहुंचाया जा सका, जिससे बड़ी जनहानि टल गई। सूचना मिलते ही मोकामा थाना की पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने राहत और बचाव कार्य शुरू कराया और घायलों को इलाज के लिए भेजा। दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को फोरलेन से हटाकर यातायात बहाल किया गया। कुछ समय के लिए सड़क पर जाम की स्थिति बन गई थी, लेकिन पुलिस की तत्परता से यातायात धीरे-धीरे सामान्य हो गया। पुलिस ने सभी क्षतिग्रस्त वाहनों को जब्त कर लिया है और हादसे की जांच शुरू कर दी है।

# पटना पुलिस ने किया ब्राउन शुगर, स्मैक, नशे की सूई और नकदी के साथ 4 तस्करो को गिरफ्तार

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**



पटना/ जिले के गौरीचक थाने की पुलिस ने छापेमारी कर ड्रग्स के चार सौदागरों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से भारी मात्रा में ब्राउन शुगर, स्मैक, नशे की सूई, नगद रुपये और एक स्कूटी बरामद की गई है। कार्रवाई के बाद इलाके में हड़कंप मच गया है। प्रशिक्षु डीएसपी विजय रंजन को गुप्त सूचना मिली थी कि सोहगी मोड़ नहर के पास ड्रग्स के कारोबारी एकत्रित हैं। सूचना के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने छापामारी की और मौके से चार युवकों को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान पुलिस ने इनके पास से करीब 30 ग्राम ब्राउन शुगर, 8 पुड़िया स्मैक, पांच दर्जन नशे की सूई, एक स्कूटी और करीब 50 हजार रुपये नगद बरामद किए।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान आशिक कुमार, रामू कुमार, शशि कुमार और शुभम पासवान के रूप में हुई है. पूछताछ के दौरान पुलिस को अहम जानकारियां हाथ लगीं। जांच में सामने आया कि इस पूरे धंधे का मुख्य संचालन शशि कुमार कर रहा था। पुलिस के अनुसार शशि कुमार रोजाना तीन से पांच लाख रुपये तक का नशे का कारोबार करता था। पुलिस जब जांच के क्रम में शशि कुमार के घर पहुंची तो उसका बंगला नुमा मकान देखकर दंग रह गई। पूछताछ में शशि की पत्नी ने पुलिस को बताया कि वह पहले गैराज चलाता था, लेकिन बाद में उसने यह काम छोड़कर ड्रग्स के धंधे में कदम रख लिया। पत्नी के अनुसार परिवार ने कई बार इसका विरोध किया, लेकिन शशि ने उनकी एक नहीं सुनी। इसी अवैध कारोबार से उसने आलीशान मकान और कई संपत्तियां खड़ी कर लीं। डीएसपी विजय रंजन ने बताया कि पूछताछ में शशि कुमार ने खुद को इस धंधे की छोटी मछली बताया है। उसने खुलासा किया कि नशे के कारोबार का मुख्य सरगना मसौढ़ी इलाके में है, जो ड्रग्स का थोक व्यापार करता है और रोजाना 10 से 20 लाख रुपये का अवैध कारोबार चलाता है। उसने यह भी बताया कि गोपालपुर निवासी सन्नी के माध्यम से ड्रग्स की सप्लाई होती है, जिसे आगे छोटे स्तर पर बेचा जाता है। पुलिस ने सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर थाने लाया है और एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस मुख्य सरगना और नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की तलाश में लगातार छापामारी कर रही है।

# टीएमयू की छह हजार प्लस छात्राओं के लिए वरदान साबित होगा मिशन शक्ति

आत्मरक्षा एवम् सामाजिक जागरूकता कैंपेन में सूबे सरकार की महत्वाकांक्षी योजना मिशन शक्ति 5.0 ने तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद में सार्थक भूमिका निभाई। सितंबर से दिसंबर तक चले इस व्यापक अभियान के जरिए यूनिवर्सिटी की लगभग 6,000 से अधिक छात्राओं को आत्मरक्षा के गुण, सामाजिक चेतना एवम् आत्मविश्वास से जुड़े टिप्स एक्सपर्ट्स ने दिए। इस अभियान में यूनिवर्सिटी के एक दर्जन से अधिक कॉलेजों ने सक्रिय सहभागिता की, जिससे यह कार्यक्रम एक समन्वित और प्रभावशाली जनांदोलन के रूप में उभरकर सामने आया। कहने का अभिप्राय यह है, यह कैंपेन यूनिवर्सिटी की हजारों छात्राओं के लिए वरदान साबित हुआ। अभियान के अंतर्गत यूनिवर्सिटी परिसर एवम् संबद्ध कॉलेजों में नुक्कड़ नाटक, वाद-विवाद प्रतियोगिता, पोस्टर प्रतियोगिता, आत्म-सुरक्षा सत्र, कार्यशालाएं, नारे लेखन, लघु फिल्म प्रदर्शन, सामाजिक जागरूकता कार्यक्रम, अच्छे स्पर्श एवम् बुरे स्पर्श जैसे संवेदनशील विषयों पर सशक्त भूमिकाएं प्रस्तुत की गईं। इसके साथ ही स्वयं रक्षा प्रशिक्षण, क्विज प्रतियोगिताएं, छात्राओं के लिए विशेष रूप से आयोजित शक्ति शील्ड स्व-सुरक्षा सत्र ने छात्राओं में आत्मनिर्भरता और आत्मबल का संचार किया।

# एसपी सागर कुमार ने पोठिया थाना का किया निरीक्षण, लंबित मामलों के निष्पादन पर दिया जोर

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**



जिले में पुलिस प्रशासन को और अधिक सशक्त एवं जनोन्मुखी बनाने के उद्देश्य से शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक सागर कुमार ने पोठिया थाना का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने थाना की कार्यप्रणाली, अभिलेखों के संधारण, लंबित मामलों की स्थिति एवं विधि-व्यवस्था की समीक्षा की।

निरीक्षण के क्रम में एसपी ने अभिलेखों को अद्यतन व सुव्यवस्थित रखने के निर्देश दिए तथा लंबित मामलों के शीघ्र एवं निष्पक्ष निष्पादन को प्राथमिकता बताया। उन्होंने कहा कि पीड़ितों को समय पर न्याय मिलना सुनिश्चित किया जाए। विधि-व्यवस्था की समीक्षा करते हुए पुलिस अधीक्षक ने नियमित गश्ती बढ़ाने, संवेदनशील स्थानों पर सतर्क निगरानी रखने तथा अपराध नियंत्रण के लिए प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए।

एसपी सागर कुमार ने थाने पर आने वाले फरियादियों के साथ शालीन व्यवहार करने, उनकी शिकायतों को गंभीरता से सुनने और त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया। उन्होंने लापरवाही बरतने पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी भी दी।निरीक्षण के दौरान थाना के पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

# हर शुक्रवार जिलाधिकारी सुनते हैं आमजन की समस्याएं, तुरंत कार्रवाई के निर्देश

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**



जिलाधिकारी प्रत्येक शुक्रवार प्रातः 10:30 बजे समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय में आमजन की समस्याओं और शिकायतों की सुनवाई करते हैं। यह पहल जनता की समस्याओं को सीधे प्रशासन तक पहुँचाने और उनका त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के लिए की गई है।

इस दौरान आमजन आवेदन के साथ अपने मुद्दों और समस्याओं को जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करते हैं। प्राप्त शिकायतों की समीक्षा के बाद जिलाधिकारी संबंधित अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई के निर्देश देते हैं, ताकि नियमानुसार समस्याओं का शीघ्र और प्रभावी समाधान हो सके।

जिलाधिकारी ने बताया कि यह सुनवाई प्रक्रिया केवल शिकायत सुनने तक सीमित नहीं है, बल्कि इससे जनता और प्रशासन के बीच विश्वास और पारदर्शिता भी बढ़ती है। उन्होंने आमजन से अपील की है कि वे अपनी समस्याओं को खुलकर साझा करें और सरकारी सेवाओं का सही तरीके से लाभ उठाएं।

इस अवसर पर कार्यालय सहायक दीपक कुमार झा सहित अन्य प्रशासनिक कर्मी भी उपस्थित रहते हैं, जो शिकायतों के दस्तावेजीकरण और संबंधित अधिकारियों तक पहुंच सुनिश्चित करते हैं।

# पटना में मुठभेड़ के दौरान अपराधी की पैर में लगी गोली

## पुलिस ने घायल अवस्था मे किया अपराधी को गिरफ्तार

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**



पटना/ जिले के फुलवारी शरीफ और खगौल थाना की सीमा पर स्थित खगौल लख के पास पटना सिटी के कुख्यात अपराधी मैनेजर राय के साथ पुलिस की मुठभेड़ हो गई। इस दौरान पटना सिटी स्थित दीदारगंज का रहने वाला कुख्यात बदमाश मैनेजर राय को एसटीएफ और खगौल थाना के पुलिस ने गोली मारकर गिरफ्तार कर लिया है। वही घायल अवस्था में अपराधी मैनेजर राय को पटना एम्स में भर्ती कराया गया है। मुठभेड़ के बाद पुलिस ने घटनास्थल से एक देसी कट्टा और दो जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। सिटी एसपी पश्चिमी भानु प्रताप सिंह मौके पर पहुंचे और पूरे घटनाक्रम की समीक्षा की। खगौल लख के पास हुई इस मुठभेड़ में दोनों ओर से करीब छह राउंड फायरिंग हुई। एम्स पटना के डॉक्टरों ने उसकी हालत खतरे से बाहर बताई है। घटना के बाद पुलिस ने अतिरिक्त बल तैनात कर इलाके की घेराबंदी कर दी है। घटना की सूचना पाकर मौके पर पटना के सीनियर एसपी कार्तिकेय शर्मा, सिटी एसपी, डीएसपी समेत भारी संख्या पुलिस पहुंचकर जांच मर जुटी है। वही एफ एस एल की टीम बुलाकर वहां साक्षय एकत्रित कराया गया। मैनेजर राय लंबे समय से पटना पुलिस के लिए बड़ी चुनौती बना हुआ था। उस पर हत्या, रंगदारी, लूट, हत्या की कोशिश और अवैध हथियार रखने सहित करीब 20 संगीन मामले दर्ज हैं। कई मामलों में वह वांटेड चल रहा था और उस पर इनाम भी घोषित था। पटना के सीनियर एसपी कार्तिकेय शर्मा के मुताबिक शुक्रवार की सुबह पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि वह खगौल इलाके में मौजूद है। सूचना के आधार पर एसटीएफ और खगौल थाना पुलिस ने संयुक्त रूप से घेराबंदी कर चेकिंग अभियान शुरू किया। चेकिंग के दौरान पुलिस को देखते ही मैनेजर राय स्कूटी छोड़कर भागने लगा और पुलिस पर फायरिंग कर दी। पुलिस के अनुसार, उसने दो राउंड गोलियां चलाईं। इसके बाद पुलिस ने जवाबी कार्रवाई की जिसमें एक गोली उसके पैर में लगी और वह गिर पड़ा। पुलिस अब गिरफ्तार अपराधी के आपराधिक नेटवर्क, सहयोगियों और फरार साथियों के संबंध में पूछताछ की तैयारी कर रही है।

# पटना मैरीन ड्राइव से नाबालिग का शव बरामद

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**

पटना/ सिटी के आलमगंज थाना क्षेत्र में मरीन ड्राइव के पिलर नंबर 112 के बेसमेंट से एक नाबालिग बच्चे का शव बरामद किया गया। यह घटना गुरुवार देर रात की बताई जा रही है, जब स्थानीय लोगों ने बेसमेंट में पड़े शव को देखा और तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही आलमगंज थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच की प्रक्रिया शुरू कर दी। पुलिस जांच में मृतक की पहचान 13 वर्षीय आकाश कुमार के रूप में हुई है। आकाश आलमगंज थाना क्षेत्र के दक्षिणी गली स्लम एरिया का निवासी था। परिवार की आर्थिक स्थिति सामान्य बताई जा रही है और आकाश अपने माता-पिता के साथ ही रहता था। परिजनों के अनुसार, आकाश रोज की तरह घर के आसपास खेलने निकला था, लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटा। आलमगंज थाना प्रभारी राहुल कुमार ठाकुर ने बताया कि प्रथम दृष्टया यह मामला हादसे का प्रतीत हो रहा है। पुलिस का अनुमान है कि नाबालिग बच्चा मरीन ड्राइव पुल से गिर गया होगा, जिससे उसकी मौत हो गई। बताया गया कि आकाश का घर घटनास्थल से महज करीब 200 मीटर की दूरी पर है। संभव है कि वह खेलने या घूमने के दौरान पुल के पास चला गया हो और असंतुलित होकर नीचे गिर गया हो। हालांकि, पुलिस का कहना है कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों की पुष्टि हो सकेगी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाल रही है। मरीन ड्राइव और उसके आसपास कई स्थानों पर निगरानी कैमरे लगे हुए हैं। पुलिस यह जानने की कोशिश कर रही है कि आकाश आखिरी बार कब और किस हालत में वहां पहुंचा था। फुटेज से यह भी स्पष्ट हो सकता है कि वह अकेला था या उसके साथ कोई और भी मौजूद था। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जांच पूरी होने तक किसी भी निष्कर्ष पर पहुंचना जल्दबाजी होगी। मृतक के परिजनों ने पुलिस को बताया है कि उनका किसी से कोई विवाद नहीं था और न ही उन्हें किसी प्रकार की दुश्मनी की जानकारी है। परिवार का कहना है कि आकाश एक सामान्य बच्चा था, जो अक्सर आसपास के बच्चों के साथ खेलता था। घटना के बाद से परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने परिजनों से सहयोग की अपील की है और आश्वासन दिया है कि मामले की निष्पक्ष जांच की जाएगी।

# खलिहान में रखे धान के बोझे में लगी भीषण आग, लाखों का नुकसान

**समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**



नबीनगर (बिहार) नबीनगर थाना क्षेत्र के महशू गांव के समीप मठ पर खलिहान में रखे धान के बोझे में भयंकर आग लग गई, जिससे करीब दो हजार बोझा धान जलकर खाक हो गया। घटना गुरुवार को देर शाम की बताई जा रही है।आग लगने की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की तीन गाड़ियां और गांव के लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।जानकारी के अनुसार, बाबा जी का मठ का जमीन है, जिसका देखरेख लल्लू साव नामक व्यक्ति करते हैं। मिली जानकारी के अनुसार 15 बीघा जमीन में धान की फसल थी जिनमें करीब दो हजार बोझा धान की फसल रखा हुआ था। धान के बोझे में आग लगने की जानकारी जैसे ही लोगों को मिली तुरंत दमकल विभाग को सूचना दिया गया। दमकल की तीन गाड़ियां तत्काल मौके पर पहुंची और गांव वालों के सहयोग से काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका तबतक धान का सभी बोझा जलकर खाक हो चुका था।वैसे आग लगने का कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है। वहीं आग लगने से लाखों रुपये का नुकसान होना बताया जा रहा है।

# अभियान बसेरा-2 के तहत 78 लाभुकों को मिला बंदोबस्ती पर्चा

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**



जिलाधिकारी विशाल कुमार राज की अध्यक्षता में अभियान बसेराझ्र2 के अंतर्गत किशनगंज, पोठिया एवं कोचाधामन प्रखंडों के कुल 78 सुयोग्य लाभुकों के बीच बंदोबस्ती पर्चा का वितरण किया गया।इस अवसर पर जिलाधिकारी ने लाभुकों को नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए स्पष्ट किया कि बंदोबस्ती की गई भूमि बिक्री योग्य नहीं है तथा इसके विक्रय की स्थिति में भूमि स्वतः सरकार के अधीन चली जाएगी। कार्यक्रम में अपर समाहर्ता अमरेन्द्र कुमार पंकज, अनुमंडल पदाधिकारी अनिकेत कुमार सिंह, कोचाधामन, पोठिया एवं किशनगंज के अंचलाधिकारी राहुल कुमार, राजस्व कर्मचारी संजीत कुमार सहित अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे। जिला प्रशासन ने बताया कि अभियान बसेरा-2 के तहत भूमिहीन पात्र परिवारों को वैधानिक भूमि अधिकार प्रदान करने की प्रक्रिया निरंतर जारी है।

# पोठिया थाना में जनता दरबार व पुलिस-पब्लिक जनसंवाद आयोजित

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

बिहार पुलिस मुख्यालय के निदेशानुसार पुलिस अधीक्षक किशनगंज सागर कुमार झा, आईपीएस द्वारा शुक्रवार को पोठिया थाना परिसर में जनता दरबार एवं पुलिसझ्रपब्लिक जनसंवाद का आयोजन किया गया।

इस दौरान आमजन की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए उनके त्वरित



समाधान के निर्देश संबंधित पदाधिकारियों को दिए गए। पुलिस अधीक्षक ने महिलाओं एवं बच्चियों से जुड़े अपराधों पर कड़ी कार्रवाई करने के साथ-साथ शराब व पशु तस्करी सहित सभी अवैध गतिविधियों पर सख्त निगरानी रखने का निर्देश दिया।

उन्होंने सीमावर्ती एवं संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरतने, नियमित वाहन जांच करने तथा पुलिसझ्रजन सहयोग को और मजबूत करने पर जोर दिया। कार्यक्रम के दौरान थाना के पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

# जिले की हर पंचायत में पशु चिकित्सा शिविर, पशुपालकों को मिलेगा त्वरित लाभ

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**



जिले के पशुपालकों को सुलभ एवं त्वरित पशु चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रत्येक प्रखंड में मोबाइल वेटरनरी यूनिट (एमवीयू) के माध्यम से नियमित रूप से पशु चिकित्सा शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत प्रत्येक कार्यदिवस को चयनित दो-दो गांवों में पशु चिकित्सा सेवाएं दी जा रही हैं।

जिला प्रशासन ने बताया कि यह शिविर संबंधित प्रखंडों के भ्रमणशील पशु चिकित्सा पदाधिकारियों द्वारा तैयार साप्ताहिक कार्यक्रम के अनुसार संचालित किए जा रहे हैं। सप्ताह 5 जनवरी से 10 जनवरी 2026 तक जिले के सभी प्रखंडों की विभिन्न पंचायतों में शिविर आयोजित होंगे। इसके अलावा पशुओं की आकस्मिक चिकित्सा सुविधा के लिए टोल फ्री नंबर 1962 भी उपलब्ध कराया गया है, जिस पर कॉल कर पशुपालक सहायता प्राप्त कर सकते हैं।

जिला प्रशासन ने सभी पशुपालकों से अपील की है कि वे अपने नजदीकी पंचायत में आयोजित पशु चिकित्सा शिविरों का लाभ उठाएं तथा पशुओं के स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहें।

# पटना में सड़क किनारे खड़ी ऑटो में बस ने मारी टक्कर, एक कि मौत

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के बिक्रम-पालीगंज मार्ग पर अख्तियारपुर मझौली गांव के पास सड़क किनारे खड़े एक टेंपो को तेज रफ्तार बस ने टक्कर मार दी। हादसे में टेंपो सवार एक व्यक्ति की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि तीन अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार की सुबह क्षेत्र में घना कोहरा छाया हुआ था जिससे दृश्यता बेहद कम हो गई थी। टेंपो सवार सभी यात्री पालीगंज से बिक्रम की ओर जा रहे थे। इसी दौरान कोहरे के कारण टेंपो चालक ने वाहन को सड़क किनारे रोक दिया और शीशा साफ करने लगा। तभी बिक्रम की ओर से आ रही एक अज्ञात बस ने नियंत्रण खोते हुए खड़े टेंपो में जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में



टेंपो बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और उसमें सवार यात्रियों व चालक को गंभीर चोटें आईं। वही एक व्यक्ति की मौत हो गयी। हादसे के तुरंत बाद स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और घायलों को बाहर निकालने में मदद की। सूचना मिलते ही पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची और घायलों को एंबुलेंस के जरिए बिक्रम प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया जहां उनका इलाज किया गया। इस दुर्घटना में मृतक की पहचान पालीगंज थाना क्षेत्र के मखमिलपुर गांव निवासी कन्हैया कुमार के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि कन्हैया कुमार टेंपो से बिहटा की ओर जा रहे थे। डॉक्टरों ने उन्हें अस्पताल पहुंचते ही मृत घोषित कर दिया। घटना को लेकर स्थानीय लोगों में आक्रोश है। उनका कहना है कि कोहरे के समय तेज रफ्तार और लापरवाह ड्राइविंग के कारण इस तरह के हादसे लगातार बढ़ रहे हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि कोहरे के मौसम में भारी वाहनों की गति पर सख्ती से नियंत्रण किया जाए और सड़क सुरक्षा के लिए उचित इंतजाम किए जाएं। मामले की पुष्टि करते हुए थानाध्यक्ष प्रभात कुमार ने बताया कि मझौली गांव के पास बस और टेंपो की टक्कर में एक व्यक्ति की मौत हुई है, जबकि कई लोग घायल हैं। उन्होंने कहा कि दुर्घटना के बाद बस चालक वाहन लेकर फरार हो गया, जिसकी तलाश के लिए पुलिस की टीम लगातार छापेमारी कर रही है। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए हैं और मामले की जांच शुरू कर दी गई है। साथ ही, मार्ग पर यातायात को नियंत्रित कर सामान्य आवागमन बहाल किया गया। प्रशासन ने वाहन चालकों से कोहरे के समय विशेष सावधानी बरतने, कम गति में वाहन चलाने और फॉग लाइट का उपयोग करने की अपील की है।